✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 122 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 27 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में स्कूली छात्रों एवं उनके अभिभावकों से संवाद करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### जनसुराज पार्टी ने बदला प्रत्याशी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनसुराज पार्टी ने तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव के लिए श्याम नंदन यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उनके नाम की घोषणा की। श्याम नंदन यादव जनसुराज से पहले राष्ट्रीय जनता दल में थे। जनसुराज में शामिल होने के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले जनसुराज ने भूषण कुमार झा को उम्मीदवार बनाया था लेकिन एक दिन पहले ही उन्होंने जनसुराज छोड़ दिया और निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया था।

### सर्पदंश से दो बेटों की मौत, मां गंभीर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** फुलवारी शरीफ प्रखंड की सकरैचा पंचायत स्थित सोताचक मुसहरी में शनिवार की सुबह विषधर सांप के डसने से एक परिवार के दो बेटों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान मोहित कुमार और वेधु राज के रूप में हुई है। उनकी मां शकुंतला देवी की हालत गंभीर है और वह पटना एम्स में वेंटिलेटर पर इलाजरत हैं। घटना के बाद कुछ समय तक उनकी मौत की सूचना भी फैल गयी थी लेकिन बाद में उनके होश में आने की जानकारी सामने आयी।

### राजद सांसद मीसा भारती के खिलाफ प्राथमिकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जमुई छेड़खानी मामले के बाद प्रदेश में राजनीतिक रूप से आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। पीड़ित छात्रा और परिजनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल की सांसद मीसा भारती की मुश्किलें बढ़ने वाली है। दरअसल जमुई की घटना को लेकर भाजपा नेत्री शीला पंडित की ओर से मीसा भारती के खिलाफ सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मीसा भारती ने जमुई की पीड़ित नाबालिग बच्ची के परिवार की तस्वीर को इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से प्रसारित किया है।

### छात्राओं से की गंदी हरकत, दो निलंबित

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जमुई, समस्तीपुर, बांका और किशनगंज में बेटियों के साथ हैवानों जैसी हरकत की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी है कि मुजफ्फरपुर के एक स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्रा से गंदी हरकत का शर्मसार करने वाला कांड उजागर हुआ है। करीब आठ माह से आरोपी शिक्षक नाबालिग छात्राओं से बदसलूकी कर रहा था। मामला उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ा ऐक्शन लिया है। आरोपी शिक्षक के साथ-साथ स्कूल की महिला प्रधानाध्यापक को भी सस्पेंड कर दिया गया है। मामला जिले के पारू प्रखंड के लालू छपरा मध्य विद्यालय का है।

भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

# सीमावर्ती क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मिलकर काम करेगी केन्द्र एवं राज्य सरकार : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित संवाद में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न विषयों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी शामिल हुये। बैठक में सीमा सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की



अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिये एसएसबी, बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ, फर्जी दस्तावेजों, नकली मुद्रा, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखा जाय। सीमावर्ती बैंकों में नकली नोटों की पहचान के लिए आवश्यक मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय लेन-देन एवं फर्जी अथवा संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई हो। केंद्र सरकार के नशामुक्त भारत 2029 के लक्ष्य के अनुरूप मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि सीमा क्षेत्र से नशीले पदार्थों की आवाजाही रोकी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की केंद्रीय सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के साथ नियमित मासिक समन्वय बैठक हो। सीमावर्ती क्षेत्रों में गैर-पंजीकृत धार्मिक स्थलों की पहचान कर प्रचलित कानून एवं नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करें। संवेदनशील क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# घर में आग लगने से दो की मौत, युवती गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत मियांबिगहा स्थित एक घर में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची कासमा पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। इसके बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मृतकों की पहचान मियां बिगहा निवासी 50 वर्षीय मो. सलीम एवं गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के बुधपुर गांव निवासी मो. तोहिद की 18 वर्षीय पुत्री आफरीन परवीन के रूप में की गई है। वहीं 16 वर्षीय पुत्री चांदनी परवीन गंभीर रूप से जख्मी है। बताया गया कि दोनों बहनें पिछले पांच-छह वर्षों से अपनी फुआ के घर मियां बिगहा में रह रही थीं। ग्रामीण शदाब आलम के अनुसार पारिवारिक विवाद को लेकर मो. सलीम और उनके बड़े पुत्र इश्तेखार के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते इश्तेखार ने घर में आग लगा दी जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि आग लगाने के कारणों और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की पुलिस जांच कर रही है। गंभीर रूप से घायल चांदनी परवीन का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया में किया जा रहा है। घटना की सूचना पर मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदित्य कुमार, रफीगंज सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, कासमा थानाध्यक्ष रुपेश कुमार, एसआई अवधेश कुमार, एसआई नवीन कुमार और एएसआई शेख शेरे अली समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है। इस दौरान पता चला कि मृतक सलीम अपने साले की दोनों पुत्रियों को घर में रखे हुए थे, इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। घर में आग कैसे लगी और इसके पीछे क्या कारण है। इसकी जांच की जा रही है।

# औरंगाबाद में जंगल से ढाई किलो का आइइडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सुरक्षा बलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण नक्सलियों की एक बड़ी और हिंसक साजिश समय रहते नाकाम हो गई। यह कार्रवाई मदनपुर प्रखंड के आंजन थाना अंतर्गत पचरुखिया जंगल के करिबा डोभा पहाड़ में जिला बल एवं सीआरपीएफ बटालियन 47 एफ के संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त आपरेशन में की गई। इस दौरान एक शक्तिशाली विस्फोटक आईईडी सुरक्षा बलों ने बरामद किया जिसे मौके पर ही सुरक्षित डिफ्यूज कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस बम को नक्सलियों ने पहाड़ की चट्टानों के नीचे जमीन में गहरे दबाकर प्रेशर कुकर के जरिए प्लांट किया था। सुरक्षा बल और जिला पुलिस के जवान लगातार क्षेत्र में सर्च अभियान



चला रहे हैं ताकि नक्सलियों की हर गतिविधि को रोका जा सके। इसी क्रम में उस जगह से ढाई किलो ग्राम का एक आईईडी बरामद किया गया जिसे सुरक्षित यथास्थान विस्फोट करा के विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के लिए माइंस लगाया था जिसे सुरक्षित डिफ्यूज कर दिया गया है। नक्सलियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा ताकि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना छात्रों का अधिकार : सूर्यकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना छात्रों का अधिकार है और न्यायपालिका इस अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह कहना है सीजेआई सूर्यकांत का। पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कानून के छात्रों के साथ खुला संवाद किया। इस दौरान उन्होंने यह बयान दिया। इसके साथ ही सीजेआई ने कहा कि यदि पुलिस या प्रशासन बल प्रयोग कर छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास करता है तो अदालतें कतई मूकदर्शक नहीं रहेंगी। दरअसल कार्यक्रम में एक छात्रा ने शांतिपूर्ण छात्र प्रदर्शनों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल किया था। कहा जा रहा है कि छात्रा का यह सवाल हाल ही में नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर किया गया था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने



न्यायपालिका, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा और वकालत से जुड़े कई मुद्दों पर सीधे सवाल पूछे। कॉलेजियम बैठकों में होने वाले मतभेदों को सार्वजनिक न किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर सीजेआइ सूर्यकांत ने कहा कि अगर ऐसी जानकारियां सार्वजनिक की जाएं तो संबंधित व्यक्ति की स्थिति कठिन हो सकती है। इसलिए कुछ मामलों में गोपनीयता बनाए रखना जरूरी होता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने पटना स्थित बिहार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण में देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक 'ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन' का शुभारंभ किया गया। मौके पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पीड़ित अधिकार केंद्र का काफी बड़ा महत्व है। आम पीड़ितों तक न्याय पहुंचाने का दायित्व इस पीड़ित अधिकार केंद्र का है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसे लोग जो खुद न्यायिक व्यवस्था को नहीं जानते, उन तक न्याय व्यवस्था का खुद पहुंचना संवैधानिक दायित्व है। उनके लिए कानूनी सहायता, सलाह, चिकित्सीय सहायता, पुनर्वास, क्षतिपूर्ति व अन्य समस्यायों का समाधान पीड़ित अधिकार केंद्र के तहत दिया जाना सकारात्मक कदम है। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव ने अपने संबोधन में इस पीड़ित अधिकार केंद्र की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीड़ितों तक न्याय का पहुंचना बहुत आवश्यक है। ऐसा नहीं होने पर जानकारी, संसाधन के अभाव में वे न्याय से वंचित रह जायेंगे।

# कानून-व्यवस्था पर बिहार पुलिस का प्लान, जिलों में प्रभारी आइपीएस की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एडीजी से लेकर डीआईजी स्तर के 36 पुलिस पदाधिकारियों को 40 पुलिस जिलों का प्रभारी व नोडल पदाधिकारी नामित किया है। नयी व्यवस्था में एडीजी (विधि व्यवस्था) केएस अनुपम को पटना जबकि एडीजी (बी-सैप) नैय्यर हसनैन खान को मुजफ्फरपुर का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इनके अलावा एडीजी आर मलार विझि को नालंदा, एडीजी ईओयू डॉ. अमित कुमार जैन को वैशाली, एडीजी एसवीयू सुधांशु कुमार को दरभंगा की कमान मिली है। चार अफसरों को दो-दो जिलों की जिम्मेदारी दी गयी है। मुख्यालय ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को जिला का आवंटन करते हुए 27 सितंबर तक अपने आवंटित जिले का निरीक्षण पूरा करते हुए डीजीपी प्रीता वर्मा को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यालय के मुताबिक एडीजी रेल डॉ. कमल किशोर सिंह को समस्तीपुर, एडीजी सीआईडी पारसनाथ को मुंगेर, एडीजी आधुनिकीकरण अजिताभ कुमार को गोपालगंज, एडीजी तकनीकी सेवाएं अमित लोढ़ा को लखीसराय व शेखपुरा, एडीजी एटीएस अमृत राज को भोजपुर, आईजी (एससीआरबी) राजेश कुमार को पूर्णिया, आईजी (प्रोविजन) पी कन्नन को सारण, आईजी प्रशिक्षण अनुसूया रणसिंह साहू को औरंगाबाद, आईजी रेल पंकज कुमार राज को भागलपुर और नवगछिया, आईजी मद्य निषेध प्रेमलथा को जहानाबाद, आईजी सीआईडी और सीसीएसयू रंजीत कुमार मिश्रा को मधुबनी, आईजी मुख्यालय मनोज कुमार को गया जी, आईजी विशेष शाखा संजय कुमार को बेतिया और बगहा, डीआईजी सीआईडी जयंत कांत को कटिहार, डीआईजी ईओयू मानवजीत सिंह ढिल्लन को रोहतास, डीआईजी विशेष शाखा हरप्रीत कौर को कैमूर, डीआईजी बी-सैप मीनू कुमारी को बेगूसराय, डीआईजी एससीआरबी सुधीर पोरिका को खगड़िया, डीआईजी आधुनिकीकरण तौहिद परवेज को किशनगंज, डीआईजी (विधि एवं मानवाधिकार) सुशील कुमार को शिवहर, डीआईजी मद्य निषेध अनिल कुमार को सहरसा, डीआईजी कार्मिक राजेंद्र कुमार भील को मधेपुरा, डीआईजी (विधि व्यवस्था) आनंद कुमार को मोतिहारी का प्रभारी पुलिस बनाया गया है। डीआईजी साइबर अवकाश कुमार को सीतामढ़ी, डीआईजी सीआईडी दीपक रंजन को बक्सर, डीआईजी इनामुल हक मेंगनू को जमुई, डीआईजी एसयूवी आमिर जावेद को सीवान, डीआईजी प्रशिक्षण राजीव रंजन एक को बांका, डीआईजी ईआरएसएस अजय कुमार पांडेय को अरवल एवं नवादा, डीआईजी एसटीएफ नीरज कुमार सिंह को अररिया और डीआईजी एटीएस सुशांत कुमार सरोज को सुपौल जिले को प्रभारी पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है।

# बिहार राज्य पुल निर्माण एवं पथ विकास निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपा चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड ने 2.5 करोड़ रूपये तथा बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड ने 02 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद कक्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी। समाज के सक्षम लोगों की सहभागिता से राहत एवं सहायता के कार्यों को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार एवं बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल उपस्थित थे।






# सड़कों के बेहतर रख-रखाव से सुगम एवं सुरक्षित होगा आवागमन : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को सचिवालय स्थित संवाद में 10590.5328 करोड़ रूपये की लागत से कुल 13033 किलोमीटर राज्य उच्च पथों एवं वृहद जिला पथों का 66 पैकेजों में दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियां अनुरक्षण संविदा प्रणाली के तृतीय चरण में वर्ष 2026 से 2033 तक (7 वर्षों) संधारण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सड़क अनुरक्षण व्यवस्था को मजबूती और नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि ओपीआरएमसी के तीसरे चरण में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ अगले सात वर्षों में उनके नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। दीपावली तक इस कार्य का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन शुरू करें। श्री चौधरी ने कहा कि ओपीआरएमसी फेज-3 में आधुनिक



तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़कों की निगरानी और प्रभावी ढंग से हो सकेगी। ओवरलोड वाहन किसी भी पुल पर न चले, इसे सुनिश्चित करें। ग्रामीण सड़कों पर भी ओवरलोड वाहन न चलायी जाय, इसके लिये ग्रामीण कार्य विभाग को भी कहा गया है। सभी सड़कों के मेंटेनेंस को लेकर मासिक रिपोर्ट उपलब्ध रखें। प्रत्येक किलोमीटर पर सड़कों की क्या स्थिति है, इसकी बेहतर निगरानी हो। जिला मुख्यालय, प्रखंड स्तर तक के पथों को मेंटेन रखना है। सड़कें मेंटेन होंगी, व्यवस्थित होंगीं तो लोगों को इससे सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेहतर पथ और पुलों का निर्माण कराया है, उसे मेंटेन रखना है। राज्य के सुदूर इलाके से पटना पहुंचने पांचे 5 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। अब चार घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। बेहतर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ उसका रखरखाव भी उतना ही जरूरी है। सड़कें सुरक्षित एवं सुगम होंगी तो इसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ओपीआरएमसी पर आधारित एक लघुफिल्म प्रदर्शित की गयी और पुस्तिका का लोकार्पण भी किया गया। मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल एवं संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों की पढ़ाई में सहभागी बनने की शिक्षा मंत्री की अपील

## अभिभावकों से सीधी बात में बोले-बच्चों की पढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया में नियमित सहभागी बनें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अभिभावकों से कहा कि सिर्फ बच्चों को स्कूल भेज देने से आपकी ड्यूटी खत्म नहीं हो जाती। बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में अभिभावकों की नियमित भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखें, उनसे संवाद करें और उनकी समस्याओं को समझें। स्कूल और परिवार के बीच बेहतर तालमेल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। शनिवार को दानापुर के रामजीचक स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' राज्यव्यापी अभियान और अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के बाद शिक्षा मंत्री ने विद्यालय पहुंचे अभिभावकों से सीधी बात की। उन्होंने एक-एक कर उनकी समस्याओं को जाना और समाधान का भरोसा दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को स्कूल की जिम्मेदारी न समझें। घर में भी बच्चों के सीखने के लिए सकारात्मक माहौल बनाएं। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में बात करें और किसी तरह की परेशानी होने पर शिक्षकों से संवाद करें। शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में लगी 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों को देखा और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री तिवारी ने बच्चियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हैमिल्टन में विकसित भारत रन में शामिल हुए डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में भारतीय समुदाय और भारत के मित्रों को फिटनेस, सामुदायिक एकता और सेवा की भावना से जोड़ने के उद्देश्य से 'विकसित भारत रन 2026ऽसेवा पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की उपस्थिति में भारत के महावाणिज्य दूतावास, ऑकलैंड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के 100 से अधिक सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. मदन मोहन सेठी और काउंसल संजीव कुमार भी शामिल हुए और समुदाय के सदस्यों के साथ रन में भाग लिया। लेक कैनुई, 421ए लेक रोड, हॉर्शम डाउन्स, हैमिल्टन में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित रन के दौरान मौसम बादलों से घिरा रहा और बारिश की संभावना भी बनी रही। इसके बावजूद प्रतिभागियों का उत्साह कम नहीं हुआ। भारतीय समुदाय के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी अलग-अलग समूहों में और अलग-अलग समय पर रन में हिस्सा लिया। इससे पूरा आयोजन जीवंत सामुदायिक कार्यक्रम में बदल गया। कार्यक्रम ने लोगों को रोजमर्रा की व्यस्तताओं से अलग एक साथ आने और स्वास्थ्य, एकजुटता तथा सेवा की भावना से जुड़ने का अवसर दिया। सामुदायिक नेताओं और भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्यों ने भी आयोजन की सफलता में सहयोग किया। बाला भास्कर, डॉ. लक्ष्मी और विनय सहित अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में योगदान दिया। विकसित भारत रन 2026 ने हैमिल्टन में भारतीय समुदाय की सामूहिक भावना, सद्भावना और सेवा पखवाड़ा की भावना को मजबूत सामुदायिक आयाम प्रदान किया।

# महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया धनबाद मंडल के विभिन्न कोल साइडिंगों का निरीक्षण

## निर्बाध कोल परिवहन हेतु एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा शक्तिनगर-कृष्णशिला-महदिया-सिगरौली-ओबरा डैम रेलखंड का एवं विभिन्न कोल साईडिंगो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल एवं सिंगरौली के अधिकारियों के साथ सुगम माल परिवहन तथा खदानों से बेहतर रेल कनेक्टिविटी के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक की गयी। महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध माल परिवहन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में माल ढुलाई की कार्यक्षमता बढ़ाने, परिचालन को सुचारु बनाए रखने तथा सुरक्षित माल परिवहन को और सुदृढ़ करने से जुड़े बिंदुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा कृष्णशीला स्टेशन एवं पॉइंट क्रॉसिंग का निरीक्षण कर वहां की परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा महदिया कोल साइडिंग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साइडिंग में माल लदान एवं परिचालन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा सुरक्षित एवं सुचारु माल परिवहन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोयला परिवहन, माल ढुलाई की सुगमता, परिचालन दक्षता तथा सुरक्षित एवं निर्बाध माल परिवहन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा की गई। महाप्रबंधक द्वारा सिंगरौली स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# दिवंगत रेलकर्मी के आश्रित को तीन दिनों में सेटलमेंट देयकों का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग के निर्देश एवं मार्गदर्शन में कार्मिक एवं वित्त विभाग के समन्वित प्रयासों से ड्यूटी के दौरान रन ओवर दुर्घटना में दिवंगत रेलकर्मी के आश्रित परिवार को मात्र तीन दिनों में सेटलमेंट देयकों का भुगतान सुनिश्चित किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में कार्यरत अलख देव यादव, तकनीशियन-1/टीआरडी की 22 सितंबर 2026 को ड्यूटी के दौरान रन ओवर दुर्घटना में दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी। कार्मिक एवं वित्त विभाग की तत्परता एवं समन्वय से 25 सितंबर 2026 को उनकी पत्नी को सेटलमेंट देयकों का भुगतान कर दिया गया।

# जीकेसी की ग्लोबल वर्किंग कमिटी में देश-विदेश के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) ने संगठन के वैश्विक विस्तार और बेहतर समन्वय के उद्देश्य से ग्लोबल वर्किंग कमिटी का गठन किया है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कमिटी की सूची जारी करते हुए भारत के विभिन्न राज्यों के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, ब्राजील और अफ्रीका में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। रागिनी रंजन (पटना) को मैनेजिंग ट्रस्टी, नवीन कुमार को अध्यक्ष-सीसीसीआई तथा आलोक कुमार सिन्हा, कुमार शिशिर सिन्हा, आलोक अविरल और दीपक अभिषेक को उपाध्यक्ष बनाया गया है। निष्का रंजन को सीएफओ, गौतम कुमार को सचिव और शुभ्रांशु श्रीवास्तव को संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं मेजर जनरल अनुज माथुर को वेटेरंस सेल, अंजन श्रीवास्तव को आर्ट एंड कल्चर सेल तथा अवनीश श्रीवास्तव को लीगल एंड कॉरपोरेट सेल का अध्यक्ष बनाया गया है। मितेश कर्ण को ग्लोबल कोऑर्डिनेटर और सौरभ श्रीवास्तव को डिजिटल टेक्नोलॉजी का महासचिव बनाया गया है। विदेशों में डॉ. राजय नारायण को यूरोप, आलोक कुमार सिन्हा को अमेरिका, देविका माथुर को फ्लोरिडा, मितेश कर्ण को यूएई, डॉ. पूनम कर्ण को नेपाल, अवधेश माथुर को लैटिन अमेरिका, ज्योति कुमार माथुर को ऑस्ट्रेलिया, डॉ. आस्था माथुर को जर्मनी, रितेश कुमार को कनाडा और अभिषेक श्रीवास्तव को घाना का अध्यक्ष बनाया गया है। राजीव रंजन प्रसाद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कमिटी से देश-विदेश में संगठन की गतिविधियों को बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# मालगाड़ियों के खाली रेक के वैगनों की सफाई से संबंधित कार्य आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** माल परिवहन से संबंधित सेवाओं को बेहतर बनाने तथा रेल परिचालन एवं अनुरक्षण व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा निविदा के माध्यम से मालगाड़ियों के खाली रेक के वैगनों की सफाई से संबंधित कार्य आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। धनबाद मंडल के पतरातू, पाथरडीह, बरवाडीह एवं ओबरा में खाली माल रेक के परीक्षण के दौरान बीओबीआरएन, बीओएक्सएन एवं बीओएसटी प्रकार के वैगनों की सफाई, सफाई के दौरान निकलने वाले अवशेष पदार्थों का समुचित निस्तारण तथा सफाई कार्य के उपरांत वैगनों के दरवाजों को बंद करने से संबंधित कार्य के लिए कार्य आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। अर्निंग आधारित इस निविदा से रेलवे को अगले तीन वर्षों में लगभग 19.17 करोड़ रूपए की राजस्व राशि प्राप्त होगी। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा माल वैगनों की सफाई एवं अनुरक्षण से संबंधित कार्यों को सुव्यवस्थित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे माल रेक की जांच एवं अनुरक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ रेल परिचालन में बेहतर कार्य-व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

# नेपाल में भारी बारिश के मद्देनजर बिहार में हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के साथ-साथ नेपाल में भारी बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश की वजह से बिहार में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई लेवल बैठक भी की गई है। इसके बाद अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं। नेपाल के तराई इलाके में गंडक नदी के कैंचमेंट एरिया में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बिहार में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सीमावर्ती गंडक, बागमती और कोसी नदी सिस्टम से जुड़े संवेदनशील जिलों में प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी जरुरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित सीतामढ़ी, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सारण, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, कटिहार, खगड़िया और बेगूसराय जिलों के जिलाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। अन्य अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बारिश की स्थिति को देखते हुए सीतामढ़ी, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सारण, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, कटिहार, खगड़िया और बेगूसराय सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन को नदी के जलस्तर और प्रवाह, निचले इलाकों, तटबंधों, नदी किनारे बसे गांवों, पुल-पुलियों और संपर्क मार्गों की लगातार निगरानी करने को कहा गया है। कोसी नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद, कोसी नदी के आसपास स्थित जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिहार में पशु चिकित्सा अधिकारी के लिए 787 पदों पर भर्ती की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने टूरिंग वेटरनरी ऑफिसर और समकक्ष पदों के लिए 787 रिक्तियों की घोषणा की है। यह भर्ती बिहार पशु सेवा, पशुपालन और मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 23 अक्टूबर 2026 तक बीटीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों और बिहार के पशु चिकित्सा कॉलेजों से पढ़ाई करने वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बिहार पशु चिकित्सा परिषद के साथ स्थायी पंजीकरण अनिवार्य है। सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, मार्कशीट और पंजीकरण प्रमाण पत्र 23 अक्टूबर 2026 से पहले जारी होने चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2026 को कम से कम 21 वर्ष होनी चाहिए। अनारक्षित पुरुष उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष, अनारक्षित महिला उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष, बीसी/इबीसी श्रेणी के पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष, और एससी/एसटी श्रेणी के पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 42 वर्ष है।

# बिहार में 'बेटी बचाओ' का नारा खोखला साबित, बेटियों की सुरक्षा पर सरकार विफल : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आज सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार में महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया, उसी बिहार में आज बेटियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं।

राजेश राम ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बिहार में 'बेटियों पर अत्याचार' में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। जमुई की घटना में पीड़िता और उसके परिवार के साथ जो हुआ, वह बेहद गंभीर है। यौन अपराधों के मामलों में पीड़िता की पहचान और निजता की रक्षा की जानी चाहिए। ऐसे में यदि किसी सरकारी अथवा मुख्यमंत्री से जुड़े सोशल मीडिया हैंडल से पीड़ित परिवार से संबंधित सामग्री प्रसारित की गई है तो इसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या कानून आम जनता के लिए अलग और सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग है। यदि किसी आम नागरिक पर ऐसी स्थिति में कार्रवाई हो सकती है तो सत्ता के शीर्ष स्तर से हुई ऐसी कार्रवाई की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। राजेश राम ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें अपराधियों के रील बनाने के बाद पकड़े जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि क्या बिहार में अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस को उनके रील बनाने का इंतजार करना पड़ेगा। बिहार को रील नहीं, कानून का राज चाहिए। बिहार युवा कांग्रेस के सचिव एवं बिहार प्रभारी पुनीत सिंह पारिया ने कहा कि जमुई की घटना के विरोध में युवा कांग्रेस के साथी नवीन ने प्रदर्शन किया।

# इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो का आयोजन आज

## एक दिन पहले ही पहुंचे डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बहुप्रतीक्षित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो 2026' का आयोजन 27 सितंबर 2026 को कोहिनूर कॉन्टिनेंटल होटल, अंधेरी ईस्ट, मुंबई में होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के समारोह में शिक्षाविद् एवं कौशल विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह से एक दिन पहले ही 26 सितंबर की सुबह की फ्लाइट से डॉ. आनंद रंजन झा मुंबई पहुंच चुके हैं। मुंबई पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी तस्वीर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। उनके मुंबई पहुंचने की खबर सामने आने के बाद कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर एवं बिजनेस कोच सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के निदेशक अमजद साठे सहित कई प्रमुख व्यक्तित्वों की उपस्थिति रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. आनंद रंजन झा को इन प्रमुख व्यक्तित्वों द्वारा सम्मानित किया जाना है। डॉ. आनंद रंजन झा कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा, वैशाली, बिहार के निदेशक/संस्थापक हैं।

# एसआइआर को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने का कर रहा काम : संजय सरावगी

## मृत, स्थानांतरित और दोहरी प्रविष्टियों वाले नाम हटना स्वाभाविक, फर्जी मतदान को मिलेगा विराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने एसआईआर को लेकर विपक्ष के विरोध पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार भ्रम और अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कहीं से भी उचित नहीं है। निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है तथा उसकी चुनावी प्रक्रिया पर निराधार सवाल उठाना लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास है। संजय सरावगी ने कहा कि आंतरिक विचार-विमर्श में अलग-अलग सुझाव आ सकते हैं, लेकिन अंततः निर्णय सर्वसम्मति से होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने और लोगों के मन में अविश्वास पैदा करने की कोशिश शुरू हो जाती है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है। आयोग ने बिहार में एसआईआर के दौरान राजनीतिक दलों के साथ बैठकें करने और मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा अन्य कारणों से सत्यापन नहीं हो पाने वाले नामों की सूची साझा करने की बात कही थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में भी चुनाव हुए हैं। कर्नाटक में चुनाव के समय भाजपा की सरकार थी तो वहां मतदाता सूची को लेकर गड़बड़ी का सवाल क्यों नहीं उठाया गया? उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह भी बताना चाहिए कि जिन सीटों पर वह चुनाव जीतता है वहां एसआईआर में गड़बड़ी क्यों नहीं होती। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में नाम हटाए गए और विपक्षी दलों ने कई सीटों पर जीत दर्ज की। ऐसे में हर चुनावी प्रक्रिया पर संदेह खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष द्वारा संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना अब उनकी राजनीति का हिस्सा बन गया है, लेकिन जनता सब समझ रही है। सरावगी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें देश के लोग गंभीरता से कब लेते हैं क्या राहुल गांधी को इन मामलों की पूरी जानकारी भी रहती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हों या विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के बजाय उन्हें तथ्यों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम दो बार दर्ज हैं जिनका निधन हो चुका है या जो स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर चले गए हैं, ऐसे मामलों में मतदाता सूची का सत्यापन और आवश्यक सुधार स्वाभाविक प्रक्रिया है।

# सोनपुर मंडल में स्वच्छ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से चला जा रहा स्पेशल ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में सुरक्षित, साफ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु सोनपुर मंडल में पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है। इसी कड़ी में वाटर टैंकों के सफाई हेतु सोनपुर मंडल में 20.08.2026 से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी सहित सभी 3363 पानी के टैंकों की सफाई की जानी है। इनमें से अब तक 1953 पानी के टैंकों को साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है। बाकी टैंकों पर तेजी से काम पूरा करने के लिए कड़ी नजर रखी जा रही है। हाजीपुर एवं गढ़हरा में ऑटोमैटिक क्लोरीनीकरण प्लांट कार्य कर रहा है तथा अन्य लोकेशनों पर प्रस्तावित है। साथ ही थाना बिहपुर स्टेशन पर आयरन रिमूवल प्लांट कार्य कर रहा है तथा मानसी, खगड़िया, नवगछिया, गढ़हरा, बेगुसराय एवं बरौनी सहित अन्य स्टेशनों पर आयरन रिमूवल प्लांट स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

# हाथ से काम करें, जीवन की समस्याओं को समझें, तभी बनेंगे इनोवेटर : प्रो. प्रभात रंजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दानापुर।** भारत सरकार के पूर्व कार्यकारी निदेशक और प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. प्रभात रंजन ने विद्यार्थियों से कहा कि एआई के इस दौर में आगे बढ़ने के लिए खुद को लगातार अपडेट करना और तकनीक का सकारात्मक उपयोग करना जरूरी है। वे दानापुर स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला 'यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। प्रो. रंजन ने कहा आज का दौर तकनीक और एआई का दौर है। दैनिक जीवन से लेकर अनुसंधान तक हर क्षेत्र में एआई सबसे महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। विद्यार्थियों को समय की मांग समझते हुए एआई का अध्ययन करना चाहिए और निरंतर खुद को अपडेट करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल तकनीक पर निर्भर रहना काफी नहीं है। बच्चों को अपने हाथों से काम करना चाहिए, तभी वे उच्च स्तर के वैज्ञानिक या इनोवेटर बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आम जीवन की समस्याओं का गहराई से अध्ययन करने की सलाह दी और कहा कि बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान वहीं से निकलता है। इससे पहले विद्यालय के चेयरमैन विजय प्रकाश ने मुख्य अतिथि का स्वागत और परिचय कराया। उन्होंने समाज और राष्ट्र निर्माण में वैज्ञानिकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही प्रगति की असली कुंजी है। प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रो. रंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि कार्यशाला में मिले सुझावों को केवल सुनना नहीं, बल्कि अपने जीवन और पढ़ाई में उतारना है। उन्होंने तकनीक के जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग पर विशेष बल दिया। कार्यशाला में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल रुपए अपनाने को बढ़ावा देने के लिए पांच इनोवेशन किए पेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने कंज्यूमर और कॉर्पोरेट इकोसिस्टम में भारत की सॉवरेन डिजिटल करेंसी डिजिटल रुपया की पहुंच बढ़ाने के लिए पांच नए यूज केस पेश किए। पिछले हफ्ते एक इंडस्ट्री फोरम में पेश की गई इन पहलों में प्रैक्टिकल यूटिलिटी, रेगुलेटरी कम्प्लायंस और बेहतर एक्सेसिबिलिटी पर जोर दिया गया है। प्रमुख इनोवेशन में क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स को डिजिटल रुपए में रिडीम करना, कस्टमर प्रमोशन के लिए डिजिटल रुपया गिफ्ट वाउचर, तथा कर्मचारियों के भोजन, ईंधन और यात्रा भत्तों व प्रतिपूर्ति के लिए डिजिटल रुपया कॉर्पोरेट पोर्टल शामिल हैं। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक ने भीम के माध्यम से डिजिटल रुपया वॉलेट की उपलब्धता और इन-फ्लाइट भुगतान के लिए ऑफलाइन सीबीडीसी का भी प्रदर्शन किया। इन पहलों के जरिए रोजमर्रा के भुगतान, कॉर्पोरेट डिस्बर्समेंट, प्रोग्रामेबल पेमेंट्स और ऑफलाइन लेनदेन में डिजिटल रुपए के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

# बालकेश्वर प्रसाद स्मृति ओपन शतरंज प्रतियोगिता अब सात अक्टूबर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल बिहार शतरंज संघ द्वारा मान्यता प्राप्त एम.वी.पी. चेस क्लब, पटना द्वारा 26 सितंबर 2026 से आयोजित होने वाली आठवीं बल्केश्वर प्रसाद स्मृति ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अब एम.वी.पी. चेस क्लब, पटना एवं बिहार विद्यापीठ, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 7 अक्टूबर 2026 से 8 अक्टूबर 2026 तक बिहार विद्यापीठ, कुर्जी, पटना में आयोजित की जाएगी।

## आंगन मिलन उत्सव की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक

# 3948 केन्द्रों पर आंगन मिलन उत्सव का होगा आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** आंगन मिलन उत्सव को सफल एवं प्रभावी बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी रोहतास के जिलाधिकारियों की बैठक गुरुवार की शाम सासाराम अतिथि गृह में जिलाध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री रामचंद्र प्रसाद तथा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद आंगन मिलन उत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की बारी-बारी से जानकारी ली और समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में मंत्री, विधायक, विधान पार्षद अथवा प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से आंगन मिलन उत्सव को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

जिला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता ने बताया कि रोहतास जिले में कुल 3,948 केंद्रों पर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक आंगन मिलन उत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर जिला एवं प्रखंड स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है और संबंधित पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों में जुटे हुए हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, डीपीओ-आईसीडीएस, सीडीपीओ पूनम सिंह, सरिता सिंह, अनिता देवी, संजीव कुमार, सत्येंद्र पासवान, गुप्तेश्वर प्रसाद, अभिषेक तिवारी, सुजीत गोंड सहित अन्य जिला एवं प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने आंगन मिलन उत्सव को सफल बनाने के लिए पूर्ण समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# एसबीआई की सीएसआर पहल से देवघर को मिली स्वास्थ्य, शिक्षा और जनसुविधाओं की सौगात

## चेयरमैन सी.एस शेट्टी ने चार ई-कार्ट वाहन, एक एंबुलेंस और 20 स्कूलों को आरओ सिस्टम किए समर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** भारतीय स्टेट बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत देवघर में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। शनिवार को एसबीआई के चेयरमैन सी.एस शेट्टी ने चार ई-कार्ट वाहन, एक एंबुलेंस तथा देवघर के 20 विद्यालयों के लिए आरओ सिस्टम, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीन और इंसिनरेटर प्रदान किए। इस अवसर पर बाबाधाम शाखा का भी लोकार्पण किया गया। एसबीआई पटना मंडल एवं देवघर अंचल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किए गए ई-कार्ट का उद्देश्य वैसे मरीजों और उनके परिजनों को सुविधा उपलब्ध कराना है जो देवघर एम्स इलाज के लिए आते हैं और चलने-फिरने में असमर्थ होते हैं। वहीं, एंबुलेंस का उपयोग झारखंड आर्म्ड पुलिस के माध्यम से मरीजों की सहायता के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई चेयरमैन सी.एस शेट्टी ने ई-कार्ट एवं एंबुलेंस की सांकेतिक चाबी एम्स के उप निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल अभिक दास तथा जाप कमांडेंट अंजनी अंजन को सौंपी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार को विद्यालयों के लिए आरओ सिस्टम, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीन एवं इंसिनरेटर प्रदान किए गए।




विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए आरओ सिस्टम से विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। वहीं, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीन और इंसिनरेटर से छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस पहल से विद्यालयों में स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और छात्राओं की सुविधा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर एसबीआई चेयरमैन सी.एस शेट्टी ने बैंक की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए एसबीआई की सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि समाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैंक की ओर से जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री शेट्टी के करकमलों द्वारा बाबाधाम शाखा का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी, महाप्रबंधक (झारखंड नेटवर्क) बेनुधर पाढी एवं उप महाप्रबंधक एस. सत्यनारायण राव सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने सीएसआर के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# कमल किशोर को राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी जिम्मेदारी

## मेहनत और प्रतिभा को मिला सम्मान : डॉ निर्मल कुशवाहा

**मदन कुमार**

**डिहरी ऑन-सोन।** पत्रकारिता एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ संपादक-पत्रकार कमल किशोर को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी मनोनीत किया है। एक साथ तीन महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से उनके शुभचिंतकों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कमल किशोर लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनकी सक्रियता और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए संगठन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी दी है।



**मेहनत और मृदुभाषिता का सम्मान : डॉ. निर्मल**

जदयू के वरिष्ठ नेता सह चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कमल किशोर को नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कमल किशोर अपनी मेहनत, मृदुभाषी व्यवहार एवं सहनशीलता के कारण समाज में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं। उनके इन्हीं गुणों और सक्रियता को देखते हुए उन्हें समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कमल किशोर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री किशोर के मनोनयन पर डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, बंदी अधिकार आंदोलन के संतोष उपाध्याय, डॉ. रागिनी सिन्हा, डॉ. उदय सिन्हा, डॉ. वीरेंद्र, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, कमल सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के अमित पटेल, पूर्व पार्षद ब्रम्हेश्वर नाथ उर्फ काली बाबू, प्रेस क्लब डेहरी के अध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा, मदन कुमार, विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, सौरभ चौधरी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी, अरूण कामधेनु, अभिनव कला संगम के नन्दन गुप्ता आदि ने बधाई दी।

## आवास प्लस-2024 को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट के पंचायत भवन स्थित गांधी स्मारक पर आवास प्लस 2024 की सूची को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया शारदा कुंवर ने की। मौके पर पंचायत सचिव साजिया, रोजगार सेवक कमलेश कुमार, आवास सहायक पुष्पराज कुमार मौजूद रहे। आवास सहायक ने बताया कि पंचायत में आवास प्लस 2024 के तहत कुल 591 लाभुकों का चयन हुआ है। सूची का वाचन कर पात्रता पर चर्चा की गई। ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए। इस मामले में डिहरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि जांच में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और योग्य लाभुकों को ही योजना का लाभ मिलेगा।

# राहुल सिंह ने किया कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार जेडीयू विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह डुमरांव विधायक राहुल सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे विधि संपर्क अभियान के तहत शनिवार को बिक्रमगंज में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राहुल सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर कानूनी अधिकारों, न्यायिक प्रक्रिया तथा विधि प्रकोष्ठ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम लोगों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है क्योंकि जानकारी के अभाव में कई बार लोग न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को समझ नहीं पाते हैं और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से लोगों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने विधि प्रकोष्ठ की भूमिका, पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों तथा प्रकोष्ठ के स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। वहीं मौजूद लोगों ने न्यायिक प्रक्रिया में आने वाली विभिन्न समस्याओं और अपनी अपेक्षाओं को उनके समक्ष रखा जिस पर राहुल सिंह ने कहा कि लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और समय-समय पर विधि प्रकोष्ठ के सदस्यों के माध्यम से आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से हर जिले में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है और विधि संपर्क अभियान के जरिए अलग-अलग क्षेत्रों के अधिवक्ताओं से संपर्क स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जा रही है। साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम लोगों में कानूनी जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर प्रो. विजय आनंद, स्कूल के उपनिदेशक सुधीर आनंद, प्रधानाचार्य पूनम प्रधान, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सागर आनंद, जेडीयू नेता मनु सिंह, लाला सिंह, अंकुर आनंद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के तहत रोहतासगढ़ स्थित मध्य विद्यालय टार्डी में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को प्रदर्शित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशाल देव मौजूद रहे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाकांत सिंह, कृष्ण मुरारी प्रसाद, दिनेश कुमार, मकसूद अंसारी, विकास कुमार, प्रमोद उरांव, नेहा कुमारी एवं स्वाति कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

# भेड़िया गांव में चोरी की घटना से दहशत, ग्रामीणों ने की रात्रि गश्त की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव में गृह स्वामी अमित कुमार सिंह के घर का मुख्य गेट सहित अन्य तीन कमरे गोदरेज, अटैची का ताला तोड़ कर चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। उनका कहना है कि जिन घरों में लोग मौजूद नहीं रहते, उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। मथुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि भेड़िया गांव में जिस घर में चोरी हुई वहां रहने वाले लोग पटना में रहते हैं और घर पर कोई मौजूद नहीं था इसे सुनियोजित तरीके से की जा रही चोरी बताया। कहा कि इससे दो दिन पहले सखरा गांव में भी चोरी की घटनाएं सामने आई है। बताया कि सखरा गांव में अरविंद सिंह के घर, ब्रह्म बाबा के समीप कोल परिवहन संघ के सचिव उपेंद्र ओझा के कार्यालय समेत अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाएं हुई। ये घटनाएं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर की जा रही है। आरोप है कि चोर वाहन लेकर पहुंचते हैं और चोरी का सामान लादकर फरार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने डालमियानगर थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती कम होने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि पर्याप्त पुलिस गश्ती नहीं होने से चोरों के बीच पुलिस का भय नहीं रह गया है और वे बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने की रोहतास की कानून व्यवस्था की समीक्षा

# लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर्थिक अपराध के डीआईजी एवं रोहतास जिले के नोडल पुलिस अधिकारी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने एसपी कार्यालय में जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा मानवजीत सिंह ढिल्लो को रोहतास जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता तथा लंबित कांडों के निष्पादन की स्थिति की जानकारी ली। एसपी राज के अनुसार डीआईजी ने पुलिस दीदी कार्यक्रम, पर्यटक स्थलों पर पुलिस गश्ती, गांव-मोहल्लों में नियमित पेट्रोलिंग तथा जिले की समग्र पुलिसिंग व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अपराध की रोकथाम और आम लोगों के बीच पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। डीआईजी ने लंबित वारंट, कुर्की-इश्तहार सहित अन्य पुलिस कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय भी सुझाए। समीक्षा के दौरान जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ अनुसंधान की गुणवत्ता और जनसरोकार से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।



# बाबा गणिनाथ जयंती धूमधाम से मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** शनिवार को बाबा गणिनाथ जयंती समारोह बिक्रमगंज के बाबा गणिनाथ मंदिर के परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि विधान के अनुसार हवन यज्ञ एवं झंडा तोलन के साथ हुआ। जयंती समारोह की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं संचालन पूजा कमेटी के सदस्य अंजनी गुप्ता ने की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज दिलीप कुमार भी पूजा अर्चना में शामिल हुए तथा लोगों को शुभकामनाएं दी। वहीं पूर्व मुख्य सभापति रबनवाज राजू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजन उत्सव में मुख्य भूमिका कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने की। लोजपा नेता जगनारायण साह ने बाबा गणिनाथ जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जबकि जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों का लाभ लेने का आग्रह किया। वैश्य समाज के सभी वरीय एवं वरिष्ठ सामाजिक नेता को अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। जयंती समारोह के शुभ अवसर पर मंदिर निर्माण में दान देकर जिन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई थी, उनको शुभकामना दी गई जिन लोगों की इस समारोह के आयोजन में जिनकी अहम सहभागिता रही उनमें व्यवसायी उमेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शिवनाथ प्रसाद, गोल्डी मुन्ना साह, सुरेश, सुहाना, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता इत्यादि। जयंती समारोह में बिक्रमगंज नगर की स्त्री-पुरुषों ने प्रसाद खाकर बाबा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती समारोह के शुभ अवसर पर आध्यात्मिक शिव चर्चा का आयोजन भी किया गया जिसका श्रद्धालुओं ने भरपूर लाभ उठाया।



# ठगी के 50 हजार पीड़िता को मिले वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर अपराध के एक मामले में साइबर थाना द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ित को पचास हजार रुपये की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। एसपी राज के अनुसार गत 23 जुलाई को प्रियंका देवी के साथ 98 हजार की साइबर ठगी हुई थी। साइबर थाना रोहतास द्वारा कार्रवाई करते हुए 50 हजार रूपये की ठगी गई राशि वापस कराई गई। अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# पाली-मकराइन रेलवे ओवरब्रिज के लिए एआईवाईएफ का जनसंपर्क अभियान तेज

## 28 सितंबर को राजभवन मार्च में शामिल होंगे सैकड़ों युवा, गांव-गांव चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पाली-मकराइन रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। आगामी 28 सितंबर को पटना में आयोजित राजभवन मार्च को सफल बनाने के लिए एआईवाईएफ की डिहरी अनुमंडल कमिटी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाने के साथ नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जा रही है। अनुमंडल अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को पाली-मकराइन रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता और 28 सितंबर के राजभवन मार्च के उद्देश्य से अवगत कराया। नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों से मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान एआईवाईएफ नेताओं ने कहा कि डिहरी-बिक्रमगंज स्टेट हाईवे पर स्थित पाली-मकराइन रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज नहीं होने के कारण प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। कई बार जाम में एंबुलेंस समेत अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी फंस जाते हैं। संगठन का कहना है कि लंबे समय से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। नेताओं ने कहा कि अब इस मांग को लेकर युवा आंदोलन को और तेज करेंगे तथा पटना में आयोजित राजभवन मार्च के माध्यम से सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया जाएगा। अनुमंडल अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद सिंह ने बताया कि डिहरी अनुमंडल क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में नौजवान पटना पहुंचकर राजभवन मार्च में शामिल होंगे और पाली-मकराइन रेलवे ओवरब्रिज के शीघ्र निर्माण की मांग को मजबूती से उठाएंगे। जनसंपर्क अभियान में ददन सोनी, उजाला कुमार, मिठु सिंह, अजय कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, आनंद सिंह, अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में एआईवाईएफ कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एलएचबीटैंक-26-29, दिनांक 17.09.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए एलएचबी कोचों में विभिन्न प्रकार के टैंक (ओवरहेड, ऑग्जिलरी एवं अंडरस्लंग टैंक) की स्ट्रिपिंग, सफाई, मरम्मत, परीक्षण, पुनःबैठाना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.1,00,33,251.28 जीएसटी सहित। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.2,00,700/- **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 03 (तीन) वर्ष। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 17.09.2026 से 09.10.2026 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 17.09.2026 से 09.10.2026 को 11.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 09.10.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.10.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 09.10.2026 को 11.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-203/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand undertaking) E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
**कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय,डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है :-

| वनागार का नाम | समय | अक्टूबर-2026 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक। | 05.10.2026 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 390583 District (26-27)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई0निविदा संख्या-RDD/NREP/Palamu 07/2026-27**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 438/जि0यो0, दिनांक 16.09.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नलिखित स्वीकृत योजना में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त-1 के अनुसार आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-दिनांक 29.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक 29.09.2026.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 23.10.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 24.10.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :-कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाण्डू | कुटमू | लेदुका | मुख्य पथ से ग्राम लेदुका तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल का निर्माण। | 6131000 | 122620 | 10000 | 06 माह | NREP-NIT-07/2026-27/Gr-01 |

नोट- 1. केवल ई0-निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/-कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू।

PR.NO.390592 District(26-27):D

# त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, भीड़भाड़ वाले इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी गई है। पूजा पंडालों, मंदिरों, घाटों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ संवेदनशील इलाकों में गश्ती बढ़ाई जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।शनिवार को पटना रेंज के आईजी जितेंद्र राणा ने बिहारशरीफ स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आईजी ने भीड़ बढ़ने वाले स्थानों को पहले से चिह्नित कर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। मंदिर, पूजा पंडाल और छठ घाटों पर सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था पर भी विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के आसपास निगरानी जारी रखने को कहा गया। बैठक में लंबित कांडों के निष्पादन और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। शराब व मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाने तथा संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करने को कहा गया। असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए जरूरत के अनुसार निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। प्रमुख सड़कों पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। रांची-पटना मार्ग समेत दुर्घटना संभावित स्थलों पर गश्ती बढ़ाने पर जोर दिया गया। शांति समिति की बैठक कर स्थानीय लोगों से समन्वय बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी हृदय कांत, डीएसपी तारकेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. अमरनाथ, ऋषभ आनंद समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# गुरुकुल विद्यापीठ में स्वास्थ्य जांच शिविर, 488 बच्चों की नेत्र जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। लायंस क्लब बिहारशरीफ के तत्वावधान में शनिवार को पटेल नगर, नई सराय स्थित गुरुकुल विद्यापीठ में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 488 बच्चों की नेत्र जांच तथा 376 बच्चों की दंत जांच की गई। नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेकानंद ने बच्चों की आंखों की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की। उन्होंने बारिश के मौसम में आंखों को संक्रमण से बचाने तथा मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाली समस्याओं के प्रति बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। दंत चिकित्सक डॉ. रवि कुमार ने बच्चों के दांतों की जांच की। उन्होंने नियमित रूप से दांतों की सफाई करने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा फास्ट फूड और जंक फूड से दूरी रखने की सलाह दी। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार ने छोटे बच्चों में आयरन की कमी को लेकर अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के भोजन में आयरनयुक्त एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी।मौके पर लायंस क्लब बिहारशरीफ के अध्यक्ष लायन प्रमोद कुमार, लायन अभिषेक कुमार, लायन संजीव कुमार, जोन चेयरपर्सन लायन विकास कुमार मेघाल, लायन आशीष रंजन समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य बच्चों को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, आंख-दांतों की देखभाल और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना था।

## एक नजर

### पाइन में डूबने से अधेड़ की मौत

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में शुक्रवार को पाइन में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी नवल मांझी के रूप में की गई है। घटना गांव के टीनिया खंधा स्थित पइन में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया।

### जलजमाव : गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा

**हिलसा**। नगर परिषद क्षेत्र के कौशिक नगर मुख्य मार्ग पर शनिवार को जर्जर सड़क और जलजमाव के कारण एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा होने के कारण चालक को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं हो सका। अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर ही पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ई-रिक्शा को सीधा कर यात्रियों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के अनुसार कौशिक नगर के अलावा डिवड़ा पर गांव के पास भी सड़क की स्थिति बेहद खराब है। यहां सड़क पर गहरे गड्ढों में लगातार पानी जमा रहने से आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरने वाले ई-रिक्शा, बाइक और अन्य वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं।ग्रामीणों और वाहन चालकों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़क पर गड्ढे बने हैं और बारिश व नाले का पानी उनमें जमा रहता है। इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से कौशिक नगर तथा डिवड़ा पर गांव के पास सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और जलजमाव की समस्या दूर करने की मांग की है, ताकि भविष्य में बड़े हादसे को रोका जा सके।

### चार दिन की बारिश से खेतों में लौटी हरियाली

**गिरियक**। लगातार चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने जहां पावापुरी-गिरियक क्षेत्र में जनजीवन को रफ्तार प्रभावित की है, वहीं धान की फसल के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। सूख रही जमीन में नमी लौटने से खेतों में हरियाली बढ़ने लगी है। बारिश से उमसभरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है। पावापुरी, चोरसुआ, बकरा, घोसरावां, पुरी, इसुआ, रैतर, जलालपुर, सतौआ और मरकट्टा समेत आसपास के गांवों में बारिश के बाद खेतों की तस्वीर बदल गई है। कुछ दिन पहले तक किसान फसल में नमी बनाए रखने के लिए डीजल पंप से सिंचाई कर रहे थे। अब बारिश के पानी से सिंचाई की जरूरत कम हुई है, जिससे खेती की लागत घटने की उम्मीद है।किसान अशोक कुमार, अजय कुमार, श्रीकांत शर्मा, बीरेंद्र सिंह और सुरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि धान के लिए इस समय बारिश काफी उपयोगी साबित हुई है।

### जन-सुनवाई में फरियादियों की सुनी गई शिकायतें

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शनिवार को आयोजित जन-सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे 29 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन-सुनवाई में भूमि से बेदखल करने, नूरसराय प्रखंड की पंचायत राज नदिऔना के मुखिया द्वारा बकाया राशि की मांग करने एवं धमकी देने, परवलपुर प्रखंड के आलावां पंचायत स्थित तालाब को गंदगी व जलकुंभी से मुक्त कराने तथा उसके मरम्मत और सौंदर्यीकरण समेत कई मामलों की सुनवाई हुई। इसके अलावा पईन को अतिक्रमणमुक्त कराने, जल निकासी की समस्या और प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में अनियमितता से संबंधित शिकायतें भी सामने आईं।भूमि विवाद एवं मुखिया से संबंधित शिकायतों के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# राजकीय सम्मान प्राप्त शिक्षक सौरव कुमार का टीबीटी मंच ने किया अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। नालंदा टीबीटी मंच की ओर से शनिवार को राजकीय सम्मान से सम्मानित विशिष्ट शिक्षक सौरव कुमार का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय देवीसराय, बिहारशरीफ के प्रांगण में किया गया। सौरव कुमार मध्य विद्यालय बहादुरपुर, अस्थावां में विशिष्ट शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। बच्चों के बीच नवाचार के माध्यम से समर्पित भाव से शिक्षण कार्य करने, विद्यालय के सौंदर्यीकरण और विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को पटना में मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। सौरव कुमार टीबीटी मंच के सक्रिय सदस्य भी हैं। शिक्षा विभाग की ओर से मिले इस सम्मान पर मंच ने गौरव व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पटना प्रमंडल उपाध्यक्ष मृणालिनी कुमारी सिंह, उपसचिव सीमा कुमारी, जिलाध्यक्ष शंभु कुमार, जिला सचिव मनोज कुमार, उपाध्यक्ष शशिप्रभा सिन्हा, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम पांडेय व अजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।मौके पर बीपीएनपी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत, जिला प्रभारी रीतेश कुमार, जिला संयोजक केके ब्रह्मचारी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# पं. दीनदयाल के सपनों को साकार कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : डॉ. प्रीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। भाजपा जिला कार्यालय मेहनौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रीति शेखर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. प्रीती शेखर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज और देश के लिए उत्कृष्ट योगदान देने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में श्याम किशोर प्रसाद सिंह, आश्रिति शर्मा, अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, शिवरतन प्रसाद, रूचि श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वोट चोरी के आरोप के साथ माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लगातार बारिश के बीच प्रतिवाद मार्च निकाला। कमरुद्दीनगंज स्थित माले जिला कार्यालय से निकला मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अस्पताल मोड़ पहुंचा, जहां नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। देशभर में वाम दलों ने भी 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एस आईआर के मुद्दे पर विरोध कार्यक्रम का आह्वान किया है। सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा सहित नेताओं ने आरोप लगाया कि एस आई आर के दौरान बड़ी संख्या में जायज मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संविधान के मूल्यों के लिए गंभीर चिंता बताया। नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर रद्द करने, हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़ने तथा कथित फर्जी नामों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग की। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव की मांग उठाई गई।मार्च में उमेश पासवान, रामदास अकेला, मुनी लाल यादव, रेणु देवी, रामाधीन प्रसाद, महेंद्र राम, अनिल पटेल, रामप्रीत केवट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नवादा

# जैन धर्मावलंबियों की आत्मशुद्धि का दस दिवसीय महापर्व पर्युषण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जैन धर्मावलंबियों का आत्मशुद्धि का दस दिवसीय महापर्व 'पर्युषण' धर्म के दशम लक्षण उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष अराधना के साथ परंपरागत धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल में संपन्न हो गया। विगत 16 नवंबर से प्रारंभ इस महापर्व के दसवें दिन शुक्रवार को नवादा जिला मुख्यालय स्थित श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गोणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर स्थानीय जैन धर्मावलंबियों ने सर्वप्रथम जिनेंद्र प्रभु का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं शांति अभिषेक किया। तत्पश्चात जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल सहित अष्टद्रव्य के अर्घ्य को समर्पित कर देव शास्त्र गुरू पूजन, तीर्थंकर वासुपूज्य पूजन, तीर्थंकर अनंतनाथ पूजन, समुच्चय जिन पूजन, दशलक्षण पूजन, सोलहकारण पूजन एवं रत्नत्रय पूजन किया।

इसके साथ ही जैन धर्मावलंबियों ने जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर वासुपूज्य के निर्वाणोत्सव को पूरे भक्ति भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर वासुपूज्य की विशेष अराधना करते हुए उनके चरणों में निर्वाण लड्डू समर्पित किये। अनंतचतुर्दशी पर्व के आलोक में श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर अनंतनाथ की विशेष अराधना करते हुए श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास भी रखा। जिनेंद्र प्रभु की मंगल आरती के साथ इस महापर्व का समापन हुआ।

जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि पर्वराज पर्युषण जैन धर्मावलंबियों के आत्मशोधन का महान पर्व है। इस दौरान वे धर्म के विशेष दस लक्षणों में शामिल क्रमशः उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष अराधना कर आत्मशुद्धि करते हैं। इस आध्यात्मिक आयोजन में जैन समाज की लक्ष्मी जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, सुलोचना जैन, अभिषेक जैन, ऋषभ जैन, सत्येंद्र जैन, शुभम जैन व अजितेश जैन आदि ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

नवादा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दस दिवसीय पर्युषण महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस धार्मिक आयोजन में विजय जैन, सुनील जैन, प्रकाश जैन, संजय जैन, अभय बड़जात्या, राजेश जैन, अशोक कुमार जैन (आर), उदय बड़जात्या, पदम काला, मनोज कुमार जैन (आर), महेश जैन, संतोष पांड्या, सुषमा जैन, सुनीता बड़जात्या, चंदा बड़जात्या, सुनीता जैन, अनिता जैन, स्वीटी गंगवाल एवं संतोष छाबड़ा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# कौआकोल के जंगली इलाकों में बढ़ रहा मलेरिया का प्रकोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखंड के जंगली एवं पहाड़ी इलाकों में इन दिनों मलेरिया का प्रकोप बढ़ने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के कई गांवों में बड़ी संख्या में लोग बुखार एवं अन्य बीमारी से पीड़ित बताए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया की रोकथाम के लिए नियमित रूप से डीडीटी का छिड़काव नहीं किए जाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी जा रही है। मलेरिया के बढ़ते प्रकोप का मामला तब सामने आया,जब महुडर पंचायत के झरनमा गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य आईटी अभिजीत कुमार,एएनएम सुनीता कुमारी एवं आशा कुंती देवी के द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 80 में 14 ग्रामीणों में मलेरिया के लक्षण पाए जाने की बात सामने आई। वहीं कई लोग बुखार से ग्रस्त पाए गए। जबकि कई लोग बिना बुखार के भी मलेरिया पीड़ित पाए गए। इसके बाद जंगली क्षेत्र के अन्य गांवों में भी बीमारी फैलने की आशंका को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली इलाकों में जगह-जगह जलजमाव एवं मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। इसके बावजूद मच्छरों के नियंत्रण और मलेरिया से बचाव के लिए डीडीटी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से प्रभावित गांवों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने तथा मलेरिया की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, कई गांव स्वास्थ्य केंद्रों से काफी दूर स्थित हैं। ऐसे में बुखार अथवा अन्य बीमारी होने पर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। मजबूरी में कई लोग स्थानीय झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज कराने को विवश हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाकर मलेरिया की जांच, दवा वितरण एवं मच्छर नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना से पूर्व कौआकोल दुर्गामंडप में मिट्टी पूजन

**कौआकोल**। शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को लेकर कौआकोल दुर्गामंडप में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण एवं स्थापना से पूर्व शनिवार को मंदिर परिसर में विधिवत मिट्टी पूजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-पाठ के साथ माता रानी के प्रतिमा निर्माण से पूर्व मिट्टी पूजन संपन्न कराया गया। आचार्य धर्मेन्द्र भूषण पाठक ने बताया कि श्री दुर्गा पूजा स्थान न्यास समिति,कौआकोल के सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण श्रद्धालुओं की देखरेख में विधि-विधानपूर्वक मिट्टी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# जनता दरबार: सभी रैयती विवादों का मौके पर निबटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। रजौली अंचल कार्यालय परिसर में स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अमीन शालिनी कुमारी एवं उर्दू अनुवादक पिंकी कुमारी भी मौजूद रहीं। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में रैयती भूमि विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार को आयोजित जनता दरबार में कुल छह मामले आए थे, जिनमें महसई निवासी पिंटू कुमार का विवाद रंजीत कुमार से और नाशरीन प्रवीण का विवाद मिस्टर मियां,मांगोडीह गंगटिया निवासी भोला तुरिया का विवाद प्रदीप राजवंशी, मानडीह निवासी गोपाल मुसहर का विवाद रामेश्वर यादव, चांदेवारा निवासी महेन्द्र प्रसाद का विवाद केशर प्रसाद एवं चौथा गांव निवासी दिलीप शर्मा का विवाद लक्ष्मण प्रसाद,सुनील गावस्कर व आनंद कुमार के साथ था। उक्त सभी मामलों में दोनों पक्षों की मौजूदगी में निपटारा किया गया। जनता दरबार के बाद अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि जमीन को लेकर आपस में तनाव, मारपीट और झगड़ा न करें। अगर कोई विवाद है तो उसे सीधे जनता दरबार में लाएं। यहां पारदर्शी तरीके से और कानून के दायरे में रहकर मामले का निष्पादन किया जाएगा।

# अभद्र गीत के विरोध में नंदवंशी चेतना मंच नवादा ने की गायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। कथित रूप से समाज की भावनाओं एवं सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले एक गीत को लेकर नंदवंशी चेतना मंच, नवादा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। मंच के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी कलाकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी समाज, समुदाय या उसकी परंपराओं का अपमान करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई करने की मांग की।

**"सम्मान और सामाजिक गरिमा से समझौता नहीं"**

नंदवंशी चेतना मंच के सदस्यों ने कहा कि समाज अपने सम्मान और गरिमा के प्रति पूरी तरह सजग है। किसी भी आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ मंच लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से अपनी आवाज उठाता रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अयोध्या शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी बंटी कुमार, सलाहकार राजेश शर्मा, आशीष शर्मा, डॉ. संजय शर्मा, अविनाश शंकर, विपिन शर्मा, मुकेश शर्मा, गोपाल शर्मा, विक्की शर्मा, विक्रम शर्मा, कारू शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

# मध्य विद्यालय लालपुर में आयुर्विद्या जागरूकता कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं ने सीखे स्वस्थ जीवनशैली के गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय लालपुर में शनिवार को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'आयुर्विद्या' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुष समिति,नवादा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आयुष पद्धति के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना था।।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या, योग एवं आयुष पद्धतियों के महत्व की जानकारी दी। चिकित्सकों ने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. माहुरी सीमा, डॉ. कृष्ण मोहन एवं डॉ. उदय चंद्र प्रसाद मौजूद रहे। वहीं विद्यालय की ओर से प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षक शिवम शुक्ला के अलावा शिक्षक राजेश कुमार, विकास कुमार,मनीष कुमार,वरुण कुमार,अमन कुमार,मुरारी कुमार, भास्कर कुमार, आलोक चंद्र एवं दिलीप कांत महतो सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में आयुर्वेदिक पौधा का रोपण भी किया गया।

### विज्ञान संगोष्ठी में जानवी को मिला द्वितीय पुरस्कार



**पकरीबरावां**। प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2026 में पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भलुकी की जानवी कुमारी को द्वितीय पुरस्कार मिला है। सीटीई गया में शनिवार को प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी हुई। गौरतलब है कि जिलास्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में जानवी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जानवी की सफलता पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन, शिक्षक सुबोध कुमार, प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी, शिक्षिका रूबी कुमारी, अन्नू भारती सुप्रिया, शिक्षक अतिश कुमार, वरुण कुमार, अरुण कुमार, पप्पू कुमार ने खुशी का इजहार करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### प्रखण्डस्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए नामित शिक्षक



**पकरीबरावां**। शनिवार को इंटर विद्यालय पकरीबरावां में मशाल 2026 को ले शारीरिक शिक्षकों एवं नामित शिक्षकों का कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में शामिल इंटर विद्यालय पकरीबरावां की शिक्षिका मधुबाला कुमारी एवं मध्य विद्यालय गुलनी के शिक्षक संजय कुमार गौरव द्वारा मशाल 2026 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बताया गया कि 28 सितंबर को भी कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें सभी नामित शिक्षकों को शामिल होना है। इस अवसर पर सुबोध कुमार, धीरज कुमार, सरफराज आलम, मो. जावेद सहित अन्य उपस्थित थे।

### 22 घंटे बाद शिवपुर जलाशय से शव बरामद

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा स्थित शिवपुर जलाशय (डैम) में नहाने के दौरान डूबे 16 वर्षीय राकेश कुमार का शव करीब 22 घंटे बाद शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। राकेश,सोखोदेवरा टोला शिवपुर निवासी सुनील रविदास का पुत्र था। एसडीआरएफ की टीम ने जलाशय में एक घंटे से अधिक समय तक कड़ी मशक्कत करने के बाद शव को बाहर निकाला। शव बरामद होने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोग शव को देखने के साथ एसडीआरएफ की टीम की कार्रवाई देखने के लिए मौके पर मौजूद रहे। कौआकोल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। इधर,शव मिलने के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजन घटना को हत्या की साजिश बताते हुए मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जीविका की वार्षिक आम सभा का आयोजन

**अकबरपुर**। प्रखंड स्थित जीविका कार्यालय फतेहपुर मोड में शनिवार को अमन जीविका सीएलएफ का वार्षिक आम सभा आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राधा रमण मुरारी ने दीप जलाकर किया। आज के इस आम सभा में संकुल संघ के अंतर्गत सभी छह पंचायतों भनैल लोदीपुर, नेमदारगंज, बरेब, फरहा, सकरपुरा, बडैल के सदस्य उपस्थित हुए। आज के इस वार्षिक आम में संकुल संघ के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठन एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित दीदी को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारिता पदाधिकारी विधानंद कुमार, प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक अजय मिश्रा, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ समर्थ सर भी उपस्थित हुए। इस वार्षिक आम सभा में क्षेत्रीय समन्वयक नितेश कुमार सिन्हा, सामुदायिक समन्वयक नरेंद्र, रामविलास कुमार, मधु कुमारी भी उपस्थित हुए। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रिंकू कुमारी के द्वारा किया गया।

# पितृपक्ष मेले में जदयू का निःशुल्क सेवा शिविर शुरू, मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन

## विष्णुपद पार्किंग के समीप श्रद्धालुओं को मिल रही पेयजल, चाय और बिस्कुट की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पितृपक्ष महासंगम मेला 2026 में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से निःशुल्क सेवा शिविर की शुरुआत की गई। गया जिला जदयू अध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा के नेतृत्व में विष्णुपद पार्किंग के समीप लगाए गए इस शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर किया। 'अतिथि देवो भवः' की भावना से शुरू किए गए इस सेवा शिविर में श्रद्धालुओं को निःशुल्क पेयजल, चाय एवं बिस्कुट उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पितृपक्ष मेले में पिंडदान एवं तर्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। उद्घाटन के अवसर पर



ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जदयू की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पितृपक्ष महासंगम मेला गया की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण आयोजन है। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी का कार्य है। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं से मेला अवधि में सेवा एवं सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक मनोरमा देवी, धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य चंदन कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक अनुज सिंह, राज्य परिषद सदस्य अरुण कुमार राव, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राय एवं कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा सहित जदयू के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विनोद कुमार, जितेन्द्र दास, प्रभात राउत, शम्भू सिंह, कैलाश पासवान, अरविन्द वर्मा, उमेश गुप्ता, विनोद यादव, सविहुलवाकी प्रिंस, गोपाल चंद्रवंशी एवं श्रवण कुमार सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा ने कहा कि पितृपक्ष महासंगम मेला गया की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु अपने पूर्वजों के तर्पण एवं पिंडदान के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सेवा और सुविधा का ख्याल रखना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से जदयू की ओर से निःशुल्क सेवा शिविर शुरू किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान जदयू कार्यकर्ता 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं को पेयजल, चाय, बिस्कुट सहित हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराते रहेंगे।

# अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में 'शिक्षा दर्पण' पत्रिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के शिक्षा विभाग में शनिवार को सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रकाशित विभागीय पत्रिका 'शिक्षा दर्पण' का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद सदस्य एवं जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान मुख्य अतिथि रहे। पीस एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं नगर विकास परिषद के महासचिव इकबाल हुसैन तथा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला के स्वागत भाषण से हुआ। छात्राओं ने स्वागत गान, विश्वविद्यालय गीत एवं महाविद्यालय गौरव गान प्रस्तुत किया। अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर



सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अफाक अहमद खान ने कहा कि कॉलेज के सभागार को सुसज्जित करने एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार से फंड दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बिहार के सहायता प्राप्त कॉलेजों में संचालित शिक्षा विभाग (बीएड) के अधिग्रहण के लिए सरकार से बातचीत करने का भरोसा दिया, जिससे छात्रों की फीस कम हो सके। इकबाल हुसैन ने छात्रों से अच्छी पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार अपनाने और कॉलेज का नाम रोशन करने की अपील की। वहीं संतोष सिंह ने कहा कि वे शिक्षा विभाग के अधिग्रहण एवं कॉलेज को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखेंगे। प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर ने कॉलेज में उच्च शिक्षा के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला ने संसाधनों की कमी की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रोफ़ेसर अनिल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** कोठी पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोहड़ी पुल के पास कार्रवाई करते हुए देसी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। शराब की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक भी जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नेवी गांव निवासी संजय यादव व केशव यादव तथा सुहैल थाना क्षेत्र के कलामी गांव निवासी मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है।

## भोजन पौष्टिक, संतुलित और स्वादिष्ट होना चाहिए : डॉ. मो. अली हुसैन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से 'संतुलित आहार एवं पोषण जागरूकता' विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भोजन केवल स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पौष्टिक और संतुलित भी होना चाहिए। शारीरिक जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार लेने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है तथा स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण होता है। उन्होंने बढ़ते जंक फूड के सेवन पर चिंता जताते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी। शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रदर्शनी में इडली, कस्टर्ड, चुकंदर की रोटी, फ्रूट चाट सहित विभिन्न पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी ने किया। मौके पर डॉ. माला सिंह, डॉ. परवेज वहाब, डॉ. सारिम अब्बास, डॉ. अकील अहमद, डॉ. नाजनी बेगम, डॉ. सर्वत शमसी, डॉ. शब्बीर आलम सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ. अकरम वारिस ने इसकी जानकारी दी।

## आवास सूची से नाम हटाने पर भड़का आक्रोश, बीडीओ से जांच की मांग

### पात्र लाभुकों को योजना से वंचित करने का आरोप, दोबारा सत्यापन कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड के नेपा ग्राम पंचायत में आवास योजना की सूची से पात्र परिवारों के नाम हटाए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। शनिवार को दर्जनों ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंचे और सूची में नाम नहीं होने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने बीडीओ योगेंद्र पासवान के समक्ष मामले को रखते हुए सूची की दोबारा जांच, पात्रता का भौतिक सत्यापन और वंचित परिवारों के नाम फिर से शामिल करने की मांग की।



ग्रामीणों का आरोप है कि आवास योजना के सर्वे और लाभुकों की सूची तैयार करने के दौरान संबंधित कर्मियों ने मनमाने तरीके से पात्र परिवारों के नाम सूची से हटा दिए। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में कई ऐसे परिवार हैं जिनके पास रहने के लिए समुचित आवास तक उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद उन्हें सरकारी आवास योजना की सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सर्वे या सूची तैयार करने की प्रक्रिया में किसी स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। उनका कहना था कि पात्र परिवारों को महज कागजी प्रक्रिया या सर्वे में हुई त्रुटि के कारण सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

## आहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के बिरनावां गांव निवासी देवनंदन यादव (65) पिता स्व. रामदेव यादव की शनिवार शाम आहर में डूबने से मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चंद्र कुमार ने बताया कि शाम करीब 5 बजे वे गांव के आहर में भैंस धो रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। ग्रामीणों ने उन्हें पानी से बाहर निकालकर तुरंत सीएचसी रफीगंज पहुंचाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज गया भेजा जा रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय तक रास्ता नहीं, ग्रामीणों ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कमल बिगहा में शनिवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता राजदेव प्रसाद सिंह ने की। बैठक में विद्यालय तक पहुंचने के लिए रास्ता और बाउंड्री वॉल के निर्माण पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, बच्चे निजी खेतों से होकर स्कूल जाते हैं जिससे काफी परेशानी होती है। बैठक में ग्रामीणों ने उदय बिंद और उदित बिंद से विद्यालय तक रास्ता निकालने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि दोनों भाई एक सप्ताह में विचार कर लें। रास्ता नहीं मिलने पर अंचलाधिकारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर रास्ते की मांग की जाएगी। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर चंद्रदेव सिंह, शिव कुमार पासवान, सियालाल कुमार, शंभू यादव, रामचंद्र यादव, रामप्रवेश यादव, कामेश्वर ब्यास, अनिल साव, राजेश शर्मा सहित 51 लोग मौजूद थे।

# शेरघाटी एसडीओ ने शहर के दो अस्पतालों का किया निरीक्षण, सभी नदारद

## अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों पर एसडीओ की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार एवं शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार ने शनिवार को शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुई जांच से अस्पताल संचालकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध व्यवस्थाओं के साथ-साथ आवश्यक कागजात और संचालन से संबंधित दस्तावेजों की भी जानकारी ली गई। जांच के दौरान सत्यम क्लीनिक में केवल मरीज मौजूद मिले जबकि वहां



एक भी कर्मचारी नजर नहीं आया। अधिकारियों ने क्लीनिक के संचालन एवं वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसी तरह एक अन्य अस्पताल में भी जांच के दौरान कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। अधिकारियों ने संबंधित संस्थानों के संचालन और उपलब्ध सुविधाओं को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई। इसके अलावा शहर के दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी अधिकारियों की टीम ने औचक जांच की। वहां उपलब्ध दस्तावेजों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में संचालित सभी निजी अस्पतालों की जांच की जा रही है। सभी अस्पताल संचालकों को अपने संस्थान से संबंधित आवश्यक कागजात एवं दस्तावेज प्रशासन के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय के भीतर कागजात उपलब्ध नहीं कराने वाले अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा जरूरत पड़ने पर संबंधित अस्पताल को सील भी किया जा सकता है। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार ने कहा कि सभी संस्थानों की जांच के बाद उपलब्ध तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** महान अर्थशास्त्री, भारत के आर्थिक सुधारों के प्रणेता कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की जयंती गयाजी के स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में मनाई गई। सर्वप्रथम डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, इंटक जिला महासचिव टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युम्न दुबे, कमलेश चंद्रवंशी, रूपेश चौधरी, अशोक राम आदि ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह अर्थशास्त्र के विश्व स्तरीय विद्वान, प्रोफेसर, रिजर्व बैंक के गवर्नर, केंद्रीय वित्त मंत्री तथा देश के 10 वर्षो तक प्रधानमंत्री रहने वाले ऐसे सख्श थे जिन्होंने आजीवन भारत को आर्थिक सुधारों की ओर बढ़ाने का काम किए तथा आज भी देश उन्हीं के बताए रास्ते पर चल रहा है।

## जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप, आईजी से लगायी गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गयाजी।** जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 1,75,500 रुपये लेकर दूसरे की जमीन की रजिस्ट्री करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला शनिवार को आया है। पीड़ित ने मगध रेंज के आईजी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त आवेदन के अनुसार ग्राम मौला बिगहा खटनहीं, थाना आंती निवासी विमलेश कुमार पिता भुनेश्वर यादव ने बताया कि गांव के ही दिनेश यादव पिता स्व. योगेश्वर यादव ने अपनी जमीन बताकर 2.34 डिसमिल जमीन के लिए कुल 1,75,500 रुपये लिए। बाद में खाता संख्या 88, प्लॉट संख्या 250 की रजिस्ट्री कर दी। रजिस्ट्री के बाद पता चला कि उक्त जमीन दिनेश यादव के स्वामित्व की नहीं है, किसी अन्य व्यक्ति की है जिसके कारण वैध स्वामित्व व कब्जा नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि राशि वापस करने या सही जमीन की रजिस्ट्री करने को कहने पर दिनेश यादव ने साफ इनकार करते हुए धमकी दी। विरोध करने पर दिनेश यादव, उसकी पत्नी सोनी देवी सहित अन्य लोगों द्वारा डराने-धमकाने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने आईजी मगध से धोखाधड़ी, छल, आपराधिक धमकी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर भुगतान की गई राशि और दस्तावेजों की जांच कर कानूनी राहत और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य इंजीनियर/बीआरएल/प्रधान कार्यालय, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: ओ-एसी-टी-141-26-27, कार्य का नामः** (i) आसनसोल मंडल में ब्रिज नं. 691 अप, 656 डाउन (सीतारामपुर-झाझा खंड), 451ए, 20 अप/डीएसपी (खाना-आसनसोल), 57 डाउन, 75 डाउन, 94 डाउन (ए.एस. कॉर्ड) एवं 2 डीके (कालीपहाड़ी-डीएमडी) पर साइड पाथवे के प्रावधान और (ii) एसईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में ब्रिज नं. 2, 49, 75 एवं 94 आदि के पीएससी गर्डर पर साइड पाथवे के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 8,21,32,620.24, **बयाना राशिः** रु. 16,42,700/- **समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_16_07_एएसएन_2026-27, कार्य का नामः** एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन खाना-आसनसोल खंड के बीच अप और डाउन डीएसपी लाइन पर ब्रिज नं. 9, 9ए के तटबंध के रीगर्डरिंग एवं सुदृढ़ीकरण के साथ अन्य सहायक कार्य तथा खाना-आसनसोल खंड के बीच अप डाउन डीएसपी लाइन पर ब्रिज नं. 4 (आरओआर)) के तटबंध के रीगर्डरिंग एवं सुदृढ़ीकरण के साथ अन्य सहायक कार्य हेतु खुली निविदा। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 12,18,24,233.83, **बयाना राशिः** रु. 24,36,500/-, **समापन अवधिः** 12 माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 16.10.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजातों का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-207/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पांच सेकेंड के चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही, कई जगह पेड़ गिरे और छप्पर उड़े

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** गया जिले के शेरघाटी प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण जहां आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों में फसलों को लेकर राहत के साथ चिंता भी बनी हुई है। लगातार बारिश से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी बीच शनिवार को अचानक करीब पांच सेकेंड तक चले तेज चक्रवाती तूफान ने क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। तेज हवा के झोंके से कई जगहों पर घरों के करकट और छप्पर उड़ गए जबकि कई स्थानों पर पेड़ एवं उनकी बड़ी डालियां टूटकर सड़क और आसपास के इलाकों में गिर गईं। अचानक आए तूफान के कारण लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। शहर के जेपी चौक, पुरानी चट्टी मोहल्ला, रमन ठाकुरबाड़ी समेत विभिन्न स्थानों पर तेज हवा का असर देखने को मिला। कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं दुकानों और मकानों के छप्पर व करकट उड़ने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। छोटे दुकानदारों और कारोबारियों को भी तेज हवा के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। तूफान के दौरान कुछ देर के लिए लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। हवा शांत होने के बाद लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर नुकसान का जायजा लेते नजर आए।

## राष्ट्रकवि दिनकर जयंती पर गूंजा राष्ट्रभाव, विद्यार्थियों ने काव्य-पाठ से बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी राज इंटर कॉलेज के सभागार में शनिवार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स द्वारा अतिथियों को सलामी देकर स्वागत से हुई। इसके बाद अतिथियों ने दिनकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह का उद्घाटन अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस राज्यवर्धन शर्मा, मुख्य अतिथि विधायक अजय कुमार, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर, आयोजक हिमांशु शेखर, प्राचार्य सैयद अख्तर हुसैन, सतेन्द्र नारायण एवं सुमंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक हिमांशु शेखर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह में क्षेत्र के 25 सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने दिनकर की कविताओं का प्रभावशाली काव्य-पाठ करने के साथ निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विशिष्ट अतिथि राय मदन किशोर ने कहा कि साहित्यिक आयोजन बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि और संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सर्वसम्मति से मनीष राज को मिली नाई संघ की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अखिल भारतीय नाई संघ की टिकारी प्रखंड समिति का चुनाव शनिवार को बुढ़वा महादेव स्थान के प्रांगण में संपन्न हुआ। चुनाव में नंदन बिगहा मुहल्ला निवासी शिक्षक पुत्र मनीष राज को सर्वसम्मति से संघ का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित सदस्यों ने बधाई देते हुए संघ को मजबूत और संगठित बनाने का संकल्प लिया। चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अनुमंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र ठाकुर उर्फ रिंकू ठाकुर ने कहा कि संघ को प्रखंड स्तर पर मजबूत बनाने और उसके सुचारू संचालन के उद्देश्य से समिति का गठन किया जा रहा है। उन्होंने सदस्यों से एकजुट होकर संगठन के विस्तार और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। चुनाव पर्यवेक्षक सुशील ठाकुर के नेतृत्व में अध्यक्ष पद के लिए मनीष राज के नाम का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति जताई जिसके बाद उन्हें निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद मनीष राज ने संगठन की एकजुटता, मजबूती और विस्तार के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में सुनील ठाकुर, लालदेव ठाकुर, संजय ठाकुर, परितोष, विनय, निरंजन ठाकुर, रामजी ठाकुर समेत बड़ी संख्या में संघ के सदस्य मौजूद रहे।

## परसावां उच्च विद्यालय के मॉडल भवन निर्माण में पेंच, ग्रामीणों ने आयुक्त-डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत परसावां स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां के मॉडल भवन निर्माण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भवन निर्माण के लिए चिन्हित स्थल को बदलकर मुंडेरा ले जाने के कथित प्रयास के खिलाफ ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रमंडलीय आयुक्त मगध, जिलाधिकारी गया, उप विकास आयुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला-** बिहार सरकार के संकल्प के तहत प्रत्येक पंचायत में उच्च विद्यालय का निर्माण होना है। इसी के तहत मध्य विद्यालय, चतुरी बिगहा को बीएसईबी और माध्यमिक शिक्षा



निदेशक के आदेश से +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित कर राजकीयकृत किया गया था। यह विद्यालय कोड 10350107104 के साथ वर्ष 2020 से संचालित है। नियमों के अनुसार उच्च विद्यालय के लिए 75 डिसमिल भूमि का मानक है। वर्तमान में विद्यालय के पास खाता संख्या 272, प्लॉट संख्या 1675 में 54 डिसमिल भूमि उपलब्ध है। शेष मानक को पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने विद्यालय के समीप ही 100 डिसमिल निजी भूमि दान स्वरूप देने के लिए इकरारनामा किया है जिसे पंचायत विकास दिवस की ग्राम सभा में सर्वसम्मति से पारित भी किया गया है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा विद्यालय को मुंडेरा में शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का तर्क है कि मुंडेरा से मात्र एक किमी की दूरी पर उच्च माध्यमिक विद्यालय काबर पहले से मौजूद है। साथ ही बीएसईआईडीसी पटना द्वारा भी मुंडेरा स्थल को उपयुक्त न मानते हुए प्रस्ताव पहले ही रद्द किया जा चुका है। विधायक अजय दांगी (टिकारी) ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व साजिश के तहत स्थानांतरण का प्रयास किया गया था जिसे बीएसईआईडीसी ने खारिज कर दिया। इस मुद्दे को विधानसभा सत्र में उठाया गया था, विभाग ने बताया कि विद्यालय के लिए करीब 2 करोड़ रुपये स्वीकृत है। मुखिया दिलीप कुमार ने कहा कि विद्यालय 2020 से चतुरी बिगहा में संचालित है और ग्रामीणों ने 100 डिसमिल भूमि ग्राम सभा से पारित कर दी है। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य दिलीप कुमार दिलेर ने कहा कि विद्या के मंदिर पर सियासत दुखद है। स्थानांतरण रोकने के लिए बड़ी कुर्बानी भी देनी पड़ी तो ग्रामीण तैयार हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-07/26-27 (खुली) दिनांक 23.09.2026, (कैपिटल टेंडर)।** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिन्होंने पूर्व में विशेष रूप से रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/ पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या कोई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समप्रकृति के कार्य का निष्पादन किया हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: डब्ल्यूटी-18-26-27, कार्यों का विवरणः** काँचरापाड़ा वर्कशॉप मेंः कैरिज कॉम्प्लेक्स में शॉप नं. 29बी/एपीपी-I, 29बी/एपीपी-II एवं शॉप 20 एयर ब्रेक सेक्शन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,10,47,679.21, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.2,21,000/-, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 12 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: डब्ल्यूटी-19-26-27, कार्यों का विवरणः** काँचरापाड़ा वर्कशॉप मेंः सी एंड डब्ल्यू कॉम्प्लेक्स में टीआर नं. 1 एवं 2 में रूफ शीट तथा एचडी फ्लोरिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 23,82,994.83, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.47,700/-, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 06 माह। **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **निविदा खोलने की तिथि और समय :** दिनांक 23.10.2026, *रेलवे बोर्ड ने पत्र सं.-2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के माध्यम से दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए कोई ईएमडी (बयाना राशि) नहीं लेने का निर्देश दिया था। पर, चूंकि आगे के लिए अभी तक ऐसा कोई निर्देश नहीं है, इसलिए, ईएमडी प्रणाली वापस ली जाती है। कार्य का दायरा संकेत मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेलवे की ई-निविदा साइट अर्थात **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन अवधिः** समय जिस दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, परंतु प्रस्ताव जमा नहीं किया जा सकता है। निविदा दिनांक **23.10.2026 को 14.00 बजे** बंद कर दी जाएगी और निविदा उसी तिथि को **14.30 बजे** के बाद किसी भी समय खोले जाने वाले कर्मियों के उपस्थित रहने एवं नेट सुगम्यता के अधीन खोली जाएगी। MISC-208/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# चुनाव आयोग : विश्वसनीयता पर सवाल

एक अंग्रेजी अखबार में छपी खबर ने जहां देश में नया राजनीतिक भूचाल ला दिया है, वहीं केन्द्रीय चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। साथ ही इस मुद्दे पर विपक्ष को चुनाव आयोग और सरकार को घेरने का मौका भी दे दिया है। विपक्ष का मानना है कि चुनाव आयोग ने जिस तरह देश में मतदाता सूचियों का जिस तरह एसआईआर (विशेष गहन परीक्षण) कराया, उससे विपक्ष वोटरों के नाम कट गए और आयोग के इस कदम से भाजपा को चुनाव जीतने और सत्ता में लौटने का रास्ता खुल गया। विपक्ष के निशाने पर मुख्य रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं, जिनकी नियुक्ति पिछले साल नए नियम के तहत हुई थी, जिसके तहत चयन समिति से देश के प्रधान न्यायाधीश को बाहर कर कानून मंत्री को कमेटी का सदस्य बना दिया गया था। तीसरे सदस्य नेता प्रतिपक्ष होते हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इसमें शामिल होने से यह कहकर इंकार कर दिया कि सरकार संवैधानिक तरीके से चलने के बजाए मनमानी कर रही है। माना जाता है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पसंद हैं। इसकी वजह यह है कि वो चुनाव आयोग के जरिए हर वो काम कर रहे हैं, जो किसी न किसी रूप में भाजपा को फायदा पहुंचाता है। यूं ज्ञानेश कुमार पर विपक्ष तो पहले से हमलावर रहा है, लेकिन इस बार मामला बिल्कुल और संवैधानिक प्रक्रिया का पालन न करने को लेकर है। अखबार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक निर्वाचन आयोग के दो साथी निर्वाचन आयुक्त एसआईआर की प्रक्रिया तथा फार्म 6 को लेकर सहमत नहीं थे। लेकिन उनकी राय की लगातार अनदेखी की जाती रही। खबर के मुताबिक निर्वाचन आयुक्तों की राय को 14 बार नजरअंदाज किया गया। जिसकी लिखित शिकायत दोनो ने देश के कैबिनेट सचिव को की। लेकिन उन्होंने भी इस मामले में कुछ नहीं किया। इसका सीधा मतलब है कि चुनाव आयोग में सीईसी ही सारे फैसले अपनी मर्जी से ले रहे थे, जिसमें दूसरे किसी की कोई भूमिका नहीं थी। जनता के सामने यह दिखाने की कोशिश हो रही थी कि सारा काम मिलजुलकर और एक राय से हो रहा है। जबकि वास्तविकता कुछ और थी। इसका सीधा मतलब है कि चुनाव आयोग में शीर्ष स्तर पर दरार है, जोकि नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग का काम देश में निष्पक्ष चुनाव कराना है न कि किसी दल विशेष का एजेंडा पूरा करना है। लेकिन ज्ञानेश कुमार के चलते आयोग गंभीर संदेह के घेरे में आ गया है। खास बात यह है कि यह खबर छपने के बाद दो निर्वाचन आयुक्तो ने चुप्पी साध रखी है तो भारत निर्वाचन आयोग ने अपने बचाव में एक बयान जारी कर कहा कि आयोग में असहमतियां हो सकती हैं, लेकिन सारे फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। जबकि इतने गंभीर आरोपों पर चुनाव आयोग को मीडिया के सामने आकर जवाब देने चाहिए थे। हैरानी की बात यह है कि चुनाव आयोग पर लगे आरोपों का जवाब भाजपा दे रही है। उसका कहना है कि विपक्ष हताशा में ऐसे बयान दे रहा है। जबकि ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे या फिर उन पर महाभियोग चलाकर पद से हटाने के साथ चार राज्यों के विस चुनाव रद्द कर फिर से कराने की मांग कर दी है। अब देखना यह है कि क्या मोदी सरकार खुद को बचाने के लिए ज्ञानेश की 'बलि' देती है या अपना दामन साफ होने प्रमाण कैसे देती है। यह पूरा मामला इसलिए गंभीर है, क्योंकि यह भारतीय लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं की पवित्रता और निष्पक्षता पर भी सवाल है।

# आरक्षण और समाज में बढ़ता अलगाव

**इस प्रकार की घटनाएं समाज में उस अविश्वास और कटुता को हवा दे रही हैं, जो दशकों के सामाजिक मेल-मिलाप के बाद बड़ी मुश्किल से सींची गई थी। जब एक वर्ग यह महसूस करता है कि कानून और व्यवस्था के मोर्चे पर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और प्रशासनिक मशीनरी भी सत्ता की राजनीतिक प्राथमिकताओं के आगे झुक चुकी है, तो समाज के भीतर एक गहरा क्षोभ जन्म लेता है। यह क्षोभ केवल आर्थिक या शैक्षणिक अधिकारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आत्मसम्मान की लड़ाई बन जाता है।इस पूरे परिदृश्य में एक बुनियादी सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र में बहुसंख्यक लेकिन संख्यात्मक रूप से खंडित सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा का कोई लोकतांत्रिक उपाय शेष नहीं बचा है? क्या सिर्फ इसलिए किसी वर्ग की आवाज को दबा दिया जाएगा क्योंकि उनके पास चुनाव जिताने लायक एकीकृत वोट बैंक की ताकत नहीं है?**

**राजनीतिक दलों की यह कार्यप्रणाली अंततः देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है। जब न्याय और संवाद के द्वार एक विशेष वर्ग के लिए बंद कर दिए जाते हैं, तो लोकतंत्र की मूल भावना आहत होती है।आज जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल तात्कालिक चुनावी लाभ और वोट बैंक की गणित से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों की चिंताओं को सुनें। आरक्षण की समीक्षा का मुद्दा हो या यूजीसी जैसे मामलों में निष्पक्षता का प्रश्न, इन पर बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के एक खुली और पारदर्शी राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए। यदि राजनीति समाज के घावों पर मरहम लगाने के बजाय उन्हें वोट की तराजू में तौलना जारी रखेगी, तो मुंबई जैसी घटनाएं केवल अपवाद नहीं रहेंगी, बल्कि यह देश के अन्य हिस्सों में भी सामाजिक असंतोष की बड़ी आंधी का रूप ले सकती हैं।**

भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में आरक्षण, यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के प्रावधानों और सामाजिक न्याय की नीतियों को लेकर एक नया और गहरा वैचारिक संघर्ष आकार ले रहा है। हाल के दिनों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और अन्य अगड़ी जातियों (जिन्हें सामान्य वर्ग या सवर्ण समाज कहा जाता है) के बैनर तले हो रहे आंदोलन इस बात के गवाह हैं कि देश की सामाजिक बनावट में सुलग रही असंतोष की चिंगारी अब सतह पर आ चुकी है। इन आंदोलनों की तीव्रता किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर भारत से लेकर महाराष्ट्र और महानगरों तक इसका विस्तार देखा जा रहा है। सवर्ण समाज की इस नाराजगी के केंद्र में आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की मांग और उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होने वाले यूजीसी के दिशा-निर्देशों का विरोध मुख्य रूप से शामिल है। आंदोलनकारियों का तर्क है कि जातिगत आरक्षण ने मेधा और योग्यता की अनदेखी की है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और सामान्य वर्ग के युवाओं के लिए अवसरों का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। उनका यह भी मानना है कि यूजीसी के कुछ नए नियमों और प्रावधानों के क्रियान्वयन से विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता प्रभावित हो रही है, जिससे बहुसंख्यक सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों में असुरक्षा की भावना पनप रही है।

जमीन पर उतरकर यदि इस आंदोलन की नब्ज टटोली जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि यह केवल कुछ लोगों का तात्कालिक आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस लंबी असंतुष्ट खामोशी का प्रस्फुटन है, जो पिछले कई दशकों से मुख्यधारा की राजनीति में अपनी अनदेखी महसूस कर रही थी। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे पेचीदा और विरोधाभासी पहलू यह है कि इतनी बड़ी सामाजिक हलचल के बावजूद देश का कोई भी प्रमुख राजनीतिक दल इन आंदोलनकारियों के पक्ष में खुलकर खड़ा होता नजर नहीं आ रहा है। राजनीतिक गलियारों में छाई यह खामोशी इस देश की उस चुनावी सच्चाई को उजागर करती है, जिसे हम वोट बैंक की सियासत कहते हैं। भारतीय लोकतंत्र में चुनावी गणित हमेशा से संख्या बल के इर्द-गिर्द बुना जाता रहा है और राजनीतिक दलों के लिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने का सबसे सुगम मार्ग संख्यात्मक रूप से बड़े समूहों को साधना माना गया है। इसी राजनीतिक विवशता के चलते सवर्ण जातियों के इन जायज सरोकारों और तर्कों पर बात करने से भी राजनीतिक दल कतराते दिख रहे हैं। एक समय था जब भारतीय जनता पार्टी को वैचारिक और




सामाजिक रूप से मुख्य तौर पर ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी समझा जाता था और यह माना जाता था कि अगड़ी जातियों के हितों की रक्षा के लिए यह दल स्वाभाविक आश्रय स्थल है। परंतु, समय के चक्र और चुनावी राजनीति की अनिवार्यताओं ने इस समीकरण को पूरी तरह बदल दिया है। आज सत्ता के शीर्ष पर बैठी भाजपा हो या विपक्ष के अन्य दल, सभी इस बात को भली-भांति समझते हैं कि राजनीतिक वजूद को बचाए रखने के लिए दलित, पिछड़े और आदिवासी समुदायों (बहुजन समाज) का समर्थन अनिवार्य है। यही कारण है कि आज भाजपा बिना किसी संकोच के दलितों और पिछड़ों के अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रतीकों के साथ मजबूती से खड़ी नजर आती है। पार्टी का यह रणनीतिक बदलाव पूरी तरह से व्यावहारिक राजनीति पर आधारित है, जहां चुनावी जीत और सत्ता का संतुलन अगड़ी जातियों की नाराजगी की कीमत पर भी साधने से दल पीछे नहीं हट रहे हैं। यही वजह है कि सरकार इन आंदोलनकारियों की मांगों पर विचार करना तो दूर, उनसे औपचारिक बातचीत करने से भी कतराती दिख रही है।

राजनेताओं को यह डर सता रहा है कि यदि वे सवर्ण आंदोलनों के पक्ष में थोड़ा भी झुकाव दिखाते हैं, तो उनका मुख्य मतदाता वर्ग छिटक सकता है, जिससे चुनावी हार का खतरा पैदा हो सकता है। इस राजनीतिक उदासीनता और प्रशासनिक उपेक्षा का असर अब सीधे तौर पर भारतीय समाज के ताने-बाने पर दिखने लगा है। जब नीति-निर्माता और राजनीतिक दल किसी बड़े सामाजिक वर्ग की शिकायतों को अनसुना कर देते हैं, तो समाज में दूरियां और कड़वाहट बढ़ने लगती हैं।

इसके जमीनी दुष्परिणाम अब आम नागरिकों के जीवन में तनाव और टकराव के रूप में सामने आने लगे हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में हुई कुछ घटनाओं ने यह दिखा दिया है कि कैसे वैचारिक और सामाजिक ध्रुवीकरण का असर रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ने लगा है। यूजीसी के प्रावधानों और जातिगत संवेदनशीलता की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सामान्य वर्ग के लोगों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने या बेवजह निशाना बनाने की खबरें लगातार आ रही हैं। इस प्रकार की घटनाएं समाज में उस अविश्वास और कटुता को हवा दे रही हैं, जो दशकों के सामाजिक मेल-मिलाप के बाद बड़ी मुश्किल से सींची गई थी। जब एक वर्ग यह महसूस करता है कि कानून और व्यवस्था के मोर्चे पर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और प्रशासनिक मशीनरी भी सत्ता की राजनीतिक प्राथमिकताओं के आगे झुक चुकी है, तो समाज के भीतर एक गहरा क्षोभ जन्म लेता है। यह क्षोभ केवल आर्थिक या शैक्षणिक अधिकारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आत्मसम्मान की लड़ाई बन जाता है।इस पूरे परिदृश्य में एक बुनियादी सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र में बहुसंख्यक लेकिन संख्यात्मक रूप से खंडित सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा का कोई लोकतांत्रिक उपाय शेष नहीं बचा है? क्या सिर्फ इसलिए किसी वर्ग की आवाज को दबा दिया जाएगा क्योंकि उनके पास चुनाव जिताने लायक एकीकृत वोट बैंक की ताकत नहीं है? राजनीतिक दलों की यह कार्यप्रणाली अंततः देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है। जब न्याय और संवाद के द्वार एक विशेष वर्ग के लिए बंद कर दिए जाते हैं, तो लोकतंत्र की मूल भावना आहत होती है।आज जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल तात्कालिक चुनावी लाभ और वोट बैंक की गणित से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों की चिंताओं को सुनें। आरक्षण की समीक्षा का मुद्दा हो या यूजीसी जैसे मामलों में निष्पक्षता का प्रश्न, इन पर बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के एक खुली और पारदर्शी राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए। यदि राजनीति समाज के घावों पर मरहम लगाने के बजाय उन्हें वोट की तराजू में तौलना जारी रखेगी, तो मुंबई जैसी घटनाएं केवल अपवाद नहीं रहेंगी, बल्कि यह देश के अन्य हिस्सों में भी सामाजिक असंतोष की बड़ी आंधी का रूप ले सकती हैं।इसलिए, यह समय सभी दलों के लिए आत्ममंथन का है, ताकि लोकतंत्र की गाड़ी को केवल एक पहिए पर खींचने के बजाय समाज के हर हिस्से को साथ लेकर आगे बढ़ाया जा सके।

अध्यात्म

## तुरंत विश्वास करना नुकसान का कारण बन सकता है

एक लोक कथा है, पुराने समय में एक गांव के मंदिर में एक साधु रहता था। वह अपनी तपस्या, अनुशासन और सादगी के लिए प्रसिद्ध था। लोग उसे बहुत सम्मान देते थे और उसे दान भी देते थे। कभी वस्त्र, कभी भोजन, कभी पैसे। धीरे-धीरे उस साधु के पास काफी धन इकट्ठा हो गया। इस धन के साथ ही साधु के मन में भय भी बढ़ता गया। उसे हर समय यह चिंता सताती रहती थी कि कहीं उसका धन चोरी न हो जाए। इसी डर के कारण उसने सारी जमा पूंजी एक पोटली में बांध ली और उसे हमेशा अपने साथ रखना शुरू कर दिया। वह न तो किसी पर भरोसा करता था और न ही किसी को अपने पास आने देता था। उसी गांव में एक चालाक ठग भी रहता था, जिसकी नजर लंबे समय से उस साधु के धन पर थी। वह जानता था कि सीधा तरीके से इस साधु से धन लेना आसान नहीं है, इसलिए उसने एक योजना बनाई। उसने एक भोले-भाले विद्यार्थी का रूप धारण किया और साधु के पास जाकर विनती की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले। उसने मीठी-मीठी बातें कीं और साधु की प्रशंसा की, जिससे साधु प्रसन्न हो गया और उसे अपना शिष्य बना लिया। ठग ने साधु की खूब सेवा की और विनम्रता का दिखावा किया। वह मंदिर की सफाई करता, साधु के कामों में मदद करता और हमेशा आज्ञाकारी बना रहता। उसका व्यवहार इतना प्रभावशाली था कि साधु ने कुछ ही समय में उस पर पूरा विश्वास कर लिया। अब वह अपनी वस्तुएं भी उसके पास रखने लगा। कुछ समय बाद साधु को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव जाना था। वह अपने शिष्य के साथ यात्रा पर निकल पड़ा और अपनी धन की पोटली भी साथ ले ली। रास्ते में नदी आई और साधु ने स्नान करने का निर्णय लिया। उसने पोटली को एक कंबल में लपेटकर नदी किनारे रख दिया और शिष्य से उसकी देखभाल करने को कहा। जैसे ही साधु नदी में गया, ठग को मौका मिल गया। वह तुरंत पोटली उठाकर वहां से भाग गया। जब साधु वापस आया तो सब कुछ लुट चुका था। इस घटना से साधु को गहरा सबक मिला कि बिना जांचे-परखे किसी पर अंधा विश्वास करना कितना खतरनाक हो सकता है।

**सीखः** इस कहानी की सबसे पहली सीख यह है कि अंधा विश्वास खतरनाक हो सकता है। जीवन में हर व्यक्ति अच्छा नहीं होता। इसलिए किसी भी व्यक्ति पर भरोसा करने से पहले उसके व्यवहार और इरादों को समझना जरूरी है।

# दो दशक बाद सड़कों पर भरोसे की 'बस'

**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 7 प्रमुख शहरों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसमें इदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड शामिल है। इंदौर में 145 बस, जिसमें 50 इंटरसिटी, 95 इंट्रासिटी, भोपाल के लिए 106 बसें, जिसमें 23 इंटरसिटी, 83 इंट्रासिटी, जबलपुर के लिए 67 बसें, जिसमें 14 इंटरसिटी, 53 इंट्रासिटी। रीवा की 18 इंटरसिटी बस, देवास की 10 इंटरसिटी बस, कटनी की 3 और भिंड की 2 इंटरसिटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत वर्ष 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़क़र ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती दी जाएगी। प्रदेशभर में लगभग 15,000 से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें संचालित की जाएंगी। इससे प्रतिदिन 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान होगी। साथ ही 180 से अधिक आधुनिक बस स्टैंड्स, टर्मिनल्स और डिपो का कायाकल्प किया जाएगा।**

दो दशक बाद मध्यप्रदेश की सड़क़ों पर भरोसे की 'बस' दौड़ने के लिए तैयार है। डॉ. मोहन यादव सरकार के अथक प्रयासों से एक बार फिर सरकारी बसों की वापसी हुई है। मध्यप्रदेश परिवहन विभाग की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को नाम दिया गया है 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा।' इसके पहले मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के बैनर पर सरकारी बसों का संचालन होता था। नयी पीढ़ी में अधिकतर को तो यह भी नहीं मालूम होगा कि मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम नाम की कोई संस्था सरकारी बसों का संचालन करती थी। दो दशक से निजी बसों में सफर कर रहे लोगों के लिए 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' परिवहन एक नया अनुभव लेकर आ रहा है। इन बसों में सुविधायें वही होंगी, जो निजी बस ऑपरेटर देते हैं लेकिन अपेक्षाकृत जेब पर यह भारी नहीं पड़ेगा। दूरदर्शी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नए तकनीक के साथ इन बसों के संचालन के हामी हैं सो इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने पर उनका जोर है। खास बात यह है कि ये बसें केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि आसपास के कस्बों और छोटे जिलों को जोड़ेंगी। इसे इंटरसिटी बस का नाम दिया गया है। ये बसें दैनंदिनी आवाजाही करने वालों के लिए सुगम साधन बनेगी। पहले चरण में 351 बसों का संचालन करने की योजना है। इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें



120 इंटरसिटी बसें हैं। ये बसें दो या दो से अधिक शहरों के बीच आवागमन को सुगम और तीव्र बनाएंगी। 231 इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सस्ती यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से स्वच्छ ईंधन और इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 7 प्रमुख शहरों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसमें इदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड शामिल है। इंदौर में 145 बस, जिसमें 50 इंटरसिटी, 95 इंट्रासिटी, भोपाल के लिए 106 बसें, जिसमें 23 इंटरसिटी, 83 इंट्रासिटी, जबलपुर के लिए 67 बसें, जिसमें 14 इंटरसिटी, 53 इंट्रासिटी। रीवा की 18 इंटरसिटी बस, देवास की 10 इंटरसिटी बस, कटनी की 3 और भिंड की 2 इंटरसिटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत वर्ष 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़क़र ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती दी जाएगी। प्रदेशभर में लगभग 15,000 से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें संचालित की जाएंगी। इससे प्रतिदिन 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान होगी। साथ ही 180 से अधिक आधुनिक बस स्टैंड्स, टर्मिनल्स और डिपो का कायाकल्प किया जाएगा।

**इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम से निगरानी :** सरकारी बसें कामयाब नहीं होता पाती इसलिए इस नवीन मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत संचालित बसों की निगरानी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एवं उसकी 7 सहायक कंपनियों में अत्याधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन सेंटरों के माध्यम से बसों के संचालन, लोकेशन, समयबद्धता एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही सार्वजनिक बसों में महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इससे यात्री परिवहन व्यवस्था अधिक सुरक्षित, सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में भी मदद मिलेगी। सभी बसों को 07 सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किया जा रहा है। इसके अलावा, पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम), ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र के जरिए सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा सुनिश्चित की जाएगी। भोपाल, बैतूल, छतरपुर, उज्जैन और ग्वालियर में पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं। राज्य में 22 जिला स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र भी जल्द स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में ड्राइवरों को आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल, यातायात सुरक्षा नियमों और इलेक्ट्रिक व सीएनजीबसों के संचालन की जानकारी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इससे नई बस सेवा का संचालन सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से करने में मदद मिलेगी।

**पीपीपी मॉडल से भागीदारी :** जन-निजी भागीदारी को गति देने के लिए पारदर्शी अनुबंध प्रणाली और प्रोत्साहन योजनाएं लागू की जाएगी। इस मॉडल से निजी बस ऑपरेटरों को राजस्व रिसाव रोकने, नॉन-फेयर रेवेन्यू (जैसे विज्ञापन व कार्गो सेवाएं) बढ़ाने और आधुनिक डिपो व टर्मिनलों के उपयोग की सुविधाएं मिलेंगी साथ ही प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी मिलेगा। जब चारों तरफ प्रायवेट सेवाओं का फैलाव हो रहा है तब मोहन सरकार की यह पहल ना केवल स्वागतयोग्य है अपितु नई उम्मीद जगाती है। मध्यप्रदेश शासन की इस नवीन पहल से प्रदेशवासियों को सुगम यात्री परिवहन सेवा के साथ ही परिवहन क्षेत्र में रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। यात्री परिवहन के विस्तार से प्रदेश में बस संचालन, वाहन निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी सेवाओं और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी स्वजन के लिये आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। अपने करियर को लेकर अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**वृषभ**
प्रशासनिक अधिकारियों को उत्कृष्ठ कार्यों के लिये सम्मान मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियाँ धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी।

**मिथुन**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है।

**कर्क**
नवविवाहित जातक अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**सिंह**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या**
व्यवसाय में धन-लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपके विरोध में आ सकते हैं।

**तुला**
विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। सम्पत्ति के मामले अति अनुकूल रहेंगे। संगीत और अभिनय के विषय में आप रुचि ले सकते हैं।

**धनु**
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। शरीर में स्फूर्ति रहेगी। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर अधिक तनाव न लें। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नये अनुबन्ध करने पड़ सकते हैं।

**मकर**
व्यवसायियों की दैनिक आय में वृद्धि की सम्भावना बन रही है। परिवार में आपसी तालेमल बेहतरीन रहेगा।दृढ़ इच्छाशक्ति के बलबूते कठिन कार्य भी आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

**कुंभ**
व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कन्जूसी न करें।

**मीन**
आज जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम-सम्बन्धों को वैवाहिक स्वीकृति मिल सकती है। साझेदारी वाले कार्यों से आपको लाभ मिलेगा।

# श्राद्ध पूर्णिमा को लेकर पुनपुन घाट पर उमड़ा जनसैलाब

**पितरों के मोक्ष के लिए किया गया तर्पण-पिंडदान • अगस्त्य मुनि सहित ऋषियों के निमित्त तर्पण की भी विशेष परंपरा है**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज श्राद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। मोक्ष के प्रथम द्वार पुनपुन घाट पर सुबह से ही हजारों पिंडदानियों ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान किया। पुनपुन पांडा समिति के सचिव राकेश उर्फ रिंकू पांडे ने बताया कि आज भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 26 सितंबर, शनिवार को पूर्णिमा श्राद्ध मनाया जा रहा है। इसी दिन से 17 दिवसीय पितृपक्ष की विधिवत शुरूआत मानी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार आज के दिन उन पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है, जिनका देहांत किसी माह की पूर्णिमा तिथि को हुआ हो। इसके अलावा आज अगस्त्य मुनि सहित ऋषियों के निमित्त तर्पण की भी विशेष परंपरा है। पुनपुन पंडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने बताया कि श्राद्ध पूर्णिमा पितरों के आह्वान का सबसे खास दिन है। आज पिंडदान करने से पितरों को सीधे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि शुक्रवार से मेला शुरू होते ही नेपाल सहित देश के कोने-कोने से पिंडदानी पुनपुन पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को नेपाल के मोरंग जिले से 50 श्रद्धालुओं के जत्थे ने पहला पिंडदान किया था, आज संख्या हजारों में पहुंच गई है। शास्त्रों के अनुसार पूर्णिमा श्राद्ध पितृपक्ष से अलग, लेकिन उसका प्रवेश द्वार माना जाता है। आज सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर दक्षिण दिशा की ओर मुख करके जल, कुशा और काले तिल से पितरों का तर्पण किया जाता है। पके चावल, दूध, घी, शक्कर और काले तिल से पिंड बनाकर अर्पित किया जाता है।इसके बाद पंचबलि की परंपरा निभाई जाती है, जिसमें गाय, कुत्ते, कौए, अग्नि और चींटियों के लिए भोजन का अंश निकाला जाता है। फिर ब्राह्मण भोज, दक्षिणा और अन्न-वस्त्र का दान किया जाता है। आज के लिए कुतुप और रौहिण मुहूर्त को श्राद्ध के लिए सर्वोत्तम माना गया है। पौराणिक कथा है कि भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ सबसे पहले पुनपुन में ही अपने पितरों का पिंडदान किया था, तभी से पुनपुन को आदि गंगा और मोक्ष का प्रथम द्वार कहा जाता है। गरुड़ पुराण में भी इसका उल्लेख है। मेला 10 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या तक चलेगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी, मेडिकल कैंप, पेयजल, शौचालय और 150 निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था की है।

## पुनपुन पितृपक्ष मेले में सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल, पिंडदानी के 9000 रुपये उड़ाये चोर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले में श्राद्ध पूर्णिमा पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरों ने सीतामढ़ी से पिंडदान करने आए एक पिंडदानी के 9 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद मेला प्रशासन के सुरक्षा के दावों पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित पिंडदानी प्रगास महतो पिता स्व. खूबलाल महतो, साकिन लक्ष्मीपुर, जिला सीतामढ़ी शनिवार सुबह 8 बजे पुनपुन घाट पर पिंडदान के लिए पहुंचे थे। वे विधि-विधान से तर्पण कर रहे थे। इसी दौरान जब वे पुनपुन नदी में स्नान करने गए, तो रखे हुए कपडे से अज्ञात चोरों ने 9 हजार रुपये निकाल लिए। पैसा चोरी होने के बाद पिंडदानी के सामने संकट खड़ा हो गया। उन्हें यहां से गयाजी जाकर पिंडदान करना है और फिर घर लौटना है।

## बारिश में धुल गए प्रशासन के दावे, पुनपुन पिंडदान स्थल हुआ पानी-पानी, पिंडदानियों को हुई भारी परेशानी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले में जिला प्रशासन की तैयारियों की पहली बारिश में ही पोल खुल गई। शनिवार को हुई बारिश के बाद पिंडदान के लिए बनाया गया मुख्य पंडाल पूरी तरह पानी-पानी हो गया। पंडाल में पानी आ जाने से पिंडदानियों को खड़े-खड़े ही पिंडदान और तर्पण करना पड़ा। प्रशासन ने मेला शुरू होने से पहले पिंडदानियों को हर सुविधा देने का वादा किया था, लेकिन बारिश होते ही वादे धरे रह गए। बेगूसराय से आए पिंडदानी सुभाष प्रसाद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बारिश में छिपने और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी। हम लोग खड़े-खड़े ही विधिवत तर्पण करने को विवश हुए। पिंड को नदी में प्रवाहित भी नहीं कर सके। लखीसराय से आई महिला पिंडदानियों ने भी व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन को पता था कि यह बरसात का समय है, तो पंडाल में वाटरप्रूफिंग की मुकम्मल व्यवस्था होनी चाहिए थी। सिर्फ उद्घाटन करके अधिकारी चले गए, जमीनी हकीकत कोई देखने वाला नहीं है।पूरा पंडाल परिसर जलजमाव में तब्दील हो गया। इधर-उधर पानी भरा होने से बैठकर पूजा-अर्चना करना मुश्किल हो गया। महिला पिंडदानियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुनपुन पंडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने भी प्रशासन पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले पिंडदानी क्या संदेश लेकर जाएंगे कि बिहार में यही व्यवस्था होती है। न बैठने की जगह है, न बारिश से बचने की। उन्होंने मांग की है कि आने वाले दिनों में पंडाल की व्यवस्था तुरंत सुदृढ़ की जाए ताकि पिंडदानी शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर विधिवत पूजा कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण संरक्षण विषय पर डॉक्यूमेंट्री

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के 'लीगल लिटरेसी क्लब' द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय के तहत जल संरक्षण पर रामकिशन नंदराम चोयल द्वारा वर्ष 2021 में निर्देशित एवं प्रदर्शित 'टपक



टपक' डॉक्यूमेंट्री का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर संस्थान की प्राचार्या डॉ. अमृता, निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. फरहत जबीन व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### छात्रा का अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल, केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा का अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में अजीत कुमार ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री जो पढ़ने-लिखने वाली छात्रा है, उसका गांव के ही एक युवक ने गंदा फोटो बनाकर इंस्टाग्राम पर भेजकर वायरल कर दिया है। आवेदन के आधार पर मसौढ़ी (नदौल ओपी) थाना में कांड संख्या 678/26 POCSO एक्ट एवं 67/67A IT एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

### महिला से मारपीट और गाली-गलौज, थाना में केस दर्ज


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गंगाचक मलिकाना गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता जीता देवी उम्र 48 वर्ष, पति कृष्णा यादव, साकिन गंगाचक मलिकाना ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर पर बैठी थीं। उसी दौरान गांव के ही जयराम यादव उम्र 35 वर्ष, मिथुन राम यादव उम्र 30 वर्ष दोनों पिता रामबाबू यादव, बेबी देवी 18 वर्ष पति जयराम यादव, गुड़िया देवी उम्र 24 वर्ष पति मिथुन राम यादव और बेबी देवी का भाई धीरेंद्र यादव सभी साकिन गंगाचक मलिकाना एकजुट होकर उनके घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बेबी देवी के भाई धीरेंद्र यादव ने पति कृष्णा यादव के नाम की जमीन का जबरन एग्रीमेंट करवा लिया है और रास्ता रोकने को लेकर भी विवाद कर रहे हैं। इसी बात को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने थानाध्यक्ष से आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पहली बार दुर्गा पूजा में होगा डांडिया नाइट महोत्सव

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर मसौढ़ी में पहली बार डांडिया नाइट महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम नवरात्र की सप्तमी और अष्टमी के दिन आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर आयोजकों ने तैयारी तेज कर दी है।कार्यक्रम दोस्ताना माहौल में होगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों के भाग लेने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार डांडिया महोत्सव के जरिए स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिलेगा। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सोशल मीडिया क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सोनू उर्फ राधे, मुकुल शर्मा, आनंद राज, नीरज कुमार, सनी कुमार ,आशीष देव समेत कई युवा शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि मसौढ़ी में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है। इसका उद्देश्य नवरात्र के उत्साह के साथ-साथ युवाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को बाहर लाना है।

### पैसेंजर ट्रेन के ओवरहेड में फंसी पेड़ की टहनी, हादसा टला

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेलखंड पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। पुनपुन घाट रेलवे स्टेशन के पास पैसेंजर ट्रेन के ओवरहेड तार में पेड़ की टहनी फंसने से करीब कई घंटों तक रेल परिचालन बाधित रहा। घटना



दोपहर करीब 2.54 बजे की है। ट्रेन संख्या 63391 इसलामपुर पटना मेमू जो इसलामपुर से जटडुमरी होते हुए पटना की ओर जा रही थी। डाउन लाइन पर पुनपुन घाट के पास अचानक एक पेड़ की टहनी टूटकर ओवरहेड तार पर गिर गई और इंजन में फंस गई, जिससे ट्रेन वहीं रुक गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात आई तेज आंधी-पानी के कारण पेड़ की डाल पहले से ही झुकी हुई थी। ट्रेन के गुजरने के दौरान वह टहनी ओवरहेड में फंस गई। सूचना मिलते ही पुनपुन जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे की टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद टहनी को हटाया। इस दौरान डाउन लाइन पर परिचालन बाधित रहा। कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं।लगभग घंटो बाद ओवरहेड को दुरुस्त कर परिचालन सामान्य किया गया। जीआरपी तरेगना रेल थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि एक पैसेंजर ट्रेन के इंजन के ऊपर पेड़ की टहनी गिर गई थी इस वजह से ट्रेन का परीचालन बाधित रहा है। टेक्नीशियन टीम आने के बाद इसे दुरुस्त करने मे जुटे रहे। ट्रेन का परिचालन बाधित रहने से यात्रियों के बीच घंटों फजीहत झेलनी पड़ी, यात्री परेशान रहे, वहीं पटना दनियावां रेलखंड में भी यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर 'भारत के क्षेत्रीय व्यंजनों की प्रदर्शनी' का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, कंकड़बाग, पटना में राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अवसर पर शनिवार, 26 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग एवं न्यूट्रिशन क्लब द्वारा IQAC के तत्वावधान में 'पारंपरिक खाद्य, स्वस्थ विकल्प- भारत की पोषण विविधता का उत्सव' विषय पर 'भारत के क्षेत्रीय व्यंजनों की प्रदर्शनी' का सफल आयोजन किया



गया। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. विद्या, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एवं संयोजक, न्यूट्रिशन क्लब रहीं। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) श्यामा राय ने पारंपरिक भारतीय भोजन के पोषण महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में छात्राओं ने बिहार, बंगाल, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र एवं पूर्वोत्तर भारत सहित विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए। निर्णायक मंडल में प्रो. (डॉ.) श्यामा रॉय, डॉ. बिमला चौधरी एवं डॉ. रचना जयसवाल शामिल रहीं। स्टॉलों का मूल्यांकन पोषण मूल्य, प्रामाणिकता, स्वच्छता, रचनात्मकता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। प्रथम पुरस्कारः गुजराती स्टॉल झ्र निशा राज, गृह विज्ञान, स्नातक सेमेस्टर-क् द्वितीय पुरस्कारः बंगाल स्टॉल झ्र आनंदिता राज, प्राणीशास्त्र, स्नातक सेमेस्टर-क्क्क्; तृतीय पुरस्कारः बिहारी व्यंजन एवं बिहारी पिठ्ठा स्टॉल झ्र सोनी छाया, गृह विज्ञान, स्नातक सेमेस्टर-श् एवं सोनम कुमारी, गृह विज्ञान, स्नातक सेमेस्टर-क्रही। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतीकरणः निशा राज, गृह विज्ञान, स्नातक सेमेस्टर-क् गुजराती स्टॉल को मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रॉक्टर डॉ. बिधु बाला, शिक्षकगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### पुलिस पिटाई से आहत युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के राजघाट नवादा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रवि केवट पिता सुरेश महतो उर्फ नरेश महतो के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की बर्बरता और न्याय नहीं मिलने से आहत होकर युवक ने यह कदम उठाया। परिजनों के मुताबिक बीते दिनों पिपरा पुलिस सुरेश महतो की मछली दुकान पर पहुंची और शराब बेचने का आरोप लगाकर तलाशी की बात कही। थाने पर जानकारी लेने गई बेटी खुशबू कुमारी को भी पकड़ लेने का आरोप है। परिजनों का आरोप है कि थाने में सुरेश महतो के साथ मारपीट की गई जिससे उनका हाथ टूट गया, जबकि पत्नी और बेटियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

## ज्वेलरी दुकानदार पर गिरवी रखे सोने के जेवरात हड़पने और धोखाधड़ी का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में एक ज्वेलर्स दुकानदार पर गिरवी रखे सोने के जेवरात हड़पने और धोखाधड़ी का आरोप लगा है। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजेन्द्र प्रसाद केशरी पिता स्व. सिद्धेश्वर प्रसाद केशरी, साकिन रहमतगंज सब्जी मंडी, गंगाचक मलिकाना, मसौढ़ी ने बताया कि उन्होंने 9 अगस्त 2022 को न्यू चांदनी ज्वेलर्स, डाकबंगला रोड मसौढ़ी के प्रोपराइटर सन्नी कुमार और राहुल कुमार उर्फ छोटू कुमार से 1 लाख रुपये उधार लिए थे। उधार के एवज में दुकानदार ने उनसे सोने का पेन, अंगूठी और अन्य जेवरात कुल 35 ग्राम सोना गिरवी के रूप में ले लिया और रसीद दी। कहा था कि पैसा लौटाने पर जेवर वापस कर देंगे।पीड़ित के अनुसार छह महीने बाद जब वे पैसा लौटाने गए तो दुकानदार ने 4 प्रतिशत ब्याज जोड़कर 1 लाख 24 हजार रुपये मांगे। जबकि उधार लेते समय कोई ब्याज तय नहीं हुआ था। पैसे का इंतजाम करने में समय लग गया और अब दुकानदार सूद मिलाकर 2 लाख 24 हजार रुपये मांग रहा है और बिना पूरा पैसा दिए जेवर और खाता बंद करने से इनकार कर रहा है।पीड़ित ने अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा तो दुकानदार ने जवाब दिया कि वे जेवर गिरवी रखकर पैसा नहीं देते, जबकि पीड़ित के पास गिरवी की रसीद मौजूद है।

## भट्ठा से ईंट निकालने पर 5 लाख रंगदारी की मांग, चेन और 8 हजार छीने, केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठा संचालक से रंगदारी मांगने और मारपीट कर सोने की चेन व नकद छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में छोटकी मसौढ़ी निवासी राजीव कुमार उर्फ रिशु कुमार ने बताया कि वे अपने गांव के संजीव कुमार के साथ महावलीपुर स्थित अपने ईंट भट्ठे पर चेंबर से ईंट निकलवाने गए थे। वहां महादेवपुर गांव के प्रकाश चंद्र उम्र 55 वर्ष पिता चंद्रदेव सिंह, ग्राम कलुआ, थाना सिकरिया, जिला जहानाबाद पहुंचे और मजदूरों को ईंट निकालने से मना करने लगे।

## साहित्य सम्मेलन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ने किया पदभार ग्रहण



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने शनिवार को अपना पद-भार ग्रहण किया। उनके साथ सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, संगठन मंत्री ई अशोक कुमार तथा भवन अभिरक्षक-सह परिसर विकास मंत्री प्रवीर कुमार पंकज ने भी सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ के समक्ष अपने-अपने पद-भार ग्रहण किए। सम्मेलन के प्रशासी पदाधिकारी सूबेदार नन्दन कुमार मीत ने सभी पदाधिकारियों को पुष्प भेंटकर स्वागत किया। पद-ग्रहण के पश्चात डा पाण्डेय ने सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा अध्यक्ष की स्वीकृति प्राप्त कर, सम्मेलन की पुनर्गठित कार्यसमिति की प्रथम बैठक की अधिसूचना निर्गत की। निर्गत अधिसूचना के अनुसार कार्यसमिति की बैठक आगामी 4 अक्टूबर को पूर्वाहन 10-30 बजे सम्मेलन-सभागार में आहूत होगी। इसके पूर्व 30 सितम्बर को सम्मेलन के नव-नियुक्त सभी पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न होगी, जिसमें उन्हें उनके कर्तव्यों और अधिकारों से परिचित कराया जाएगा। पदभार-ग्रहण करने से पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री समेत चारों मंत्रियों को पद और मयार्दा की शपथ दिलायी। अन्य मंत्रियों और अधिकारियों को 30 सितम्बर को आहूत बैठक में शपथ दिलायी जाएगी।

## डॉ. सुधीर कुमार को मिला 'यंग अचीवर लीडर अवार्ड'

**फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए आई ए पी ने किया सम्मानित, पालीगंज का नाम किया रोशन**




**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनुक्षी एडवांस फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर के निदेशक एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुधीर कुमार (पीटी) को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और नेतृत्व क्षमता के लिए प्रतिष्ठित 'यंग अचीवर लीडर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी) की ओर से आई ए पी एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 के तहत प्रदान किया गया। नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड फिजियोथेरेपी एशिया वेस्टर्न पैसिफिक रीजनल कॉन्फ्रेंस 2026 के दौरान 26 और 27 सितंबर को डॉ. सुधीर कुमार को यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने की जानकारी के बाद पालीगंज के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों और उनके शुभचिंतकों में खुशी है। डॉ. सुधीर कुमार फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत हैं। मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, बेहतर उपचार पद्धतियों और सेवाभाव को प्राथमिकता दी है। उनकी इसी कार्यशैली और योगदान को देखते हुए आई ए पी की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए उत्साहवर्धक है और मरीजों की बेहतर सेवा के लिए उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने मरीजों, सहयोगियों और परिवार के सदस्यों को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों, सहकर्मियों, मरीजों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान पालीगंज के लिए भी गौरव की बात है।

## बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, एक दिन में 6 लोगों पर प्राथमिकी 67,096 जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत मसौढ़ी विद्युत विभाग ने एक ही दिन में बड़ी कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने पकड़ी और कैलाश नगर इलाके में छापेमारी कर 6 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा। सभी के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 138 के तहत मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।जानकारी के अनुसार मसौढ़ी-2 प्रशाखा के कनीय अभियंता आशीष कुमार शैलेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पकड़ी गांव में 5 जगहों पर टोका फंसाकर चोरी पकडि गई है जिसमें नागेश्वर बिंद पिता रामसेवक बिंद, 9,481 रुपये। विनोद प्रसाद पिता भोला प्रसाद, 20,763 रुपये। गोपाली देवी पति वृंदलाल बिंद, 12,231 रुपये। बिनोद पंडित पिता दिनेश पंडित,, क्षति 12,377 रुपये। विजय बिंद पिता राजेंद्र बिंद 12,244 रुपये। इन सभी के घरों में पोल से मीटर तक आए सर्विस तार के अलावा अलग से ढश्उ तार जोड़कर सीधे पोल से टोका फंसाकर बिजली जलाई जा रही थी। मौके से तार काटकर जब्त किया गया।

## महात्मा गांधी के शिक्षा दर्शन में विद्यार्थी और राष्ट्र निर्माण का विशेष महत्व



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के इतिहास विभाग के तत्वावधान में शनिवार को 'महात्मा गांधी, शिक्षा एवं विद्यार्थी' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के IQAC के अध्यक्ष-सह-समन्वयक प्रो. संतोष कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं गांधी के शिक्षा-दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था के विकास में गांधी के शैक्षिक विचारों का महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। उन्होंने गांधी के शिक्षा-दर्शन की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में 'महात्मा गांधी, शिक्षा एवं विद्यार्थी' का विषय अत्यंत प्रासंगिक है और इस पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अरविंद कुमार, इतिहास विभागाध्यक्ष, पाटलीपुत्रा विवि, ने महात्मा गांधी के शिक्षा संबंधी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी ने औपनिवेशिक शिक्षा व्यवस्था के स्वरूप को चुनौती देते हुए शिक्षा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य किया। गांधी की दृष्टि में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं थी, बल्कि व्यक्ति और समाज के समग्र विकास का साधन थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात विद्यापीठ के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विक्रम सिंह अमरावत ने कहा कि गांधी शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण का अनिवार्य साधन मानते थे। उन्होंने गांधी के जीवन की विभिन्न घटनाओं एवं प्रसंगों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों के प्रति उनके विचारों तथा शिक्षा संबंधी दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. रणजीत कुमार, प्रो उषा प्रसाद, प्रो. सुनीता लाल एवम डॉ. संतोष रजक का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## पहली तिमाही में दर्ज किया 99.31% का शानदार क्लेम सेटलमेंट रेशियो

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के लिए 99.31% का क्लेम सेटलमेंट रेशियो घोषित किया है, जो आधिकारिक आकड़ों (फॉर्म एल-39 और एल-40) के आधार पर भारत की शीर्ष जीवन बीमा कंपनियों में सबसे अधिक है। इस तिमाही के दौरान, कंपनी ने 414.08 करोड़ रुपए मूल्य के व्यक्तिगत मृत्यु दावों का निपटान किया। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में प्रमुख जीवन बीमाकताओं में कंपनी का प्रति दावा औसत मूल्य लगभग 15 लाख रुपए था, जो सबसे अधिक है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ- अंडरराइटिंग एंड रिटेल क्लेम्स, श्री सारंग गोखले ने कहा, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में, हम अपने ग्राहकों और उनके परिवारों के लिए क्लेम प्रक्रिया को सरल, सुगम और समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में, हमारा क्लेम सेटलमेंट रेशियो इंडस्ट्री में सबसे अधिक 99.31% रहा। इसके साथ ही, बिना जाँच वाले मामलों में आखिरी दस्तावेज मिलने की तारीख से क्लेम सेटल करने का हमारा औसत समय सिर्फ 1 दिन का रहा।

## रामप्रवेश सिंह हत्याकांड में पुलिस कार्रवाई पर परिजनों के सवाल

**नामजद आरोपी को छोड़ने से आक्रोश**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के भगत टोला के समीप झाड़ियों से मवेशी कारोबारी रामप्रवेश सिंह का शव बरामद होने के बाद मामले की जांच को लेकर परिजन और ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। परिजनों के अनुसार हत्या के मामले में मंगल भगत, दीपक भगत, सोनू कुमार और बबलू कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों ने मामले के नामजद आरोपी मंगल भगत को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। उसकी निशानदेही पर ही रामप्रवेश सिंह का शव बरामद किए जाने की बात सामने आई थी। पूछताछ के दौरान मंगल भगत द्वारा रंजीत कुमार के भी मामले में शामिल होने की बात कहे जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस की ओर से इस संबंध में अब तक कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।इसी बीच रामप्रवेश सिंह का शव मिलने के करीब छह घंटे बाद अप्राथमिकी अभियुक्त बताए जा रहे रंजीत कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रंजीत कुमार आत्मसमर्पण करने के लिए पचमहला थाना जा रहा था, इसी दौरान ट्रेन से गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं, रंजीत की मौत को लेकर भी परिजनों की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।मृतक के परिजनों का आरोप है कि नामजद अभियुक्त सोनू कुमार को पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। इसी बात को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी है। परिजन सवाल उठा रहे हैं कि यदि सोनू कुमार नामजद अभियुक्त है तो उसे हिरासत में लेने के बाद छोड़ा क्यों गया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में आया नया आवेदन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि एवं राजस्व से संबंधित एक नया आवेदन प्राप्त हुआ। जनता दरबार में अंचलाधिकारी (सीओ) रवि शेखर की मौजूदगी में लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान एक पुराने मामले का मौके पर ही निष्पादन किया गया। सीओ ने संबंधित कर्मियों को प्राप्त आवेदन की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा अन्य लंबित मामलों का भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी रवि शेखर ने बताया कि कुछ अन्य पुराने मामले में एक पक्ष के द्वारा अपने मामले को प्रस्तुत किया गया था लेकिन दूसरे पक्ष के बरसात के मौसम के कारण मौजूदगी नहीं होने के कारण लगभग पांच मामलों की सुनवाई के बाद उचित नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है, वैसे मामलों में दूसरे पक्ष को पुनः पत्र लिखा गया है। इस मौके पर राज्यसभा अधिकारी रामप्रवेश साहू, राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



### 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर एकमा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से रविवार को कार्यक्रम के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से पूरा करने की अपील की गई है। भाजपा के एकमा विधानसभा संयोजक बलवंत कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम को सुनने के बाद निर्धारित गतिविधियों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम से संबंधित फोटो एवं आवश्यक जानकारी अपने-अपने मंडल स्तर पर उपलब्ध कराएं, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों का विवरण समय पर संकलित किया जा सके। उन्होंने कार्यकताओं से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। श्री सिंह ने कहा है कि कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

### एकमा में जैक से शटर उठाकर ज्वेलर्स दुकान में चोरी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-मांझी बरौली पथ पर हंसराजपुर पुराने सीएचसी भवन के समीप स्थित मानसी ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने जैक की मदद से दुकान का शटर ऊपर उठाया और ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद सोना-चांदी के आभूषण रखे लॉकर को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके। लॉकर नहीं टूटने से उसमें रखे कीमती आभूषण सुरक्षित बच गए। दुकानदार राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर वह अपने भाई के साथ घर चले गए थे। देर रात घटना की जानकारी मिलने पर दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने आलमारी में रखे लॉकर को औजारों से तोड़ने का काफी प्रयास किया था। दुकानदार के अनुसार, दुकान से कुछ सामान चोरी होने की बात सामने आई है। चोरी गए सामान का आकलन किया जा रहा है। बताया गया कि घटना के दौरान आसपास से राहगीरों की आवाजाही और आहट मिलने पर चोर मौके से फरार हो गए। दुकानदार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 11 बजे से सुबह तक क्षेत्र में बिजली नहीं थी। आशंका है कि चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एकमा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



### 12 साल बाद कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के खरजावां पानी टंकी के पास 12 साल पहले युवक को गोली मारकर हत्या के प्रयास के चर्चित मामले में अनुमंडल व्यवहार न्यायालय मसौढ़ी ने फैसला सुना दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 संजीव कुमार की अदालत ने अभियुक्त गोरख कुमार उर्फ धर्मवीर कुमार को दोषी करार देते हुए 7 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 24 अक्टूबर 2013 की है। मसौढ़ी थाना कांड संख्या 04/2024, एसटी नंबर 1460/2024 का यह मामला है। घायल सुनील कुमार उम्र 32 वर्ष पिता रामेश्वर प्रसाद, ग्राम खरजामा ने पीएमसीएच में इलाज के दौरान 29.11.23 को स्कराजू कुमार दुबे के समक्ष बयान दिया था। पीड़ित ने बताया था कि 24 अक्टूबर 23 को सुबह करीब 6:10 बजे वह शौच के लिए घर से निकला था। घायल को परिजनों ने ढटउल्र में भर्ती कराया।इसी मामले में शुक्रवार 26.09.2026 को अदालत ने अभियुक्त गोरख कुमार पिता सुरेश प्रसाद साकिन खरजामा को धारा 307 क्ढ्ढउ में 7 वर्ष की सजा व 10 हजार रुपये जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा, तथा 27 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष की सजा व 500 रुपये जुमार्ना, न देने पर 3 माह अतिरिक्त सजा सुनाई। सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने पैरवी की।

### श्री ढोंढ़नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल शुरू

**लहलादपुर/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के लहलादपुर प्रखंड के दंदासपुर गांव स्थित प्रसिद्ध श्री ढोंढ़नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल शुरू हो गई है। पर्यटन उद्योग समिति के अध्यक्ष मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्य गौतम कृष्ण, बब्बलू कुमार एवं रामानंद मंडल ने गुरुवार को मंदिर परिसर का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार तथा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने स्थानीय लोगों को मंदिर के विकास एवं पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक पहल किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटाने तथा मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों को दुरुस्त कराने की मांग रखी। लोगों ने कहा कि मार्ग एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास होने से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ सकती है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केंद्रीय कारा एवं पर्यवेक्षण गृह का किया विस्तृत निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण अभिषेक कुमार दास द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण नितिन त्रिपाठी के साथ आज केंद्रीय कारा, मोतिहारी एवं पर्यवेक्षण गृह, मोतिहारी का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा दोनों संस्थानों के विभिन्न वार्डों का क्रमवार एवं विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा बंदियों एवं किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा, विधिक सहायता एवं अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया गया।



**केंद्रीय कारा का वार्डवार निरीक्षण '**

केंद्रीय कारा के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में जाकर वहां रह रहे बंदियों से सीधे बातचीत की गई तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, दवाओं की उपलब्धता, मुलाकात की व्यवस्था तथा विधिक सहायता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान वार्डों एवं परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। शौचालयों, स्नानागारों, रहने के स्थानों तथा आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने को कहा गया।

**भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष जोर**

अधिकारियों द्वारा कारा में बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की भी जानकारी ली गई। भोजन की गुणवत्ता, निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, भोजन तैयार करने के स्थान की स्वच्छता तथा भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यह स्पष्ट किया गया कि बंदियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना कारा प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान कारा अस्पताल एवं चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। बंदियों को समय पर चिकित्सकीय जांच, आवश्यक दवाएं एवं उपचार उपलब्ध कराने तथा गंभीर अथवा विशेषज्ञ चिकित्सा की आवश्यकता वाले बंदियों को समय पर उचित उच्चतर चिकित्सा संस्थान में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा अभिलेखों के उचित संधारण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आरोपियों/बंदियों की न्यायालय में समय पर पेशी के संबंध में भी विशेष रूप से चर्चा की गई। निर्देश दिया गया कि किसी भी आरोपी की न्यायालय में पेशी अनावश्यक रूप से लंबित न हो तथा जहां विधि एवं न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आवश्यक हो, वहां समय पर भौतिक अथवा वैधानिक रूप से अनुमत माध्यम से पेशी सुनिश्चित की जाए।

### प्रतिकूल मौसम के कारण सम्भव नहीं हो सका विमानों का उड़ना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी में आयोजित भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के बहुप्रतीक्षित एयर शो में शामिल होने वाले विमानों का टेकऑफ कुशीनगर से होना था। वहां लगातार हो रही बारिश और प्रतिकूल मौसम के कारण विमानों का उड़ान भरना संभव नहीं हो सका। परिणामस्वरूप, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए इस एयर शो को स्थगित करना पड़ा है। सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कुशीनगर से प्राप्त हुए एक विडियो को साझा करते हुए मौसम की स्थिति को स्पष्ट किया ' उन्होंने कहा कि यह निर्णय मौसम की स्थिति और भारतीय वायुसेना के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए लेना पड़ा है। सिंह ने मोतिहारी की जनता का भारतीय वायुसेना के प्रति यह अभूतपूर्व उत्साह और प्रेम के साथ जनता के सहयोग, धैर्य और विश्वास के लिए आभार प्रकट किया।

## बच्चों की कल्पनाओं में दिखेगा विकसित भारत का सपना : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मोतिहारी के श्री महावीर राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लुअठहां में मेरे सपनों का भारत : चित्रसेवा। कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने सपनों के भारत की कल्पना को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि बच्चों के सपने ही आने वाले भारत की तस्वीर हैं। चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें देश और समाज के प्रति अपनी सोच व्यक्त करने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही वर्ष 2047 के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पीढ़ी हैं। विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयास का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी विकसित भारत@2047 के विजन में युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। श्री सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने चित्रों में केवल वर्तमान भारत को नहीं, बल्कि उस भारत को चित्रित करें जिसे वे भविष्य में देखना चाहते हैं- एक ऐसा भारत जो शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक, कृषि, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास, बेहतर शिक्षा, आधुनिक कृषि, स्वच्छ पर्यावरण, युवाओं के लिए अवसर और महिला सशक्तीकरण जैसे विषय विकसित भारत की व्यापक कल्पना का हिस्सा हैं।




## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर एकमा सीएचसी के फार्मासिस्ट नितेश कुमार सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदर अस्पताल, छपरा के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सारण के सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा में कार्यरत फार्मासिस्ट नितेश कुमार को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने पर नितेश कुमार ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर मिला यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ-साथ कार्य के प्रति नई प्रेरणा और जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सम्मान के लिए सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। नितेश कुमार के सम्मानित होने पर सीएचसी एकमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार, डॉ. गंगासागर बिंदु, डॉ. मयंक कुमार, डॉ. इरफान अहमद, डॉ. गुंजन कुमार, स्टोर इंचार्ज ओम प्रकाश प्रसाद, लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका और उनके दायित्वों को भी रेखांकित किया गया।

**डॉक्टर्स सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने दी बधाई**




## पटलिपुत्र विवि के महिला महाविद्यालयों को अलग विवि में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालयों को अलग कर माता सीता महिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत लाने की पहल के विरोध में गंगा देवी महिला महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्राओं ने विरोध जताया। महाविद्यालय परिवार ने कहा कि वर्तमान में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं। ऐसे में अलग विश्वविद्यालय के गठन से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था पर अतिरिक्त भार पड़ने के साथ नई जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। शिक्षकों ने कहा कि 19वीं और 20वीं सदी में जब महिलाओं की शिक्षा तक पहुंच सीमित थी एवम उस समय उनके लिए अलग विद्यालय, महाविद्यालय समय एवम परिस्थिति की मांग थी लेकिन वर्तमान समय की सामाजिक परिस्थितियां बदल चुकी हैं। आज आवश्यकता महिलाओं को अलग शैक्षणिक व्यवस्था में सीमित करने की नहीं, बल्कि समावेशी एवं समान अवसर आधारित उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की है, जहां सभी जेंडर के विद्यार्थियों और शिक्षकों को समान शैक्षणिक एवं संस्थागत अवसर प्राप्त हों। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि किसी भी निर्णय से पूर्व शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों सहित सभी हितधारकों से व्यापक संवाद किया जाए तथा इसके शैक्षणिक, प्रशासनिक और सामाजिक प्रभावों का समुचित मूल्यांकन कराया जाए।



## कृषि टास्क फोर्स की बैठक



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवाही के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद प्रखंडवार कृषि गतिविधियों, उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण तथा विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

**उर्वरक की उपलब्धता और वितरण पर विशेष निगरानीः**

बैठक में प्रखंडवार उर्वरक की आवश्यकता, उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने उर्वरक दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में की गई छापेमारी की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि छापेमारी का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि उर्वरक की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर स्टॉक प्राप्त होने के साथ ही उसकी ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। वास्तविक स्टॉक एवं वितरण की नियमित निगरानी के साथ दुकानों के रजिस्टर की जांच की जाए। साथ ही यह भी सत्यापित किया जाए कि किसानों को वास्तव में उर्वरक प्राप्त हुआ है या नहीं।

**फार्मर आईडी निर्माण में तेजी के निर्देश**

बैठक में फार्मर आईडी निर्माण की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने वर्तमान प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और निर्धारित समय-सीमा में फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंचल स्तर पर बड़ी संख्या में जमाबंदियों के निर्माण एवं परिमार्जन का कार्य चल रहा है। संबंधित पदाधिकारी अंचल स्तर से जमाबंदी संबंधी रिपोर्ट प्राप्त कर उसका समुचित मिलान करें और पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र तैयार कराएं। उन्होंने कहा कि खाता, खेसरा एवं रकबा आदि विवरण में कमी पाए जाने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसे अंचलाधिकारी के स्तर से दुरुस्त कराया जा रहा है। ऐसे में फार्मर आईडी निर्माण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

**ई-केवाईसी कार्य मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश**

ई-केवाईसी की प्रखंडवार स्थिति की समीक्षा के दौरान भी जिला पदाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को मिशन मोड में ई-केवाईसी पूरा कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि दस्तावेजीकरण या तकनीकी स्तर पर किसी प्रकार की समस्या आने पर उसे लंबित न रखा जाए। ऐसी समस्याओं को तत्काल जिला कृषि पदाधिकारी के संज्ञान में लाया जाए, ताकि जिला स्तर से राज्य अथवा आवश्यकतानुसार केंद्र स्तर पर समाधान के लिए कार्रवाई की जा सके।

## मसौढ़ी थाना का वार्षिक निरीक्षण, सिटी एसपी ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना में शनिवार को वार्षिक निरीक्षण के साथ जनता दरबार का आयोजन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुश्री शैलजा ने थाना पहुंचकर निरीक्षण किया और आम लोगों की शिकायतें सुनीं। मौके पर थाना अध्यक्ष विवेक भारती समय थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे, निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस सिस्टम, CCTNS प्रणाली, सिरिस्ता कार्य और लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की। थाना के अभिलेखों के संधारण और कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। इसके बाद थाना परिसर में जनता दरबार लगाया गया। इसमें पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे वरीय अधिकारी के समक्ष रखे। सिटी एसपी ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित और विधि-सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना और क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करना है। इस दौरान बैठक में शामिल हुए मसौढी के दुकानदारों और समाजसेवियों ने मसौढी बाजार में लग रहे हैं जाम,और पेट्रोलिंग टाइट करने और तंग गलियों में पुलिस पेट्रोलिंग टाइट करने की बात बताया गया, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू सिंह, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार,विकास यादव,मसुद रजा, विक्की जयसवाल आदी शामिल रहे, वहीं पूर्वी सिटी एसपी ने आश्वासन दिया कि जल्दी इन सभी चीजों पर गंभीरता ली जाएगी।



### भोजपुरी भारती का 43वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**लहलादपुर/एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारी बारिश के बावजूद बुधवार की देर रात तक बिहार के सारण जिले के एकमा विधानसभा के लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र के जनता बाजार में भोजपुरी भारती का 43वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता गुरुचरण गुरु ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. अनिल प्रसाद, डॉ. ज्योत्स्ना प्रसाद, अमिताभ पांडेय, दिवाकर उपाध्याय एवं अरविंद श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भोजपुरी हमारी मातृभाषा है और इसके संस्कार एवं समृद्ध परंपरा को सुरक्षित रखने की जरूरत है। भोजपुरी बोलना किसी तरह की लज्जा या निरक्षरता का प्रतीक नहीं, बल्कि गौरव की बात है।

## तेज हवा-बारिश से एकमा में जनजीवन प्रभावित, कहीं पेड़ गिरा तो कहीं कीचड़ में फंसा ट्रक

**एकमा-ताजपुर मुख्य मार्ग पर विशाल पेड़ गिरने से घंटों आवागमन बाधित, प्रखंड मुख्यालय में खाद्यान्न लदा ट्रक फंसा**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण एकमा क्षेत्र में आवागमन और बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। एकमा-ताजपुर मुख्य मार्ग पर राजापुर टोला के समीप विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जबकि प्रखंड मुख्यालय में निमार्णाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर सरकारी खाद्यान्न लदा एक ट्रक का एक टायर सड़क से उतरकर कीचड़ में फंस गया। दोनों घटनाओं के कारण राहगीरों व श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



**सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन रहा ठप**

एकमा-ताजपुर मुख्य सड़क पर राजापुर टोला गांव के समीप नहर पुलिया मार्ग में चौबाह बाबा ब्रह्म स्थान के समीप तेज हवा के दौरान अचानक एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया।

पेड़ गिरने के बाद सड़क पर दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। यह मार्ग एकमा नगर पंचायत बाजार को मांझी प्रखंड के ताजपुर व डुमाईगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से जोड़ता है और इस पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों और राहगीरों का आवागमन होता है।

**संयोग से टला बड़ा हादसा**

शनिवार की दोपहर में तेज हवा व बारिश के दौरान पेड़ गिरने के समय इस सड़क से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, व्यस्त सड़क होने के कारण यदि पेड़ वाहनों या राहगीरों के बीच गिरता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

**विद्युत आपूर्ति चरमराई**

क्षेत्र में एक तरफ सड़क पर पेड़ गिरा तो दूसरी ओर विभिन्न गांवों व स्थानों पर विद्युत तार व पोल भी क्षतिग्रस्त हुआ। घटनाओं की सूचना विद्युत विभाग को दी गई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बंद करा दी गई। इससे किसी तरह की अनहोनी की आशंका को टाला जा सका।

**जेसीबी से हटाया गया गिरा पेड़**

नगर पंचायत की मुख्य पार्षद श्वेता रानी के निर्देश पर जेसीबी और मजदूरों की मदद से पेड़ को काटकर सड़क से हटाया गया। पेड़ हटाए जाने के बाद मार्ग पर शनिवार शाम तक आवागमन दोबारा सामान्य हो सका।

**जर्जर पेड़ों की जांच की मांग**

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे कई बड़े और पुराने पेड़ मौजूद हैं। तेज हवा और बारिश के दौरान इनके गिरने का खतरा बना रहता है। लोगों ने सड़क किनारे स्थित ऐसे पेड़ों की समय-समय पर जांच कराने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

## जदयू संगठन में नई नियुक्ति, विकासचन्द्र उर्फ पिंकू कुमार बने प्रखण्ड उपाध्यक्ष

**'जय निशान्त,तय निशान्त' का नारा पार्टी के संक्रमण काल में सबसे जरूरी**

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू दनियावां प्रखण्ड में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नई नियुक्ति की गई है। दनियावाँ प्रखण्ड जदयू के अध्यक्ष सह मुखिया ग्राम पंचायत राज दनियावां नवनीत कुमार विकासचन्द्र उर्फ पिंकु कुमार, ग्राम-बड़ी केवई निवासी को पटना जिला अन्तर्गत दनियावाँ प्रखण्ड के जनता दल यू के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। पत्र में अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा है कि आशा है कि उनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा उनके सक्रिय सहयोग से संगठन को मजबूती प्रदान होगी। शुभकामनाओं के साथ उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष विकासचन्द्र उर्फ पिंकु कुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। पूर्व सीएम नीतीश कुमार के विकास कार्यो को घर-घर तक ले जाना ही उनका लक्ष्य रहेगा।साथ ही 'जय निशांत,तय निशान्त' के लिए कार्य करेंगे। इस मनोनयन के लिए उन्हें मनोज पटेल, किसान प्रकोष्ठ के एक्टिव मेम्बेर्स सरथुआ के सुनील कुमार, डॉ. राजीव कुमार नयन,पुष्पेश पटेल, शशिकांत दिवाकर,राजा बाबू,खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार,दिनेश कुमार, गोपाल चंद्र आजाद,राहुल कुमार जॉन, नागेन्द्र चंद्रवंशी,राजकमल पटेल, रणधीर कुमार, संत कुमार मुन्ना (खरभैया), मुन्ना महतो (परशन्नबीघा), कर्मवीर नीरज कुमार वर्मा, रिम्पी देवी व दर्जनों अन्य जदयू कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं और बधाई दी है। इस मनोनयन पर प्रखण्ड के जदयू कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है।





# टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का प्रभारी मंत्री ने किया वितरण

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेखा-जोखा और उपलब्धियों की समीक्षा, वर्ष 2026-27 की भावी कार्ययोजना पर बनी सहमति**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत औरंगाबाद जिले में टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ पोषण सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में आज दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री रमा निषाद, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पोषण किट में प्रोटीन एवं आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री, जिसमें सोयाबीन, सरसों तेल, आटा, दाल आदि शामिल हैं, उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में टीबी मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाए रखने तथा उनके उपचार के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। पिछले माह औरंगाबाद जिले में कुल 1,951 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया था। इस माह भी टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों से नियमित रूप से दवा लेने, चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने तथा उपलब्ध पोषण सहयोग का लाभ उठाने की अपील की गई। साथ ही आमजनों से टीबी के प्रति जागरूक रहने, संभावित लक्षण होने पर समय पर जांच कराने तथा टीबी मरीजों के प्रति सहयोग एवं संवेदनशीलता का भाव रखने की अपील की गई। टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनभागीदारी और सामुदायिक सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को समय पर जांच, उपचार एवं आवश्यक पोषण सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला योजना पाधिकारी अविनाश प्रकाश एवं अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## महाधरना की तैयारी को लेकर शिक्षा सेवक व तालीमी मरकज संघ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज संघ प्रखंड इकाई कुटुंबा की एक आवश्यक बैठक शनिवार को अंबा में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 सितंबर 2026 से 4 अक्टूबर 2026 तक पटना के गर्दनीबाग में आयोजित होने वाले अनिश्चितकालीन धरने की रूपरेखा तय करना और उसकी पुरजोर तैयारी करना रहा। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजाराम एवं संचालन सचिव शम्भू शरण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की उपेक्षा के कारण शिक्षा सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस दौरान संघ ने अपनी प्रमुख चार सूत्री मांगों को मजबूती से रखा, जिनमें पिछले चार माह से लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान करना, उचित वेतन वृद्धि करते हुए सम्मानजनक वेतनमान लागू करना, विद्यालयों में विधिवत समायोजन की प्रक्रिया पूरी करना, सभी शिक्षा सेवकों व तालीमी मरकज कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देना तथा सेवाकाल के दौरान आकस्मिक स्थिति में अनुकंपा का लाभ प्रदान करना शामिल था। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो पटना के गर्दनीबाग में होने वाला आंदोलन ऐतिहासिक और आर-पार का होगा।

## सरोज कुमार बने प्रखंड अध्यक्ष



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। लोजपा रामविलास पिछड़ा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सौरव कुमार ने सरोज कुमार गुप्ता को ओबरा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है। भखरुआं स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सौरभ कुमार ने सरोज कुमार को मनोनयन का पत्र सौंपा। उनका स्वागत किया गया। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि आने वाले समय में संगठन के हित में सरोज कुमार काम करेंगे। संगठन को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर मेहंदी इमाम, ललन यादव, मिथिलेश पासवान, मुरारी सिंह यादव, शिवकुमार यादव, विकास प्रजापति एवं अन्य उपस्थित रहे। नव मनोनीत अध्यक्ष सरोज कुमार को गुलदस्ता, माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## पिछड़ों को भागीदारी दे रहा एनडीए : सौरभ

लोजपा रामबिलास पिछड़ा अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार ने विशेष बातचीत में कहा कि बिहार की राजनीति हो या देश की राजनीति, एनडीए पिछड़ों और अति पिछड़ों को महत्वपूर्ण भागीदारी दे रही है। आने वाले चुनाव में भी यह स्पष्ट दिखेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष हो या सत्ता पक्ष, सभी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। लेकिन ओबीसी राजनीति पर विपक्ष सिर्फ बातें बनाता है, जबकि एनडीए लगातार उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास करता है। हर अवसर पर इस सामाजिक समूह को हिस्सेदारी देने का काम पार्टी व गठबंधन करता है।

## डीएसपी को बताई क्षेत्र की समस्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बेलाढी निवासी समाजसेवी आशुतोष पटेल और अंचल कार्यालय के कर्मी छोटू कुमार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चन्द्रभूषण से मिलकर प्रखंड में हो रही विधि -व्यवस्था की समस्या के बारे में बात की। छोटू कुमार ने दिन में हो रही चोरी की समस्या और बढ़ते हुए अपराध को लेकर एसडीपीओ से बातचीत की। टीम बनाकर इस मुद्दे को लेकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। दाउदनगर - गया रोड में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और गश्ती दल पर निगरानी रखने का अनुरोध किया। वहीं आशुतोष पटेल ने युवाओ में सुखे नशे को लेकर चिंता व्यक्त की। चोरी की घटनाओं को लेकर अपनी बात रखी। एसडीपीओ ने अलग से टीम बनाकर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## 7वें वेतनमान की मांग को लेकर शिक्षकों ने आंदोलन की तैयारी पर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन हसपुरा प्रखंड इकाई की महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कोर कमेटी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। बैठक में शिक्षकों को 7वें वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षक संगठनों द्वारा आगामी 2 अक्टूबर से पटना में आंदोलन एवं महासत्याग्रह किए जाने की घोषणा के मद्देनजर हसपुरा प्रखंड से शिक्षकों की भागीदारी और संगठनात्मक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सचिव रवि कुमार, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, उपाध्यक्ष निशांत कुमार चंदन, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी ज्याउल्लाह अंसारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशा मिश्रा तथा प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के लवकिशोर प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि 7वें वेतनमान की मांग को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है और आगामी कार्यक्रमों को लेकर संगठन के स्तर पर तैयारी जारी है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। एरकीकला उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं के द्वारा विकसित भारत 2047 के निमित्तभारत को स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी 2047 तक आर्थिक रूप से संपन्न, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, सुशासन और पर्यावरण की स्थिरता पर जोर देता है। युवा शक्ति की भूमिका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, आज की युवा पीढ़ी ही विकसित भारत की मुख्य निर्माता और इसकी सबसे बड़ी लाभार्थी होगी।युवाओं से आह्वान किया गया है कि वे जमीन पर जाकर गांवों, विभिन्न क्षेत्रों और समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को समझें। प्रमुख विकास और पहल बुनियादी ढांचा इन्फ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे, हाइवे, मेट्रो और नए हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार डिजिटल क्रांति डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई का व्यापक उपयोग और डिजिटल भारत अभियान आत्मनिर्भरता घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए केक इन इण्डिया और सेमीकंडक्टर मिशन जैसी योजनाएं। कल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान भारत, उज्वला योजना और स्वच्छता भारत मिशन के माध्यम से नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार। विकसित भारत के संकल्प और युवा शक्ति की भूमिका के बारे में प्रधानमंत्री मोदी के विचार पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता कक्षा 11, 12 वर्ग के छात्र-छात्रा भाग लिए तथा पेंटिंग 10 वर्ग के छात्र छात्र एवं 8 क्लास के छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही सुंदर और भाव तरीके से विकसित भारत के निमित्त ध्यान में रखते हुए पेंटिंग बनाया गया जिसमें भारत का मानचित्र संपूर्ण भारत का अखंड मानचित्र बनाया गया और विभिन्न तरह का मानचित्र के माध्यम से पेंटिंग बनाकर दीक्षित भारत के विकसित संकल्प का पेंटिंग के माध्यम से दिखाया गया यह कार्यक्रम देश के एसएससी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न तरह के कार्यक्रम सभी स्तर पर आयोजित किया जा रहा है इस निमित्त आज उच्च माध्यमिक विद्यालय एरकी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर संबोधित करने का अवसर प्राप्त हुआ इस अवसर पर विद्यालय के हिंदी में भाग लेने वाले 10वीं क्लास के अमृता कुमारी पल्लवी कुमारी सोनालिका कुमारी, 8 क्लास के अनामिका कुमारी, संध्या कुमारी, निशा कुमारी, रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, आरती कुमारी, इशू कुमारी तथा प्रधानाचार्य अरुण कुमार दास एवं हेड मास्टर रामकुमार, शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिषेक कुमार पांडे, मनीष कुमार, विजय कुमार, कुंदन वर्मा, अवंती कुमारी, नूतन सिंह, विजय सिंह, सूर्यदेव सिंह, विकास कुमार, सीमा कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वीर बाल संघ ने कराया भव्य भंडारा

**बिहारशरीफ**। आलमगंज स्थित वीर बाल संघ की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। आयोजकों के अनुसार, एक हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को लेकर संघ के सदस्यों ने विशेष तैयारी की थी। श्रद्धालुओं के बैठने और प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। संघ के सदस्यों ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसा। प्रसाद के रूप में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को एकजुट करने और सेवा भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है।

## पुण्यतिथि पर लगाया निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। गयाजी रोड स्थित जीवक हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को डॉ. जय प्रकाश कुमार (जे.पी.) की माता स्व. लालमुनी देवी की तीसरी पुण्यतिथि पर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर सह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए गए। शिविर में पटना से पहुंचे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवेंद्र कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अनुपम कुमार एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम कुमारी ने मरीजों की जांच की। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। श्रद्धांजलि समारोह की शुरुआत स्व. लालमुनी देवी के चित्र पर अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र एवं माता कर्मा देवी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. लालमुनी देवी ने अपने बच्चों को बेहतर संस्कार और परवरिश दी। उनके तीनों पुत्र चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कार्य करते हुए समाजसेवा से जुड़े हैं। परिवार की बहू भी चिकित्सक हैं। वक्ताओं ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्व. लालमुनी देवी को सच्ची श्रद्धांजलि है। विजय अकेला ने डॉ. जे.पी. के सामाजिक सरोकारों की सराहना करते हुए कहा कि पटना के विशेषज्ञ चिकित्सकों को दाउदनगर बुलाकर लोगों का निःशुल्क इलाज एवं परामर्श उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। इससे क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा का लाभ मिलता है। समारोह के दौरान स्व. लालमुनी देवी के जीवन, उनके संस्कार एवं परिवार को दिए गए मार्गदर्शन को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं डॉ. जे.पी. के सामाजिक कार्यों, सरल एवं मृदुल व्यवहार तथा समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की भी चर्चा की गई।

### एक नजर

#### राजद कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश पर शहर के रमेश चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के निवर्तमान प्रधान महासचिव अनिल टाइगर ने किया। राजद नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को तत्काल रोकने की मांग की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए उनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को केंद्र सरकार ने कठपुतली बना दिया है। बिहार के लोकतंत्र को बचाने के लिए राजद सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा। कार्यक्रम में राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### 3 अक्टूबर को रखा जाएगा जितिया व्रत

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। संतान की दीर्घायु और मंगलकामना का पर्व जीवित्पुत्रिका (जितिया) व्रत इस वर्ष 3 अक्टूबर, शनिवार को रखा जाएगा। आचार्य पं. लालमोहन शास्त्री के अनुसार 2 अक्टूबर, शुक्रवार दोपहर 11:17 बजे के बाद सप्तमी तिथि शुरू होगी, इसी दिन नहाय-खाय होगा। 2 अक्टूबर की देर रात (भोर में करीब 4 बजे) ओठगन की परंपरा के तहत अल्पाहार व जल ग्रहण किया जाएगा। 3 अक्टूबर सुबह 9:53 बजे से शुरू होने वाली अष्टमी तिथि 4 अक्टूबर रविवार सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। बिहार-यूपी पंचांगों के अनुसार व्रत 3 अक्टूबर को मान्य है। आचार्य शास्त्री ने बताया कि 4 अक्टूबर को सुबह 7:27 बजे के बाद नवमी तिथि के प्रथम चरण और सूर्योदय उपरांत पारण करना शास्त्रसम्मत होगा।

#### उर्वरक विक्रेताओं को दिया गया फर्टिलाइजर सेल ऐप का प्रशिक्षण

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को उर्वरक विक्रेताओं को 'फर्टिलाइजर सेल एप्लिकेशन' के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य बिक्री व्यवस्था को डिजिटल व पारदर्शी बनाकर किसानों तक गुणवत्तायुक्त खाद-बीज की सहज पहुंच सुनिश्चित करना है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती ने प्रोजेक्टर के जरिए विक्रेताओं को किसान निबंधन से लेकर क्यूआर कोड आधारित वितरण की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज और खाद सुलभ कराओ' पर जोर देते हुए ऐप के अधिकतम उपयोग की अपील की। मौके पर बीएओ रंजीत कुमार, कृषि समन्वयक धर्मेंद्र कुमार, बीटीएम कुंदन कुमार, एटीएम अवनीश कुमार व मुकेश कुमार उपस्थित थे। वहीं विक्रेताओं में अजय सौंडिक, युगल किशोर सिंह, वकील गिरी, लक्ष्मी नारायण, बिजेंद्र कुमार और विजय यादव शामिल रहे।

#### रावण पुतला दहन समिति का गठन

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। आदर्श युवा क्लब के तत्वावधान में आदर्श नगर हसपुरा में विजयादशमी पर होने वाले रावण पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर समिति का गठन किया गया है। सुचारू संचालन के लिए 11 सदस्यों को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। संरक्षक मंडल में शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, एनएसएसटी राजू कुमार, कौशल शर्मा, डॉ. विपिन कुमार, दीपक कुमार पटेल, डॉ. अरविंद कुमार साधु, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, संतोष कुमार (एलआईसी), वीरेंद्र कुमार खत्री, प्रमोद कुमार चौधरी (सचिवालय), अभय कुमार उर्फ पिंटू राम तथा शिक्षक एकबाल सिंह शामिल हैं।

## अंबा बेरी जीविका महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी की द्वितीय वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। 'अंबा बेरी जीविका महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' के कार्यालय में शनिवार को द्वितीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और 'बढ़ते कदम' सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। सभा में कंपनी की शेयरधारक महिला किसानों, निदेशकों, जीविका दीदियों और परियोजना अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कंपनी की निदेशक सलोनी कुमारी ने व्यवसाय वृद्धि की प्रगति रिपोर्ट और भावी रोडमैप साझा किया। वहीं, प्रखंड परियोजना प्रबंधक धनंजय कुमार ने शेयरधारक दीदियों को उन्नत किस्म के बीजों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साझा मंच पर शेयरधारक जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कंपनी से जुड़ने के बाद उनकी आमदनी में इजाफा हुआ है और परिवार में निर्णय लेने की क्षमता व सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। इस अवसर पर वाईपी (फार्म) अजित पटेल, लघु उद्यमी विकाश कुमार, सामुदायिक समन्वयक मृत्युंजय भारती समेत कंपनी के सीईओ, निदेशक मंडल के सदस्य व जीविका टीम के कर्मी उपस्थित रहे।

## पितृपक्ष महोत्सव पर कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति



**औरंगाबाद**। पितृपक्ष के अवसर पर विष्णुधाम मंदिर परिसर, जम्होर में आयोजित दो दिवसीय पितृपक्ष महोत्सव का शनिवार को श्रद्धा, सांस्कृतिक उल्लास एवं स्थानीय सहभागिता के साथ भव्य समापन हुआ। महोत्सव के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध परंपरा एवं स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में राजा मंडल, अंतरा घोष, शिवांगी कुमारी, रंजन रसिया, जिया कुमारी एवं निरंजन विद्यार्थी ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।महोत्सव के सफल आयोजन में विष्णुधाम मंदिर न्यास समिति का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। न्यास समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, सचिव सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह एवं महंथ बालकानन्द ब्रह्मचारी द्वारा आयोजन के दौरान आवश्यक सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया गया।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)
Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates
(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party: Janata Dal (United)**
***Name of the Election: Election to the Legislative Council From Tirhut Graduates Constituency**
**Name of State/UT: Bihar**
(1) Name of the Constituency- **Tirhut Graduates Constituency**
Name of the candidate- **Sri Abhishek Jha**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34 (Fight between students in the college campus. A compromise petition was filed between both parties in court. But the case is pending as all the complainants required to be present in court in person, could not do so as after completing college they were away in far off places busy with their jobs)<br>2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34 (The case was filed against me and my family members who were preventing the complainant from trespassing the property of which we are the rightful owners. A counter case also has been filed by us against the complainant) |
| | b. | Case no. | 1. Case No. 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna<br>2. Case No. 106/2016 P.S. Shastri Nagar Patna |
| | c. | Name of the Court | 1. C.J.M., Patna<br>2. ACJM IV |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (I) Yes<br>(II) Yes |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | N/A |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Our Candidate Mr. Abhishek Jha is the spokesperson of our party who is very articulate in both Hindi and English languages. Apart from his academic qualifications, he has been doing exceptional social service in the Districts of Sitamarhi, Sheohar, Muzaffarpur and Vaishali districts which are part of the Tirhut Graduates Constituency. Overwhelming majority of the office bearers and party workers from these districts have unanimously recommended to our party leadership to field Mr. Abhishek Jha as the party's Candidate from this Constituency. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | Our party Office bearers from all the four districts of this constituency were of the unanimous opinion that Mr. Abhishek Jha was a better candidate than all other aspirants who wanted to contest from this constituency. |

(2) Name of the Constituency- **Tirhut Graduates Constituency,** Name of the candidate- **Abhishek Jha** .......................... and so on
* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

**(Shambhu Kushwaha),** General Secretary, Bihar Pradesh Janata Dal (United)

# एनटीपीसी कांटी में ऐश डाइक ब्रीच की आपात स्थिति पर संयुक्त मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** एनटीपीसी कांटी में शनिवार को ऐश डाइक लैगून-2 में ब्रीच तथा तीन व्यक्तियों के डूबने की आपात स्थिति को लेकर संयुक्त आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया एवं आपसी समन्वय का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल का संचालन सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस एवं एनटीपीसी कांटी प्रबंधन के संयुक्त समन्वय से किया गया। आपातकालीन सूचना प्राप्त होते ही निर्धारित आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल के तहत संबंधित टीमों को सक्रिय किया गया। फायर टीम, चिकित्सा दल, सिविल टीम, सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य संबंधित टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया। साथ ही, ब्रीच को नियंत्रित करने और आसपास के क्षेत्र में पानी के बहाव को सीमित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। पूरे आपदा परिदृश्य को लगभग 44 मिनट में नियंत्रित किया गया तथा प्रातः 11:50 बजे ऑल क्लियर सिग्नल दिया गया। इसके बाद असेंबली प्वाइंट के निकट समापन चर्चा एवं ब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसमें मॉक ड्रिल के दौरान की गई कार्रवाई एवं प्राप्त अवलोकनों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एनटीपीसी कांटी के हेड ऑफ प्रोजेक्ट पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल आपात परिस्थितियों में तैयारियों को परखने और विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने मॉक ड्रिल में शामिल सभी टीमों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। मॉक ड्रिल के दौरान उप मुख्य निरीक्षक कारखाना, मुजफ्फरपुर अनिल कुमार तथा एनडीआरएफ, पटना के दीपक कुमार, एसआई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के उपरांत बाहरी पर्यवेक्षकों एवं संबंधित टीमों द्वारा अपने सकारात्मक सुझाव एवं महत्वपूर्ण अवलोकन साझा किए गए।

# रेल आईजी ने अपराध नियंत्रण एवं महिला-बालिका सुरक्षा पर दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रेल पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला प्रभारी पंकज कुमार राज ने आज भागलपुर और नवगछिया पुलिस जिला के सभी पुलिस अधिकारियों से अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था के साथ साथ महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने शनिवार को यहां भागलपुर और नवगछिया पुलिस जिला के प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर पुलिस की अधिकतम विजिबिलिटी खासकर, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए 'पुलिस दीदी' पहल की उपयोगिता एवं प्रभावशीलता जरुरी है। इसके साथ ही प्रमुख स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी पेट्रोलिंग तथा पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। श्री राज ने कहा कि दोनों जिलों के प्रमुख बाजार, बस अड्डे, स्कूल- कॉलेज, कामकाजी महिला के कार्यस्थल, विभिन्न कोचिंग सेंटर, महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं के आवागमन वाले रास्तों के साथ साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों और उसके पहुंच मार्गों पर विशेष नजर संबंधित पुलिस अधिकारी रखेंगे। रेल पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुरुप अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, जन सुरक्षा, डायल -112 की कार्यप्रणाली, लंबित कांडो के त्वरित निष्पादन, आम जनता के साथ बेहतर एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने और पुलिस की प्रभावी तथा दृश्यमान उपस्थिति बनाये रखने की दिशा में सभी पुलिस अधिकारी काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट रुप से पुलिस अधिकारियों को कहा कि दोनों जिलों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो दोषी पुलिस अधिकारी और जवान बक्शे नहीं जाएंगे। बैठक में भागलपुर के पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, नवगछिया के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा सहित दोनों जिलों के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहन जांच के दौरान भाग रहे बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा, देसी कट्टा बरामद

**झाझा/जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झाझा प्रखंड क्षेत्र के द्वारापहाड़ी थाना अंतर्गत द्वारापहाड़ी चौक के समीप शुक्रवार को वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार अचानक भागने का प्रयास करने लगा। उसके इस व्यवहार पर पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए बाबूजोर (करहरा) के पास बाइक सवार को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। द्वारापहाड़ी थानाध्यक्ष छैबर राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के बूढ़ीखार गांव निवासी श्याम शाह के पुत्र अरुण कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस को देखकर आरोपित भागने लगा था। संदेह के आधार पर उसका पीछा कर उसे पकड़ा गया, जिसके बाद तलाशी में देसी कट्टा बरामद हुआ।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सरदार पटेल के नाम पर हो विश्वविद्यालय का नामकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** नावानगर प्रखंड के कड़सर निवासी निराला कुमार चौधरी ने बिहार में किसी एक विश्वविद्यालय का नामकरण लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर करने की मांग मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में उन्होंने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के कई विश्वविद्यालय देश की महान विभूतियों के नाम पर हैं, लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर बिहार में अब तक कोई विश्वविद्यालय अथवा उच्च शिक्षण संस्थान नहीं है। देश की एकता और राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान, देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रप्रेम को भुलाया नहीं जा सकता। निराला कुमार चौधरी ने कहा है कि पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय और पूर्णिया विश्वविद्यालय को छोड़कर राज्य के प्रायः सभी विश्वविद्यालयों के नाम महान विभूतियों के नाम पर हैं। ऐसे में इन चार विश्वविद्यालयों में से किसी एक का नाम बदलकर 'सरदार पटेल विश्वविद्यालय' किया जाना बिहार के लोगों के लिए गौरव और सम्मान की बात होगी। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के निवासियों और राज्य सरकार की ओर से सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मांग पर सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है।

# पुरानी पेंशन समेत विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) भोजपुर एवं राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा के संयुक्त बैनर तले जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांगों को लेकर आरा के रमना मैदान में एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष केदार सिंह ने किया। भूख हड़ताल के समर्थन में विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

**शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयुक्त सचिव डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है. शिक्षक विभिन्न समस्याओं से त्रस्त हैं. राज्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य स्तर पर यह कार्यक्रम बिहार के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है. जगदीशपुर के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष केदार सिंह ने किया। भूख हड़ताल के समर्थन में विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल ने भूख हड़ताल को सफल बताते हुए जिले के सभी शिक्षकों को इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए बधाई दी. उन्होंने सभी शिक्षकों को एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का आह्वान किया। भूख हड़ताल पर धर्म कुमार, अल्का, पुष्पा, किरण कुमारी, चंचला, अंजू और राधा कुमारी रहीं। कार्यक्रम को राजा राम प्रियदर्शी, सुमन, रमेश, रामानंद, मनोज कुमार किरण, मनीष कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र, कृष्णा, नंद कुमार, रमेश जी, सुरेंद्र, शाकिर, मंटु कुमार, कमल नयन, अरबिंदो, देव कुमार, मदन, हरे राम, पुष्पा कुमारी, अंजु कुमारी, राधा कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संबोधित किया।

# पुलिस दीदी ने कोचिंग संस्थानों में छात्राओं से किया संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खैरा/ जमुई।** महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर खैरा थाना पुलिस की ओर से शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस दीदी के तहत थाना की महिला पुलिस टीम ने खैरा प्रखंड के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का भ्रमण कर छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिस पदाधिकारियों ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को सुना। छात्राओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, धमकी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद ली जा सकती है। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी परेशानी को छिपाने के बजाय परिजनों अथवा पुलिस को जानकारी देने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा उन्हें आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सहायता तक आसानी से पहुंच उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# पुलिस दीदी टीम ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जमुई।** जिले के सार्वजनिक प्रमुख स्थानों पर पुलिस दीदी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उक्त जन जागरुकता अभियान शनिवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल के दिशानिर्देश पर पुलिस दीदी द्वारा जिले के सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थानों चलाया गया है। ज्ञात हो कि जमुई जिला अंतर्गत 'पुलिस दीदी' टीम द्वारा सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन एवं नियमित गश्त की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के बीच सुरक्षा का भाव मजबूत करना, उन्हें उनके कानूनी अधिकारों तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 112) के प्रति जागरूक करना और किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़खानी, छींटाकशी, पीछा करना, अभद्र व्यवहार अथवा किसी भी प्रकार का उत्पीड़न करने वाले असामाजिक तत्वों पर जमुई पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे कृत्यों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए सदैव सजग, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

# सेवा संकल्प अभियान में स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**झाझा/जमुई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को झाझा में स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान से हुई। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तथा पुरानी बाजार स्थित उलाय नदी के किनारे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर और जिला अध्यक्ष प्रो. दुर्गा प्रसाद केसरी शामिल हुए। स्टेशन परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ परिसर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया जा रहा है। सीएचसी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक सिंह एवं गौरव कुमार यादव रहे।इसके बाद उलाय नदी तट पर जामुन, आम, अमरूद और आंवला समेत कई फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भैया लाल माथुरी ने की, जबकि संयोजक संगम कुमार झा रहे। जिलाध्यक्ष ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री कंचन देवी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच हिन्दू पुत्र संगठन ने किया राशन वितरण

**शाहपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ की भीषण विभीषिका से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए हिन्दू पुत्र संगठन लगातार धरातल पर सक्रिय है। इसी क्रम में आज संगठन के कार्यकर्ताओं ने शाहपुर प्रखंड के जवइनिया बांध तथा बड़हरा के पिपरपाती गांव में बाढ़ से विस्थापित परिवारों के बीच सूखा राशन सामग्री का वितरण किया। जलजमाव और विकट परिस्थितियों के कारण जिन क्षेत्रों तक आवश्यक सामग्री नहीं पहुँच पा रही थी, वहाँ संगठन के सदस्यों ने नाव और पैदल पहुँचकर राहत कार्य संचालित किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश सम्राट के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत लगभग 400 बाढ़ पीड़ित परिवारों को सूखा राशन किट उपलब्ध कराई गई। इस राशन सामग्री से प्रभावित परिवारों को आगामी एक सप्ताह तक भोजन संबंधी संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। राहत वितरण के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश सम्राट ने कहा, 'आपदा की इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों तक समय पर भोजन और बुनियादी सुविधाएं पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। 'सेवा ही हमारा संकल्प है और मानवता की सेवा ही राष्ट्रधर्म है' के मूलमंत्र पर चलते हुए संगठन का हर कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस राहत अभियान को सफल बनाने में रिंटू गिरी, विशाल, धीरज पांडे, रवि ओबराय, रमेश कुमार सुदामा, राजा ठाकुर, साहिल, रवि कुमार, आशुतोष कुमार, अविनाश सिंह आदि उपस्थित थे।

# यामनी रंजन मिश्रा बने लोजपा आर के राष्ट्रीय प्रवक्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता यामनी रंजन मिश्रा के भोजपुर आगमन पर भोजपुर लोजपा रामविलास के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सर्किट हाउस, आरा में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर यामनी रंजन मिश्रा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, अरुण भारती, धीरेंद्र मुना सहित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि यामनी रंजन मिश्रा भोजपुर के लाल हैं। राजेश्वर पासवान ने कहा कि यामनी रंजन मिश्रा लोजपा परिवार के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं। कार्यक्रम में छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विकास सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज पासवान, लेबर सेल के जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान, संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष राजेश साहू युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव प्रशांत सिंह चंदेल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनीष बुचुली, ललन यादव, अरविन्द ओझा, मीडिया प्रभारी संजू पासवान, अरविन्द कुमार, रजनीश श्रीवास्तव, राहुल कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, नीलेश उपध्याय, सोनू सिंह, संजय राय सहित लोजपा रामविलास के दर्जनों पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने रक्तदान के लिए सीएमओ को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**एनटीपीसी कहलगांव अस्पताल का योगदान बेहतर**



**भागलपुर।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज -अस्पताल के रक्त केन्द्र की ओर से आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहलगांव एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। राज्य सरकार एवं विभिन्न संगठनों की ओर से समय-समय पर जिले में चलाए जा रहे रक्तदान अभियान में एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल के बेहतर योगदान को देखते हुए जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रक्त केन्द्र द्वारा इस बार जीवन ज्योति अस्पताल को सम्मान करने के आलोक में जिलाधिकारी श्रीमती पांडेय ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के के चौधरी को एक साथ तीन पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र दिय और इस अस्पताल से जुड़े सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी और अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में स्वेच्छा से रक्तदान करना एक महान कार्य है और इससे जरुरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। इसके अलावा साल में तीन -चार बार रक्तदान करने वाले लोग भी स्वस्थ रहते हैं।

# वर्षा एवं मौसम की स्थिति के मद्देनजर सतत निगरानी का निर्देश

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय मौसम विभाग एवं बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 28 सितम्बर 2026 तक भोजपुर जिले में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार भोजपुर जिले में हो रही वर्षा एवं मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में वर्षा एवं तेज हवा के कारण गिरे पेड़ों को विद्युत विभाग एवं वन विभाग द्वारा समन्वय के साथ हटाने की कार्रवाई की गई है।


बिहार सरकार

## कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद

**सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

(वित्तीय वर्ष 2026–27)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला परिषद औरंगाबाद के नियंत्राधीन विभिन्न बस स्टैण्ड/हाट बाजार एवं तालाब आदि की वित्तीय वर्ष 2026–27 में (01.11.2026 से 31.03.2027) तक की बंदोबस्ती जिला परिषद कार्यलय में दिनांक 05.10.2026, 07.10.2026 एवं 10.10.2026 को 11 बजे पूर्वाहन् में खुली डाक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। यदि उक्त निर्धारित तिथि को बंदोबस्ती शेष रह जाती है , तब पुनः दिनांक 12.10.2026, 14.10.2026 एवं 16.10.2026 को एवं उसमें से शेष रह जाने पर पुनः दिनांक–22.10.2026, 26.10.2026 एंव 28.10.2026 को जिला परिषद कार्यालय में 11.00 बजे पूर्वाहन् में बन्दोबस्ती की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित तिथियों को डाक में भाग ले सकते हैं। यदि सुरक्षित जमा राशि में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह लेसी को स्वीकार करना होगा।

| क्र0 सं0 | सैरात | सुरक्षित राशि (पूर्ण वर्ष) | 05 माह के लिए (01.11.2026 से 31.03.2027) | अग्रधन की राशि (कुल 05 माह के लिए सुरक्षित राशि का 20%) |
|---|---|---|---|---|
| **बस स्टैण्ड** | | | | |
| 1 | टण्डवा बस स्टैण्ड | 404455.00 | 168523.00 | 33705.00 |
| **हाट बाजार** | | | | |
| 2 | जम्होर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 252821.00 | 105342.00 | 21068.00 |
| 3 | नबीनगर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 127187.00 | 52995.00 | 10599.00 |
| 4 | हसपुरा बाजार | 393300.00 | 163875.00 | 32775.00 |
| 5 | अम्बा बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 172500.00 | 71875.00 | 14375.00 |
| 6 | जम्होर बाजार | 52821.00 | 22009.00 | 4402.00 |
| 7 | खुदवॉ बाजार | 31191.00 | 12996.00 | 2599.00 |
| 8 | सुन्दरगंज बाजार | 29325.00 | 12219.00 | 2444.00 |
| 9 | चरण बाजार | 50773.00 | 21155.00 | 4231.00 |
| 10 | ग्राम मेह, नरारी खुर्द में पुरईन घास की बन्दोबस्ती। (राजस्व) | 376040.00 | 156683.00 | 31337.00 |
| 11 | ओबरा बाजार (राजस्व) | 389620.00 | 162342.00 | 32468.00 |
| 12 | बारूण बाजार (राजस्व) | 502148.00 | 209228.00 | 41846.00 |
| 13 | अम्बा बाजार (राजस्व) | 230000.00 | 95833.00 | 19167.00 |
| 14 | देव कार्तिक छठ मेला (राजस्व) | 503298.00 (पूर्ण वर्ष) | - | 100660.00 |
| 15 | शिवगंज बाजार (राजस्व) | 231150.00 | 96313.00 | 19263.00 |
| 16 | मदनपुर बाजार (राजस्व) | 703225.00 | 293010.00 | 58602.00 |
| 17 | देव बाजार (राजस्व) | 403650.00 | 168188.00 | 33638.00 |
| 18 | भदवा बाजार (राजस्व) | 200227.00 | 83428.00 | 16686.00 |
| 19 | खराटी पशु मेला (राजस्व) | 333832.00 | 139097.00 | 27819.00 |
| 20 | जम्होर बंसत पंचमी मेला। (राजस्व) | 152088.00 (पूर्ण वर्ष) | - | 30418.00 |
| **तालाब** | | | | |
| 21 | लेम्बोखाप सिन्दुरिया तालाब | 99751.00 | 41563.00 | 8313.00 |

इसके लिए वेबसाईट www.auranabad.bih.nic.in देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.012614 (B&C) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

# ग्रामीण विकास योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा 99.58 फीसदी सोलर स्ट्रीट लाइटें लगीं

## आवास योजना में भी उल्लेखनीय प्रगति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को कारगिल विजय सभा भवन में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 31,030 के लक्ष्य के विरुद्ध 30,900 यानी 99.58 प्रतिशत लाइटों का अधिष्ठापन पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1,24,585 लक्ष्य में 1,23,123 (98.83%), आवास प्लस में 45,792 में 24,414 (53.31%), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता में 1,650 में 1,594 (96.61%) और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 1,063 में 978 (92%) आवास पूर्ण हुए हैं। ई-ग्राम कचहरी में 2,081 मामले दर्ज हुए हैं। मनरेगा के तहत जुलाई-सितंबर तिमाही में 10,80,840 मानव दिवस के लक्ष्य के विरुद्ध 25 सितंबर तक 3,26,737 मानव दिवस सृजित हुए हैं और प्रतिदिन 8,056 श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है, जबकि 1,68,940 सक्रिय मजदूरों में 86.55 प्रतिशत का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। इसके अलावा 18 नई पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्वीकृति और विवाह मंडप निर्माण पर चर्चा हुई। डीएम ने योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

### खाद्यान्न वितरण की डीएम ने की समीक्षा


**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को कारगिल विजय सभा भवन में आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में खाद्यान्न उठाव, डोर स्टेप डिलीवरी, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी और पीडीएस दुकानों के निरीक्षण की समीक्षा की गई। सितंबर माह में डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट द्वारा 99.32 प्रतिशत यानी 1,26,027.44 क्विंटल और मुख्य परिवहन अभिकर्ता द्वारा 69.99 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव किया गया है। जिले में 26,00,499 यूनिट्स में से 25,89,915 यानी 99.59 प्रतिशत का आधार सीडिंग पूरा हो चुका है। स्मार्ट पीडीएस के तहत 10,461 नए राशन कार्ड आवेदनों में से 5,253 को स्वीकृति मिली है और 54.12 प्रतिशत मामलों में ई-केवाईसी पूरी हुई है। अगस्त में 471 पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें 23 में अनियमितता पर स्पष्टीकरण मांगा गया। लोक शिकायत के 1,457 परिवादों का निष्पादन कर लंबित संख्या शून्य कर दी गई है और आरटीआई के 56 में से 53 मामलों का निष्पादन हुआ है। डीएम ने पीडीएस में किसी भी अनियमितता पर कार्रवाई और समयबद्ध वितरण का निर्देश दिया।

### जिला स्थापना दिवस की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में कारगिल विजय सभा भवन में बैठक हुई। 2 अक्टूबर को स्थापना दिवस को गरिमापूर्ण और जनभागीदारी से मनाने पर चर्चा हुई। सुबह प्रभात फ़ेरी और साइकिल रैली से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, साथ ही रक्तदान शिविर और फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन होगा। शाम को प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी कंकौल में सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा। जिले में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। चित्रकला, मूर्तिकला, शिल्पकला प्रदर्शनी और ओपन माइक का भी आयोजन होगा, जिसके लिए इच्छुक कलाकार 28 सितंबर तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप कौशल विकास जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता, कौशल एवं कैरियर लक्ष्य को पहचानकर सही दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में वाणिज्य के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो बीबीएल दास ने बतौर मुख्य वक्ता ये बातें कही। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर चयन में स्पष्ट दृष्टिकोण रखने तथा बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनके स्वागत से हुआ। इसके पश्चात विभागीय शिक्षक श्याम कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पश्चात विभागाध्यक्ष सह निदेशक डॉ राज कुमार साह ने छात्रों को बदलते दौर की मांग, कॉर्पोरेट ट्रेंड्स और भविष्य में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों से जुड़े मुद्दों पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विभागीय छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा शोधार्थियों की उपस्थिति रही। अंत में विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार ठाकुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच का संचालन सीनियर रिसर्च फ़ेलो पायल कुमारी ने किया।

# प्रखंड के सभी विद्यालयों में हुई अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। इस बार संगोष्ठी की थीम 'निपुण पथ - पढ़ना, लिखना और गणना' रखी गई थी। संगोष्ठी के दौरान बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, पढ़ने-लिखने की क्षमता और गणना कौशल पर विशेष चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में प्रगति, उनकी जरूरतों और आगे किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम भी अभिभावकों के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों की शिक्षा और विद्यालय की गतिविधियों में विशेष सहयोग देने वाले अभिभावकों को 'पैरेंट्स ऑफ द मंथ' के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' का सम्मान दिया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक, प्रमोद कुमार साह, विश्वनाथ साह, अशोक, विवेक कुमार, गोपाल राय, प्रकआश रंजन राय, चंदन कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# चिकित्सकों की हड़ताल से ओपीडी सेवा ठप

## बिना उपचार लौटना पड़ा मरीजों को, आयुष चिकित्सक संभाल रहे इमरजेंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिहार चिकित्सा सेवा संघ के आह्वान पर नावकोठी पीएचसी के चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। चिकित्सकों के हड़ताल पर जाने से पीएचसी की सामान्य ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप हो गई है। इलाज कराने पहुंचे मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि सदर अस्पताल, सहरसा के एक चिकित्सक द्वारा पत्रकार के साथ कथित अमर्यादित व्यवहार किए जाने के मामले में संबंधित चिकित्सक पर हुई कार्रवाई के विरोध में बिहार चिकित्सा सेवा संघ ने हड़ताल का आह्वान किया है।

### परेशानी

संघ के आह्वान पर नावकोठी पीएचसी के चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल हैं। शनिवार को रजाकपुर के महादेव पासवान, सलमा प्रवीण, चक मुजफ्फर के शंकर रजक एवं संजय कुमार, हसनपुर बागर की चांदनी खातून, नावकोठी की मालती देवी, रौशन कुमार, अकहा की शहजादी खातून समेत एक दर्जन से अधिक मरीज इलाज कराने पीएचसी पहुंचे थे। ओपीडी सेवा बंद रहने के कारण इन मरीजों को बिना इलाज कराए ही वापस लौटना पड़ा। मरीजों ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल जारी रहने पर अब ग्रामीण चिकित्सकों से इलाज कराने को मजबूर होना पड़ेगा। बरसात के मौसम में सर्दी, खांसी और बुखार समेत अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए पीएचसी पहुंच रहे हैं। ऐसे में ओपीडी सेवा बंद रहने से मरीजों की परेशानी और बढ़ गई है। हालांकि, इमरजेंसी मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आयुष चिकित्सकों की तैनाती की गई है। आयुष चिकित्सक केवल आपातकालीन मरीजों का उपचार कर रहे हैं, जबकि सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी सेवा पूरी तरह प्रभावित है। चिकित्सकों की हड़ताल के कारण पीएचसी में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होने से मरीजों में चिंता बनी हुई है।

# जनता दरबार में पांच मामलों का निष्पादन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचलाधिकारी रानू कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर लगाया गया था। अंचलाधिकारी ने बताया कि आज के जनता दरबार में कुल 5 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 3 नए मामले सामने आए। वहीं 7 मामले पक्षकारों के अनुपस्थित रहने के कारण लंबित रह गए। उन्होंने बताया कि लंबित मामलों से संबंधित पक्षों को अगले शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा जाएगा। विदित हो कि अंचल क्षेत्र में भूमि विवाद से संबंधित नए-नए मामले लगातार सामने आते रहते हैं।

# खेल से खिलाड़ियों में जगता है विश्वास : प्रो. अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में आज अंतर-महाविद्यालय किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु, पुरुष/महिला, प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी अमृत कुमार झा ने नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 157 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 80 पुरुष एवं 77 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता आज एवं कल, अर्थात 26 व 27 सितंबर, 2026 को आयोजित की जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर खेल प्रभारी अमृत कुमार झा ने कहा कि किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु जैसे



कॉम्बैट खेल खिलाड़ियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं मानसिक दृढ़ता का विकास करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में इन खेलों के प्रति उत्साह निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दो दिनों में प्रदर्शन के आधार पर तथा व्यक्तिगत ट्रायल के जरिए चयनित खिलाड़ियों को आगामी अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय टीम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के स्वस्थ भविष्य एवं दीर्घकालिक खेल कैरियर की नींव तैयार करने का भी एक सशक्त मंच है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पूरी खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन एवं विश्वविद्यालय टीम के चयन हेतु गठित चयन समिति में चयनकर्ता के रूप में रूपेश कुमार, एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय, संजीव कुमार, वुशु संघ, दरभंगा, सुनील कुमार चौधरी, एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा, पवन साहनी, के.एस.डी.एस.यू., दरभंगा, मुकेश कुमार मिश्रा, बिहार कराटे संघ, पटना, फुलेश्वर कुमार मंडल, के.एस. कॉलेज, दरभंगा, दिलीप कुमार, पूर्व विश्वविद्यालय खिलाड़ी एवं संतोष कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में मनीष राज, खेल एवं संस्कृति विभाग, तकनीकी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

# बच्चों को दी गई नाव दुर्घटना से बचाव की जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के मिडिल स्कूल मेहदौली, मलहीपुर, चुरामनचक, चकदुल्लम, अतरुआ, कन्या महेशपुर सहित विभिन्न प्रारंभिक व उच्च विद्यालयों में बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षकों ने बताया कि बरसात में उफनाई नदियों में नाव डूबने से कई बहुमूल्य जानें चली जाती हैं, जिन्हें सावधानी बरतकर रोका जा सकता है।शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि नाव पर चढ़ने से पहले लदान क्षमता दर्शाने वाला सफ़ेद पट्टी का निशान देखें, वह डूबा तो नहीं है। ओवरलोडेड नाव पर न चढ़ें। बारिश के समय नाव यात्रा से बचें, छोटे बच्चों को अकेले नाव से यात्रा न करने दें। जर्जर और टूटी-फूटी नाव पर सवारी जानलेवा हो सकती है। नाव पर मवेशी न ले जाएं और चढ़ते-उतरते समय पूरी सावधानी बरतें। पानी में डूबने से बचाव के बारे में बताया गया कि डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए धोती, रस्सी, बांस या आसपास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। डूबे व्यक्ति को सावधानी से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दें और तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। मौके पर एचएम, अशोक, प्रकार रंजन राय, विवेक, गोपाल राय, प्रमोद, विश्वनाथ, शिक्षक सुमित कुमार भारती, विरदेव कुमार, सुमन, अजनीश, सलीम, ऋतु, शानू, नितेश, पूनम, प्रभात आदि मौजूद थे।

# एम.आर.एम. कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** एम.आर.एम. कॉलेज, दरभंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 द्वारा शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद का विषय 'पुस्तक तकनीक से बेहतर शिक्षक है' था। कार्यक्रम के संयोजक एवं एन.एस.एस. पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रिया ने इस विषय पर अपने विचार रखे और छात्राओं को पुस्तकों के महत्व एवं तकनीक के संतुलित उपयोग के बारे में बताया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमे इन छात्राओ ने अंजली, शरीन,




शालिनी, राज लक्ष्मी, स्मिता, मैथिली, ज्योति, श्रुती, पक्ष-विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में डॉ. अमित कुमार झा, डॉ. प्रकृति नेहा एवं डॉ. अनुपमा शामिल रहीं, जिन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनुपम प्रिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ममता कुमारी, डॉ. अंकिता, डॉ. नीलम सेन एवं डॉ. शाबली मित्रा एवं प्रिया कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# जनसुराज ने एमएलसी चुनाव की बनाई रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जन सुराज पार्टी की जिला कार्यालय में बैठक जिला अध्यक्ष डॉ. सोनू शंकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. सुरेश प्रसाद राय और स्नातक क्षेत्र से रवींद्र यादव को जिताने के लिए प्रखंड स्तर तक रणनीति बनाने का संकल्प लिया गया। प्रदेश महासचिव संजय गौतम ने कहा कि शिक्षकों को सातवां वेतन दिलाना, वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त कर समायोजन करना और सभी शिक्षक संगठनों को एकजुट करना जन सुराज का लक्ष्य है। स्नातक पास 10 हजार युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजद, भाजपा, जदयू ने जाति-धर्म में बांटकर बिहार को बर्बाद किया है। प्रशांत किशोर के नेतृत्व में पार्टी आठों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस दौरान बलिया के पूर्व मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष धर्मदेव सिंह, बखरी नगर महामंत्री संजय सिंह राठौर और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन सुराज की सदस्यता ली। मौके पर जिला महासचिव मजहर अली, रजनीश कुमार, तौकीर आलम, नीलकमल, किरण कुमारी, रुपम कुमारी, मटिहानी प्रमुख विश्वनाथ राय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान डफरपुर पंचायत के वृंदावन निवासी राममूर्ति सिंह एवं उसके पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि दोनों के विरुद्ध वीरपुर थाना कांड संख्या 53/17 में एससी-एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज है। मामले में दोनों नामजद आरोपी हैं। लंबे समय से दोनों न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे थे। इस कारण न्यायालय द्वारा दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

# ग्राम पंचायतों के विकास का रोडमैप तैयार करने की सिखाई गई प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिले में ग्राम पंचायतों के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 सितंबर को जिला परिषद सभा कक्ष में विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों तथा विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावी एवं व्यावहारिक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों को आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी) तैयार करने की प्रक्रिया, योजना निर्माण के विभिन्न चरणों, ग्राम पंचायत स्तर पर विकास की प्राथमिकताओं के निर्धारण, उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से ग्राम पंचायतों में



समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को योजना तैयार करते समय स्थानीय आवश्यकताओं एवं जमीनी परिस्थितियों को प्राथमिकता देने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण पर विशेष ध्यान देने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में सिक्योर 2.0 से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों को सिक्योर 2.0 के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा पोर्टल पर आवश्यक प्रविष्टियों एवं कार्यों के निष्पादन से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की तकनीकी जिज्ञासाओं एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी कनीय अभियंता एवं सभी पंचायत तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर नियोजन, तकनीकी रूप से सुदृढ़ योजना निर्माण तथा निर्धारित पोर्टल/प्रणाली के माध्यम से कार्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास से संबंधित योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण नियोजन एवं क्रियान्वयन के साथ-साथ तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

### ओबरा के कई तीर्थ स्थलों का अबतक नहीं हुआ विकास

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की अनदेखी के कारण प्रखंड क्षेत्र के कई तीर्थ स्थल उपेक्षित है। पर्यटन के तमाम कोरम को पूरा करने के बाद भी इन तीर्थ स्थलों का विकास नहीं किया जा सका है। ओबरा प्रखंड मुख्यालय से तीन किलोमीटर पर मनोरा स्थित भगवान बुद्ध का मंदिर हजरत सुलेमान कादरी की दरगाह पुनपुन नदी के तट पर शहीद जगतपति की हवेली खरांटी में अष्टभुजी काली मां का मंदिर सहित कई स्थल उपेक्षित है। जिससे पर्यटक एवं श्रद्धालु तो इन तीर्थ स्थलों को देखने आते है।

# स्कूली बच्चों ने रंगों से उकेरा 'विकसित भारत' का सपना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कुटुंबा प्रखंड के सभी मध्य विद्यालयों में शनिवार को 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विजन 2047: विकसित भारत' की मनमोहक तस्वीर प्रस्तुत की। मध्य विद्यालय अंबा और पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा में आयोजित मुख्य समारोह में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) दिलीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय के छात्र-



छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, भाजपा प्रवक्ता उज्जवल कुमार सिंह, पूर्व विधानसभा संयोजक जीतू तिवारी, कुटुंबा पंचायत के उप मुखिया सुनील कुमार, कुटुंबा पश्चिमी मंडल संयोजक सोनू मालाकार एवं कई पुरस्कारों से सम्मानित विद्यालय के प्रधान शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद साहू गरिमामयी उपस्थिति रही। ?प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति और भविष्य के आधुनिक भारत से जुड़ी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित शीर्ष तीन प्रतिभागियों को विधान पार्षद समेत अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चौखड़ा मध्य विद्यालय समेत प्रखंड के कुल 13 विद्यालयों में यह आयोजन बड़े पैमाने पर संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की भारी भागीदारी देखने को मिली। ?इस वृहद अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी की ओर से विभिन्न विद्यालयों में प्रभारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके तहत चितावन बिगहा मध्य विद्यालय में जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान व मंडल उपाध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय, कुसुमा बांसडीहा में पंचायत अध्यक्ष राजेश चौधरी, तुरता में मंतोष सिंह, पोला - गोड़ीहा में सड़ा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, सिंहपुर में प्रवीण कुमार व अमरेंद्र सिंह तथा कोझी उर्दू मध्य विद्यालय में नीरज मिश्रा ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम का सफल संचालन कराया।

# सिरिस में पिंडदान के लिए पहुंच रहे पिंडदानी, पुनपुन नदी घाट पर बढ़ी चहल-पहल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पितृपक्ष शुरू होते ही औरंगाबाद जिले के बारुण प्रखंड स्थित सिरिस पुनपुन नदी घाट पर पिंडदानियों के पहुंचने का सिलसिला तेज हो गया है। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और पितृऋण से मुक्ति की कामना लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु सिरिस पहुंच रहे हैं। सुबह से ही पुनपुन नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पिंडदान और तर्पण का दौर चल रहा है। इससे पूरा क्षेत्र धार्मिक वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गया में श्राद्ध और पिंडदान की यात्रा से पहले पुनपुन नदी के तट पर प्रथम पिंडदान करने की परंपरा रही है। इसी आस्था के कारण पितृपक्ष के दौरान सिरिस घाट पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ जुटती है। पिंडदानी पुरोहितों के मार्गदर्शन में विधि-विधान से पिंडदान, तर्पण और अन्य कर्मकांड संपन्न कर रहे हैं। इसके बाद कई श्रद्धालु गया की ओर रवाना होकर वहां पितरों का श्राद्ध पूरा करते हैं। पितृपक्ष के अवसर पर सिरिस पुनपुन नदी घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। दूर-दराज से आने वाले पिंडदानी अपने साथ पूजा सामग्री लेकर घाट पहुंच रहे हैं। पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पिंडदान की प्रक्रिया कराई जा रही है। श्रद्धालु नदी में स्नान और तर्पण के बाद अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक पिंड अर्पित कर रहे हैं।

# जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ ससमय करें पूरा : रमा निषाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री रमा निषाद की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में काराकट सांसद राजाराम सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा, गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा मौजूद रही। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, ग्रामीण कार्य, पशुपालन, श्रम संसाधन, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व एवं भूमि सुधार, वन, उद्योग, बाल विकास, नगर विकास एवं आवास सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की अद्यतन प्रगति से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खरीफ वर्ष 2026-27 में जिले में धान आच्छादन के लिए निर्धारित 1,76,000 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 1,67,309.23 हेक्टेयर में धान का आच्छादन किया गया है जो 95.06 प्रतिशत उपलब्धि है। प्रभारी मंत्री ने किसानों को उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता एवं फसल क्षति से संबंधित सहायता समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 09 नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के




नए विद्यालय भवन तथा 10 विद्यालयों में कुल 20 वर्गकक्ष निर्माण की स्वीकृति प्राप्त है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभिन्न छात्र कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत राशि डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के खातों में अंतरित की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 305 स्वास्थ्य उपकेंद्र, 64 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3 रेफरल अस्पताल, एक जिला अस्पताल तथा ए अनुमंडलीय अस्पताल कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एक एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय संचालित है। स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक सेवाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। जिला अस्पताल में 424 प्रकार की दवाओं की उपलब्धता दर्ज की। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के कुल 2,807 वार्डों में हर घर नल का जल योजना के तहत कार्य कराया जा रहा है। इनमें 660 वार्डों में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा 2,147 वार्डों में पंचायती राज विभाग के माध्यम से कार्य कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 2,411 बंद चापाकलों की सामान्य मरम्मती कराकर उन्हें चालू कराया गया है। जिले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित कुल 12,936 चापाकल हैं। वर्ष 2026-27 में नए चापाकल निर्माण के 29 के लक्ष्य के विरुद्ध 29 चापाकलों का निर्माण किया जा चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 1,296 योजनाएं स्वीकृत हैं जिनमें 930 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा 350 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। विभिन्न सड़क एवं पुल परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्कता को सुदृढ़ किया जा रहा है। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास योजनाओं की गुणवत्ता, नियमित अनुश्रवण एवं विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान देने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉ कृष्णा कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सोलर एनर्जी से स्वच्छ रहेगा पर्यावरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भखरुआं-औरंगाबाद रोड स्थित शार्पजेन इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष विकास कुमार, विवेकानंद मिशन स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार सिंह, सह निदेशक अद्यन्त वत्स, नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद कौशलेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता अश्विनी तिवारी, नव ज्योति शिक्षा निकेतन के निदेशक नीरज कुमार, संस्था के प्रबंध निदेशक रोशन सिंहा, मुकेश मिश्रा, राजेश कुमार सिन्हा, पंकज कुमार, विकास कुमार अजीत सिंह, डब्लू तिवारी, भाजपा नेता संजय शर्मा, राकेश पांडेय, इंजीनियर विकास यादव, राज किशोर राय एवं अन्य उपस्थित रहे। विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने कहा कि देश पारंपरिक ऊर्ज़ा से अब आगे बढ़ रहा है। सोलर एनर्जी एक ऐसा ऊर्ज़ा स्रोत है जिससे कार्बन का उत्सर्जन नहीं होता। इससे पर्यावरण स्वच्छ रहता है। एमडी रोशन सिंहा ने बताया कि घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की छत पर सोलर एनर्जी सिस्टम लगाएं, इससे पर्यावरण को भी लाभ होगा और घरों व दुकानों का बिजली बिल शून्य होगा। भारत सरकार के पीएम सूर्य घर योजना के तहत इस सोलर सिस्टम के इंस्टॉलेशन करने पर केंद्र और राज्य की सरकार सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है।

## कार से 182 पैकेट गांजा बरामद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम द्वारा अंबा में कार्रवाई करते हुए एक एसयूवी कार को पकड़ा गया। तालाशी के क्रम में गांजा के कुल 182 पैकेट बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान संबंधित एसयूवी कार को भी जब्त कर लिया गया है। बरामद गांजा एवं जब्त वाहन के संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन एवं उत्पाद विभाग द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**हत्या के आरोप में पति और सास गिरफ्तार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के देवरिया रामपुर गांव दूपथ शुक्रवार की देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अमित ठाकुर की 26 वर्षीय संध्या देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर लिया। मृतका के मायके वालों ने दहेज़ के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने मृतका के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र स्थित कंचनपुर गांव निवासी संजय ठाकुर ने कुटुंबा थाने में आवेदन देकर घटना की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में उनकी बेटी संध्या देवी की शादी कृष्ण ठाकुर के पुत्र अमित ठाकुर के साथ हुई थी। शादी के शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा लेकिन बाद में दहेज को लेकर विवाद होने लगा। संजय ठाकुर ने पुलिस को दिए आवेदन में दामाद अमित ठाकुर, सास सुशीला देवी, ससुर कृष्ण ठाकुर और देवर अंकित ठाकुर को नामजद आरोपी बताया है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर की देर शाम उनके दामाद अमित ठाकुर ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि संध्या की छत से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद संजय ठाकुर अन्य परिजनों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां घर के अंदर संध्या का शव पड़ा हुआ था। उनका कहना है कि संध्या की छत से गिरने से मौत नहीं हुई, बल्कि उसकी पीट-पीटकर और गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष चंद्रहास ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति अमित ठाकुर और सास सुशीला देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

## अवैध देसी कट्टा और कारतूस के साथ महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंबा पुलिस द्वारा देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाया गया था और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। जानकारी के अनुसार शनिवार को थानाध्यक्ष पवन कुमार को सूचना मिली कि हरिहरगंज से संडा होते हुए परता की ओर से एक महिला अवैध हथियार लेकर जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा तुरंत संडा मोड़ के पास एक संदिग्ध महिला की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में महिला के पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। तत्पश्चात बरामद हथियार को जब्त कर उक्त महिला को गिरफ्तार किया गया। मामले में महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि विधि-व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों और हथियारबाजी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक : आनंदिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संबंध में द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह आंतरिक परिवाद समिति अध्यक्ष आनन्दिता सिंह के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय महिला कर्मियों के लिए विधिक सेवा सदन में जागरूकता कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आवश्यक कानूनी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनन्दिता सिंह ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा एवं सम्मान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सम्मान किसी पद का मोहताज नहीं होता और सुरक्षा किसी का उपकार नहीं बल्कि प्रत्येक महिला का अधिकार है। इसी उद्देश्य से कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण के लिए संसद द्वारा वर्ष 2013 में कानून बनाया गया है। उन्होंने महिला कर्मियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होने पर आंतरिक परिवाद समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दिव्या वशिष्ठ ने कहा कि इस कानून का प्रमुख उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाव एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा एवं सम्मान को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रेरणा सिंह, न्यायिक पदाधिकारी गीतांजलि, न्यायिक पदाधिकारी शिवांगी तथा पैनल अधिवक्ता स्नेहलता सहित अन्य संबंधित सदस्य एवं महिला कर्मी उपस्थित रहीं।

## देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने शनिवार को नबीनगर रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ झारखंड के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान गढ़वा जिले के कांडी थाना अंतर्गत नारायणपुर निवासी विशाल कुमार और भौनाथपुर थाना क्षेत्र के बनखेता अरसली वार्ड-3 निवासी मनीष कुमार यादव के रूप में हुई है। आरपीएफ के अनुसार दोनों अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोरी गिरोह से जुड़े हैं और चोरी के दौरान पकड़े जाने से बचने के लिए हथियार रखते थे। आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक शिव शंकर सिंह यादव, आरक्षी संतोष कुमार मिश्रा एवं आरक्षी शैलेश कुमार शर्मा की टीम नबीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2/3 पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी और जांच कर रही थी। इसी दौरान दोनों युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। उनके कंधे पर पिट्ठू बैग था। पूछताछ के दौरान वे बैग में कुछ भी नहीं होने की बात कहने लगे। संदेह होने पर जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद आरपीएफ की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रभावी ढंग से संचालित करें स्वच्छता गतिविधियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी प्रखंड समन्वयकों के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रखंडवार योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की स्थिति की जानकारी ली गई। उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा लंबित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा के क्रम में योग्य लाभुकों के व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो। लंबित जियो टैगिंग कार्य की समीक्षा करते हुए विशेष अभियान चलाकर सभी लंबित मामलों में जियो टैगिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा कार्य की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नमस्ते योजना के अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों के लंबित सर्वेक्षण कार्य की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में सभी प्रखंड समन्वयकों को लंबित सर्वेक्षण कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड समन्वयकों को अपने-अपने प्रखंडों में लंबित कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा पात्र लाभुकों एवं संबंधित हितधारकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

## मॉड्यूलर ओटी की सुविधा से मरीजों को मिलेगी आधुनिक शल्य चिकित्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल परिसर में नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री रमा निषाद, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। लगभग 30.61 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। संक्रमण से बचाव के लिए यहां एचइपीए फिल्टर की व्यवस्था की गई है जिससे नेत्र, प्रसव, हड्डी आदि से संबंधित सर्जरी में संक्रमण के जोखिम को कम करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी की सुविधा उपलब्ध होने से अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर एवं आधुनिक शल्य चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी तथा उन्हें गंभीर अथवा आवश्यक ऑपरेशन के लिए दूरस्थ स्वास्थ्य संस्थानों पर निर्भरता कम होगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ कृष्ण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीएम स्वास्थ्य अनवर आलम उपस्थित थे।

## बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा कृषि इनपुट अनुदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बाढ़ से जिले के पांच प्रखंडों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति की स्थिति वाले किसानों को कृषि इनपुट अनुदान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। कृषि विभाग द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभावित प्रखंडों के चिह्नित पंचायतों के किसानों को डीबीटी के माध्यम से कृषि इनपुट अनुदान की राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए प्रभावित किसानों को कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने हेतु 29 सितंबर तक अवसर दिया गया है। जिले के दाउदनगर प्रखंड के कनाप पंचायत, हसपुरा प्रखंड के मलहारा, धूसरी, डुमरा, जैतपुर एवं डिंडिर पंचायत, गोह प्रखंड के बनतारा, हथियारा, उपहारा, हसामपुर, अमारी, बाजार वर्मा, मलहद, गोह, बेरका, तेयाप, मीरपुर, झिकटिया, दधपी, देवहरा, फाग, वर्मा खुर्द, डिहुरी, चापुक, बक्सर एवं भुरकुंडा पंचायत, रफीगंज प्रखंड के पौथु, ईटार, लट्टा, भदवा, कड़पा, बोर, कोटवारा, अरथुआ, सिहुली, चेंव एवं भेटनिया पंचायत तथा नवीनगर प्रखंड के मझिऔंव, केरेका, कंकेर, नाउर एवं मझियावां पंचायत के प्रभावित किसानों को योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत वर्षाश्रित (असिंचित) फसल क्षेत्र के लिए 8,500 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा सिंचित फसल क्षेत्र के लिए 17,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से कृषि इनपुट अनुदान देय है। एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर फसल क्षेत्र के लिए ही अनुदान का लाभ दिया जाएगा। असिंचित फसल क्षेत्र के लिए न्यूनतम एक हजार रुपये तथा सिंचित फसल क्षेत्र के लिए न्यूनतम दो हजार रुपये अनुदान निर्धारित है। यह योजना केवल किसान/किसान परिवार के लिए मान्य है। किसान परिवार में पति-पत्नी एवं उनके अवयस्क पुत्र-पुत्री को एक परिवार माना जाएगा तथा एक परिवार से एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। परिवार के विभाजन एवं पृथक परिवार की स्थिति में अलग-अलग आवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं, बशर्ते एक ही भूमि के लिए एक से अधिक आवेदन नहीं किया गया हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## विवेकानंद वीआइपी स्कूल के छात्रों ने रंगों से उकेरी विकसित भारत की परिकल्पना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विवेकानंद वीआईपी स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से अष्टम तक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरते हुए विकसित भारत की सुंदर परिकल्पना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, संतोष कुमार एवं जूनियर रेडक्रॉस के सचिव निरंजय कुमार ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने कहा कि बच्चों के सपनों में ही देश के भविष्य की तस्वीर छिपी होती है। 'मेरे सपनों का भारत' जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ यह सोचने का अवसर देती हैं कि वे अपने देश को किस रूप में देखना चाहते हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें उचित मंच प्रदान करना विद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि कला बच्चों की भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छ एवं सुंदर भारत, शिक्षा और तकनीक से सशक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रप्रेम जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। उनकी कलाकृतियों में देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशा, उत्साह और सकारात्मक सोच स्पष्ट रूप से झलकी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## बंदर के आतंक से किसान परेशान

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के जंगल तटीय इलाकों समेत समतली इलाकों में बंदर के आतंक से किसान परेशान हैं। किसान मेहनत, मजदूरी कर खेत में फसल उगाते हैं। फसल जब तैयार होने लगता है, फल-फूल लग जाता है तब बंदर जंगलों, पहाड़ों से गांव में पहुंच जाते हैं और खेतों में लगे साग सब्जियों और अन्य फसलों को खा जाते हैं जिससे किसानों का आर्थिक क्षति तो होता ही है साथ ही शारीरिक, मानसिक, मेहनत मजदूरी भी बेकार चला जाता है। चेई पंचायत के परेशान किसान रामजन्म महतो का कहना है कि बंदरों द्वारा खेतों में लगे फसलों को लगातार बर्बाद किया जा रहा है।

## दहेज हत्या सहित अन्य मामलों में 26 गिरफ्तार, एक रायफल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 13 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दहेज हत्या में दो, पोक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 16 लोगों की गिरफ्तार करने के साथ 10 लीटर देसी शराब एवं एक रायफल बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1236 वाहनों की जांच की गई जिसमें 77000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा पांच वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।